RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 340
नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



सीबीएसई संबद्ध सभी स्कूलों में होगी बाल वाटिका
राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# मोदी ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ छेड़ी जंग


## संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर मिशन लाइफ की शुरुआत

- ब्रिटेन, फ्रांस, अर्जेंटीना, मॉरिशस समेत कई देशों ने किया स्वागत, मुहिम को पूरे सहयोग का वादा
- प्रधानमंत्री ने कहा, भारत जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने को प्रतिबद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/केवड़िया

**अगले** महीने मिस्र में होने वाले संयुक्त राष्ट्र के जलवायु सम्मेलन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मिशन लाइफ की शुरुआत की। यह पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए एक वैश्विक कार्ययोजना है। गुजरात के केवड़िया में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस की उपस्थिति में प्रारंभ हुए इस मिशन का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी असर से पृथ्वी को बचाना है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मिशन लाइफ को भारत के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर महा अभियान करार दिया।

इस मिशन में जीवनशैली में बदलाव के लिए अनेक सुझाव हैं, जिन्हें जलवायु अनुकूल व्यवहार के तौर अपनाया जा सकता है। ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस, फ्रांस के राष्ट्रपति एमानुएल मैक्रों और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडिज समेत भारत के पड़ोसी देशों के राष्ट्रप्रमुखों ने भी इस मुहिम का स्वागत किया और इसे अपना पूरा सहयोग देने का वादा किया। ट्रस ने अपने बयान में कहा कि लोकतंत्र के रूप में अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने एवं ऊर्जा स्वतंत्रता का बचाव करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि इस मुहिम में फ्रांस भारत के साथ मिलकर काम करेगा। अभियान को अपना सहयोग देते हुए मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्राविंद जुगनॉथ ने कहा कि पीएम मोदी द्वारा शुरू किए गए मिशन लाइफ को वह पूरा समर्थन देते हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से कहा कि वे कम इस्तेमाल, दोबारा इस्तेमाल और पुनर्चक्रण और सर्कुलर इकोनॉमी (ऐसी अर्थव्यवस्था जिसमें संसाधनों की बर्बादी को न्यूनतम किया जाता है) के सिद्धांतों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मिशन लाइफ लोगों के अनुकूल ग्रह के विचार को मजबूत करेगा। इसका उद्देश्य स्थाई आदर्श



केवड़िया में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

पर्यावरण के लिए लोगों के रुख को तीन रणनीतियों की ओर मोड़ना है जिनमें व्यक्तियों द्वारा अपनी दिनचर्या में सामान्य, लेकिन प्रभावी पर्यावरण अनुकूल आचरण का अनुपालन करना, उद्योगों और बाजार को बदलती मांग (आपूर्ति) के तहत बदलाव करने में सक्षम बनाना और सरकार एवं औद्योगिक नीतियों को प्रभावित करना है, ताकि वे स्थाई उपभोग एवं उत्पादन (नीति) का समर्थन करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन लाइफ का मंत्र पर्यावरण के लिए जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों की धरती को बचाने की शक्ति जुड़ेगी और उन्हें बताएगी कि संसाधनों का कैसे बेहतर इस्तेमाल किया जा सकता है। मोदी ने कहा कि मिशन लाइफ जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई को लोकतांत्रिक बनाएगा जिसमें प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार योगदान कर सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में सालाना प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन महज 1.5 टन है, जबकि वैश्विक औसत चार टन प्रति वर्ष है। इसके बावजूद भारत, जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक समस्याओं को सुलझाने के लिए काम कर रहा है। मोदी ने कहा कि आज हम पवन ऊर्जा उत्पादन में चौथे और सौर ऊर्जा उत्पादन में पांचवें स्थान पर हैं। भारत की नवीनीकरण ऊर्जा क्षमता गत सात-आठ सालों में 290 प्रतिशत बढ़ी है। हमने तय समय सीमा से नौ साल पहले ही 40 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता गैर जीवाश्म स्रोतों से करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि हमने पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथनॉल मिलाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है और वह भी तय समयसीमा से पांच महीने पहले। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के जरिए भारत ( शेष पेज 8 )

# राजधानी में प्रचार चाहिए या विकास, लोग तय करें: शाह

- केंद्रीय गृह मंत्री ने नगर निगम चुनाव को लेकर केजरीवाल सरकार पर बोला तीखा हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच सियासी घमासान जारी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र के तेहखंड में बने वेस्ट टू एनर्जी (कचरे से ऊर्जा) प्लांट का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने केजरीवाल सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह दिल्ली वालों को तय करना है कि उनका विकास की राजनीति चाहिए या प्रचार की। उन्हें भ्रष्टाचार की राजनीति चाहिए या पारदर्शिता की।

अमित शाह ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल को लगाता है कि विज्ञापन से विकास होता है, लेकिन लोगों को ज्यादा दिन तक इस भ्रम में नहीं रखा जा सकता है। आम आदमी पार्टी लोगों को आप निर्भर बनाना चाहती है, लेकिन भाजपा आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार ने पूर्व के तीन नगर निकायों के साथ सौतेला व्यवहार किया। दिल्ली सरकार दिल्ली नगर निगम का 40 हजार करोड़ रुपये बकाया नहीं देना चाहती है। आप सरकार ने एमसीडी के साथ सौतेला व्यवहार ( शेष पेज 8 )


दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

## 15 साल सत्ता में रहकर बहाने न बनाए भाजपा : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आरोपों पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव में लोगों को यह तय करना है कि उन्हें कूड़े की दिल्ली चाहिए या साफ सुथरी दिल्ली चाहिए। भाजपा को एमसीडी को 15 साल तक चलाने में अपनी नाकामी के लिए बहाना नहीं बनाना चाहिए। अरविंद केजरीवाल ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि 15 साल से जो काम आप नहीं कर पाए, अब आपको तीन साल और चाहिए। जनता आप पर भरोसा क्यों करे। आप रहने दीजिए। आपसे नहीं होगा। अब वह दिल्ली को कूड़ा मुक्त करके दिखाएंगे। वह यहां एमसीडी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शाह द्वारा उनकी पार्टी पर लगाए गए आरोपों का जवाब दे रहे थे।

# कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव बाद थरूर पर मिस्त्री का वार

- चुनाव में अनियमितताओं के आरोपों पर पत्र लिख दिया कड़ा जवाब, बोले थरूर के दो चेहरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष पद के चुनाव संपन्न होने के बाद पार्टी में अंदरूनी लड़ाई सतह पर आ गई है। कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री ने पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव में उम्मीदवार रहे शशि थरूर पर दो तरह की बातें करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह हमारे सामने कुछ और कहते और मीडिया के सामने कुछ और। थरूर की टीम द्वारा उत्तर प्रदेश में अत्यंत गंभीर अनियमितताओं का मुद्दा उठाए जाने के बाद बृहस्पतिवार को जवाबी पत्र लिखा और थरूर एवं उनकी टीम पर निशाना साधते हुए कहा कि तिल का ताड़ बनाने का प्रयास किया गया है।

मिस्त्री ने थरूर के मुख्य चुनाव एजेंट रहे सलमान सोज को जवाबी पत्र लिखा है। सोज ने ही पत्र लिखकर चुनाव प्रक्रिया और खासकर उत्तर प्रदेश के संदर्भ में गंभीर सवाल खड़े किए थे। सूत्रों के अनुसार, मिस्त्री ने थरूर के मुख्य चुनाव एजेंट रहे सलमान सोज को लिखे जवाबी पत्र में कहा कि आपकी हर शिकायत पर हमने आपको अपने जवाब से संतुष्ट किया। आपने सहमति और संतोष प्रकट किया।

इसके बावजूद आपने हमारे संज्ञान में लाने से पहले इन बिंदुओं को मीडिया में उठा दिया। उन्होंने कहा कि आपने यह भाव पैदा करने के लिए तिल का ताड़ बनाने का प्रयास किया कि पूरी प्रक्रिया आपकी उम्मीदवारी के प्रति निष्पक्ष नहीं थी। मिस्त्री ने कहा कि मुझे यह कहते हुए दुख होता है कि आपने एक चेहरा हमारे सामने यह कहते हुए दिखाया कि हमारे जवाब एवं कदमों से आप संतुष्ट हैं, फिर दूसरा चेहरा मीडिया में दिखाया, जिसके ( शेष पेज 8 )

## क्रिकेट टीम के पाक जाने पर गृह मंत्रालय लेगा फैसला, उम्मीद कम



**भाषा।** नई दिल्ली

**खिलाड़ियों** की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान में 2023 एशिया कप में भाग लेने के बारे में फैसला गृह मंत्रालय करेगा हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय टीम के जाने की संभावना लगभग नहीं है। एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष और भारतीय बोर्ड के सचिव जय शाह ने कल कहा था कि भारतीय टीम एशिया कप खेलने पाकिस्तान नहीं जाएगी और तटस्थ स्थान पर टूर्नामेंट खेलेगी। इस पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चेताया था कि ऐसा होने पर 2023 में ( शेष पेज 8 )

# पटाखों के बजाय मिठाई पर खर्च करें पैसा : सुप्रीम कोर्ट

- भाजपा सांसद मनोज तिवारी की याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने बृहस्पतिवार को भाजपा सांसद मनोज तिवारी की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध के खिलाफ तत्काल सुनवाई की मांग की गई थी। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस एमआर सुंदरेश की बेंच ने तत्काल उल्लेख पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि कृपया लोगों को ताजी हवा में सांस लेने दें, जश्न मनाने के और भी कई तरीके हैं।

उन्होंने कहा कि पटाखों की बजाय मिठाई पर पैसा खर्च करें। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी ऐसे समय आई जब एक दिन पहले ही दिल्ली सरकार ने पटाखों की बिक्री,



भंडारण और यहां तक पटाखे जलाने पर भी जेल की सजा का प्रावधान किया है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने याचिका दाखिल की थी।

न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने दिल्ली में सभी तरह के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और आतिशबाजी पर एक जनवरी, 2023 तक पूरी तरह रोक के लिए 14 सितंबर को दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) द्वारा जारी निर्देश को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया। पीठ ने मनोज तिवारी के वकील से कहा कि लोगों को आतिशबाजी के बजाय अपना पैसा मिठाई पर खर्च करना चाहिए। इस बीच, दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी इसी तरह की एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने पटाखों से संबंधित मुद्दों के उच्चतम न्यायालय के समक्ष विचाराधीन होने के मद्देनजर बृहस्पतिवार को पटाखा कंपनियों द्वारा दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

इस याचिका में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) द्वारा सभी प्रकार के पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने को चुनौती दी गई है। व्यापारियों ने त्योहारों के दौरान केवल हरित पटाखे खरीदने, बेचने और भंडारण करने की अनुमति दिए जाने का आग्रह किया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि उसके लिए इस तरह के मामले पर स्वतंत्र रूप से गौर करना उचित नहीं है, क्योंकि यह मुद्दा शीर्ष अदालत का ध्यान आकर्षित करने वाला प्रतीत होता है।

# गुरुग्राम स्कूल में नाबालिग की हत्या के आरोपी को मिली जमानत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने 2017 में हरियाणा के गुरुग्राम के एक निजी स्कूल में सात साल के बच्चे की कथित हत्या करने वाले उस युवक को बृहस्पतिवार को अंतरिम जमानत दे दी, जिसके बारे में किशोर न्याय बोर्ड ने तीन दिन पहले फैसले दिया था कि इस मामले में उस पर वयस्क के तौर पर मुकदमा चलाया जाएगा।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में यह घटना पांच साल पहले हुई थी, तब आरोपी की उम्र 16 साल थी। न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी की पीठ ने कहा कि सुनवाई पूरी होने तक आरोपी को लगातार हिरासत में रखने से उस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। पीठ ने कहा, तदनुसार, अंतरिम राहत की अर्जी स्वीकार की जाती है और इस अदालत के अगले आदेश तक याचिकाकर्ता (अपीलकर्ता) को सत्र न्यायाधीश गुरुग्राम द्वारा लगाई गई शर्तों के आधार पर जमानत पर रिहा किया जा सकता है। न्यायालय ने



कहा, हालांकि, याचिकाकर्ता-अपीलकर्ता को लगातार एक परिवीक्षा अधिकारी या सत्र न्यायाधीश द्वारा नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति की निगरानी में रहना होगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि याचिकाकर्ता और उसके माता-पिता से यह अपेक्षा की जाएगी कि वे मामले की सुनवाई में बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे और मामले के किसी भी गवाह से संपर्क करने या संवाद करने की कोशिश नहीं की जाएगी। पीठ ने कहा कि अगर याचिकाकर्ता के व्यवहार में कोई कमी आती है तो परिवीक्षा अधिकारी सत्र न्यायाधीश को इसकी सूचना देने के लिए स्वतंत्र होगा और वह (सत्र न्यायाधीश) शीर्ष अदालत को यह सूचना भेजेगा। पीड़ित परिवार की ओर से पेश होने वाले अधिवक्ता ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,202 | ↑ 95 | |
| निफ्टी | 17,563 | ↑ 51 | |
| सोना | 50,516 | ↓ 66 | /10g |
| चांदी | 56,451 | ↑ 101 | /kg |

## क्विक न्यूज

### चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण अगले साल जून में

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अगले साल जून में चंद्रयान-3 केप्रक्षेपण की योजना बनाई है जो भविष्य में चांद की सतह पर खोज के लिहाज से महत्वपूर्ण अभियान है। अंतरिक्ष एजेंसी ने अगले साल की शुरुआत में देश के पहले मानव अंतरिक्ष यान गगनयान के लिए एबॉर्ट मिशन की पहली परीक्षण उड़ान की तैयारी भी की है। इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, चंद्रयान-3 (सी-3) मिशन को प्रक्षेपण यान मार्क-3 के जरिए अगले साल जून में प्रक्षेपित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एबॉर्ट मिशन और मानवरहित परीक्षण उड़ान की सफलता के बाद इसरो की योजना 2024 के अंत तकभारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को कक्षा में भेजने की है।

# ब्रिटिश प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने दिया त्यागपत्र

- अपने खिलाफ खुली बगावत के बाद पद छोड़ने पर हुईं मजबूर, प्रधानमंत्री की दौड़ में अब ऋषि सुनक सबसे आगे

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन** की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने कंजरवेटिव पार्टी में अपने नेतृत्व के खिलाफ खुली बगावत के बाद बृहस्पतिवार को पार्टी नेता के पद से इस्तीफे की घोषणा की।

ट्रस ने कहा कि वह पिछले महीने उन्हें मिले जनादेश का पालन नहीं कर पा रहीं और इस तरह केवल 45 दिन में लंदन स्थित 10 डाउनिंग स्ट्रीट में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया।



निवर्तमान प्रधानमंत्री ट्रस (47) टोरी पार्टी द्वारा उनके उत्तराधिकारी का चुनाव होने तक कामकाज देखती रहेंगी। कंजरवेटिव पार्टी के नेता का चुनाव अगले सप्ताह तक पूरा किया जा सकता है।

ट्रस के साथ चुनाव में उनके प्रतिद्वंद्वी रहे ऋषी सुनक को अब प्रधानमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है लेकिन आपस में बंटी हुई टोरी पार्टी में अभी तक इस लिहाज से ( शेष पेज 8 )


# जल्दबाजी में शुरू की वंदे भारत ट्रेन, खामियां उजागर

- दिल्ली-ऊना ट्रेन के हिसाब से नहीं बन पाया आनंदपुर साहिब स्टेशन का प्लेटफॉर्म
- गाड़ी के छह कोच लगते हैं प्लेटफॉर्म से बाहर, यात्रियों के साथ हादसा होने का अंदेशा

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**देश** की सबसे उच्च श्रेणी की ट्रेनों में शुमार वंदे भारत ट्रेन को चुनावी राज्य हिमाचल प्रदेश में निश्चित समय से शुरू करने के दबाव में रेलवे अधिकारी पंजाब के आनंदपुर साहिब स्टेशन पर महत्वपूर्ण तथ्य पर गौर करने में विफल रहे हैं। आनंदपुर साहिब के स्टेशन पर प्लेटफॉर्म की लंबाई कम होने के कारण ट्रेन की छह बोगियां (कोच) प्लेटफॉर्म के बाहर खड़ी होती हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा होने के साथ चढ़ने और उतरने में दुर्घटना होने की आशंका रहती है।

इस संबंध में स्टेशन अधिकारियों को पिछले दो दिनों में उन यात्रियों की शिकायत और गुस्से का भी सामना करना पड़ा जो खुद को जोखिम में डाल कर ट्रेन में सवार हो रहे हैं या उतर रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि प्लेटफार्म छोटा होने के कारण प्रतिष्ठित वंदे भारत ट्रेन (संख्या 22447) के छह कोच उससे बाहर लगते हैं। ट्रेन स्टेशन पर सिर्फ दो मिनट के लिए रुकती है, यह ट्रेन दरवाजे बंद होने के बाद चलती है। वंदे भारत एक्सप्रेस 16 कोचों की ट्रेन है जिसमें एग्जीक्यूटिव क्लास और चेयर कार कोच शामिल हैं। नई दिल्ली से अंदौरा के लिए 19 अक्टूबर से शुरू हुई यह ट्रेन अंबाला, चंडीगढ़, आनंदपुर साहिब और ऊना में ठहराव के साथ नई दिल्ली से अंदौरा के बीच




चलने वाली ट्रेन ने स्थानीय स्टेशन अधिकारियों और डिवीजन को बड़ी तकनीकी खामियों के बारे में पता चला है। वंदे भारत ट्रेन संख्या 22447/22448 के 16 डिब्बों की लंबाई लगभग 384 मीटर है जबकि प्लेटफॉर्म की लंबाई 250 मीटर है, जिसके कारण छह डिब्बे प्लेटफार्म से बाहर रहते हैं। एक स्थानीय रेलवे कर्मचारी ने कहा कि यह दूसरा दिन है जब वंदे भारत ट्रेन के ठहराव और संचालन में बड़ी तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों को अपनी जान जोखिम में डालकर पटरियों पर जाना पड़ रहा है जो खतरनाक है। नाम नहीं छापने के अनुरोध पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारतीय रेलवे ने आनंदपुर साहिब स्टेशन पर तकनीकी खराबी को स्वीकार किया है और अब इस समस्या समाधान के लिए जल्द से जल्द प्रयास कर रहा है।

अधिकारी ने बताया कि ऐसे में जब प्लेटफॉर्म के विस्तार में समय लगेगा तब तक इस विशेष ट्रेन के लिए आनंपुर साहिब के यात्रियों को प्लेटफॉर्म की लंबाई के अनुसार ही आरक्षण दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने 13 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी। यह देश में शुरू की जाने वाली वंदे भारत श्रृंखला की चौथी ट्रेन है। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, वहीं पंजाब के आनंदपुर साहिब धार्मिक स्थल है।

# एक्सप्रेस-वे की मरम्मत अधूरी, फिर जुर्माना

## 6 महीने में पूरा होना था काम, अब तक सवा तीन करोड़ की पेनॉल्टी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा की लाइफ लाइन एक्सप्रेस वे की री-सरफेसिंग का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। प्राधिकरण ने सीएस इंफ्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी एक करोड़ रुपए का और जुर्माना लगाया।

कंपनी पर अब तक तीन करोड़ 27 लाख रुपए का जुर्माना लग चुका है। साथ ही, प्राधिकरण ने एक्सप्रेस वे की मरम्मत का काम 30 नवंबर 2022 तक पूरा करने की अंतिम डेडलाइन तय की है।

62 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की जानी है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे की मरम्मत का काम सीएस इंफ्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही है। कंपनी ने मरम्मत करने का काम जनवरी 2021 में शुरू किया था। यह काम दो जून 2021 तक पूरा होना था, लेकिन अभी तक यह अधूरा है। इस बीच नौ डेडलाइन निकल गई और जुलाई में 10वीं डेडलाइन 30 सितंबर तय की गई थी। इस डेडलाइन तक भी कंपनी काम पूरा नहीं कर सकी, इसलिए एक करोड़ रुपए का और जुर्माना लगाया गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि नोएडा.ग्रेनो एक्सप्रेसवे का नोएडा के हिस्से में करीब 20 किलोमीटर का एरिया आता है। ऐसे में आने.जाने के हिस्से को मिलाकर 40 किलोमीटर का एरिया है। मरम्मत को दोनों चरणों में पूरा किया जाना है। पहले चरण का काम पूरा हो चुका है। दूसरे चरण में 40 में से करीब 15 किलोमीटर हिस्से में मरम्मत का काम बचा है। ये एक्सप्रेस वे आगरा और लखनऊ को जोड़ता है। दिल्ली नोएडा से रोजाना करीब 10 लाख से ज्यादा वाहन से निकलते है। इनको यहां जाम झेलना पड़ रहा है। अभी इस एक्सप्रेस वे की अधिकतम स्पीड 100 किमी प्रतिघंटा है। लेकिन सर्दी के मौसम में इसकी स्पीड लिमिट को घटाकर 80 किमी प्रतिघंटा कर दिया जाएगा।



फाइल फोटो

### इस तरह बढ़ी डेडलाइन

- 2 जून 2021
- 30 जून 2021
- 31 जुलाई 2021
- 30 सितंबर
- 31 दिसंबर 2021
- 30 जनवरी 2022
- 31 मार्च 2021
- 30 अप्रैल 2021
- 30 जून, 30 सितंबर, 30 नवंबर 2022

# ग्रेनो वेस्ट की कई सोसाइटी में बिजली आपूर्ति बाधित

**ग्रेप नियम बना मुसीबत**

पायनियर समाचा सेवा। नोएडा

'फाल्ट दुरुस्त करने के पश्चात बिजली आपूर्ति को बहाल कर दिया गया है।'
- सारनाथ गांगुली, वाइस प्रेसिडेंट, एनपीसीएल

दीवाली पूर्व ही दिल्ली एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ग्रेप का दूसरा चरण लागू हो गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को इसे सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

दूसरे चरण लागू होने के चलते सोसायटियों में डीजल जेनरेटर के संचालन पर भी रोक लग गई है, लेकिन सोसायटियों में बिजली की आपूर्ति करने वाली नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड एनपीसीएल की उदासीनता सामने आई है। ग्रेप का दूसरा चरण लागू होने के बावजूद बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट सेक्टर एक की करीब 12 से अधिक सोसायटियों में ढाई घंटे बिजली की आपूर्ति बाधित रही। उसके बाद भी बिजली की आंखमिचौली का खेल चलता रहा। नियम के मुताबिक केवल आपात सेवाओं के लिए ही डीजल जेनरेटर का संचालन किया जा सकता हैए लेकिन नियमों को दरकिनार कर सोसायटियों में डीजल जेनरेटर से बिजली की आपूर्ति की जाती रही। ग्रेप नियम इस साल एक अक्टूबर को ही लागू हो गया है। बावजूद इसके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ग्रेप को लेकर कोई रणनीति अख्तियार नहीं की है। ऐस सिटी, स्टेलर जीवन, अरिहंत आर्डेन, हवेलिया वेलेंसिया, सुपरटेक इकोविलेज एक, पंचशील हायनिश, पैरामाउंट इमोशंस, देविका होम्स आदि। ऐस सिटी व स्टेलर जीवन सोसायटी के समीप लाइन में फाल्ट आने की वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई थी।

# ग्रेनो में भी बन सकता है लुलू ग्रुप का मॉल

- ग्रेनो प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी से मिले कंपनी के प्रतिनिधि

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में भी लखनऊ की तर्ज पर जल्द ही लुलू ग्रुप का मॉल बन सकता है। फूड प्रोसेसिंग व मॉल बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी लुलू ग्रुप ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से जमीन उपलब्ध कराने की मांग है। बृहस्पतिवार को कंपनी के प्रतिनिधियों ने सीईओ ऋतु माहेश्वरी से मुलाकात की और अपनी परियोजना से अवगत कराया।

ग्रेटर नोएडा सिर्फ औद्योगिक ही नहीं, बल्कि वाणिज्यिक गतिविधियों के प्रमुख केन्द्र के रूप में उभर रहा है। ग्रेटर नोएडा व ग्रेनो वेस्ट की आबादी भी बहुत तेजी से बढ़ रही है। इस मौके को भुनाने के लिए वाणिज्यिक निवेशक यहां निवेश करने के लिए बहुत इच्छुक हैं। इन निवेशकों में लुलू ग्रुप का भी जुड़ने जा रहा है। लुलू ग्रुप ग्रेटर नोएडा में विश्वस्तरीय मॉल बनाना चाह रहा है।

इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से जमीन मांगी है। बृहस्पतिवार को कंपनी के प्रतिनिधियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी से मुलाकात की और अपने प्रोजेक्ट के बारे में बताया। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि इस मॉल को बनाने में वे करीब 1500 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे और करीब 6000 युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। अगर अप्रत्यक्ष रोजगार को भी जोड़ लें, तो यह संख्या और भी अधिक हो जाएगी। बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने कंपनी प्रतिनिधियों को ग्रेटर नोएडा के मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर व आगामी विकास परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही आवंटन व प्राधिकरण के पेमेंट प्लान की जानकारी से भी अवगत कराया। उन्होंने प्राधिकरण की तरफ से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

इस बैठक में प्राधिकरण की तरफ से सीईओ रितु माहेश्वरी एसीईओ आनंद वर्धन, ओएसडी संतोष कुमार व महाप्रबंधक नियोजन सुधीर के अलावा कंपनी की तरफ से एग्जिक्यूटिव डाइरेक्टर अशरफ अली, डाइरेक्टर आनंद राम, सीईओ निशाद एमए, सीओओ रजत राधाकृष्णन, सीईओ नजमुद्दीन, रीजनल मैनेजर फहाज, रीजनल डाइरेक्टर जय कुमार शामिल रहे। बता दें कि ग्रेटर नोएडा में लुलू ग्रुप का यह दूसरा प्रोजेक्ट है। कंपनी इससे पहले ईकोटेक.10 में देश का सबसे बड़ा फूड पार्क बना रही है। यह फूड पार्क 20 एकड़ एरिया में करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है।

# नोएडा पुलिस से मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरों को लगी गोली, गिरफ्तार

- कुछ दिन पहले पुलिस गिरफ्त से भागा बदमाश भी धरा गया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के नोएडा में पुलिस ने हथियार के बल पर कार लूटने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। थाना रबूपुरा पुलिस द्वारा चलाई गई गोली दोनों बदमाशों के पैर में लगी है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के नाम दानिश तथा अब्दुल सलाम हैं। उन्होंने बताया कि इन बदमाशों ने 10 अक्टूबर को थाना रबूपुरा क्षेत्र से मनजीत पंडित नामक व्यक्ति के साथ मारपीट कर हथियार के बल पर उसकी कार लूट ली थी। उधर, एक अन्य घटनाक्रम में थाना फेस- वन की हवालात से दो दिन पूर्व भागे गांजा तस्कर को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि दो दिन पहले गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार भीष्म शौच के बहाने भाग गया था, जिसके कारण पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि भीष्म को दोबारा गिरफ्तार किया गया है।


मुठभेड़ के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी।

**गौतम बुद्ध नगर में खड़े कैंटर में घुसी कार**

# गाड़ी में फंसने से चालक की मौत गैस कटर से काटकर निकाला शव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में सूरजपुर थाना क्षेत्र में एक क्रेटा गाड़ी अनियंत्रित होकर खड़े कैंटर में पीछे से जा घुसी। गाड़ी उसी में फंस गई और उसके परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार में सवार चालक की फंसकर मौत हो गई।

पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से करीब दो घंटे में गाड़ी को काटकर चालक के शव को बाहर निकाला गया। हादसा सूरजपुर थाना क्षेत्र के तिलपता चौक के पास हुआ है। दादरी के गंगाविहार कॉलोनी का रहने वाला सुमित 25 अपनी क्रेटा कार से ग्रेटर नोएडा की तरफ जा रहा था, लेकिन जैसे ही वह तिलपता चौक के पास पहुंचा। उसकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और साइड में खड़े हुए कैंटर में पीछे से जा टकराई और गाड़ी उसी में ही फंस गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गाड़ी की स्पीड बहुत ज्यादा थी। बहुत तेजी में वह आ रही थी। फिर उसने बैलेंस खो दिया और कैंटर में पीछे से घुस गई। हादसे में गाड़ी में सवार सुमित की मौत हो गई। वह गाड़ी के अंदर ही फंस गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से गैस कटर से गाड़ी को काटकर शव को बाहर निकाला। शव को बाहर निकालने में पुलिस को करीब 2 घंटे का समय लगा। सूरजपुर थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। गैस कटर से गाड़ी को काटकर शव को बाहर निकाला गया है। परिजनों को सूचित किया गया है।

# वेंडिंग जोन के नाम पर रखे खोखे नगर निगम ने किए जब्त

**गाजियाबाद।** वेंडिंग जोन के नाम पर शहर में जीडीए ऑफिस के पास लोहे के खोखे रख दिए गए। इसकी सूचना मिलने के बाद नगर निगम ने रात में एक्शन लिया और खोखों को जब्त कर लिया।

यह कार्रवाई सिटी जोनल प्रभारी गजेन्द्र सिंह की अगुवाई में हुई। दरअसल नगर निगम प्रशासन को सूचना मिली थी कि नवयुग मार्केट में जीडीए ऑफिस के पास किसी ने लोहे के खोखे रख दिए हैं। इंदौर से लौटे नगरायुक्त को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने सिटी जोनल प्रभारी को इस पर एक्शन लेने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त के निर्देश पर बीती रात नगर निगम प्रशासन ने एक्शन लिया और इन सभी खोखों को मौके से उठा कर जब्त कर लिया। निगम का कहना है कि यह कार्रवाई रात में करीब 11 बजे शुरू हुई।

# संक्षिप्त समाचार

### दिवाली स्पेशल बस सेवा शुरू

**नोएडा।** दिवाली और अन्य त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए 30 अक्टूबर तक अलग-अलग रूट पर स्पेशल बसें चलाई जाएंगी। नोएडा डिपो से इन बसों की सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश रोडवेज की ये स्पेशल बस सेवा सुबह पांच बजे से यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) एनपी सिंह ने बताया कि डिपो की सभी 144 बसों को दिवाली के लिए तैयार रखा गया है। जिस रूट पर ज्यादा भीड़ होगी, वहां बसें अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। उन्होंने बताया कि यात्रियों के लिए दो पूछताछ केंद्र भी बनाए गए हैं।

### दादरी में रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिला

**नोएडा।** दादरी थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर बृहस्पतिवार सुबह एक युवक का शव मिला। युवक के परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) विशाल पांडे ने बताया कि गांव बील अकबरपुर के रहने वाले जितेंद्र भाटी (27) का शव बृहस्पतिवार सुबह अजायबपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर मिला। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पांडे ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि युवक का उसके ससुराल पक्ष के लोगों से विवाद था। उसके परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सही तथ्यों का पता चलेगा। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

### आईएमएस में दीपोत्सव का आयोजन

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा में दीपोत्सव का आयोजन हुआ। बृहस्पतिवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्टाफ एवं फैकल्टी के लिए रंगोली प्रतियोगिता, लोक नृत्य, लोक गीत के साथ.साथ दिवाली हाट भी लगाया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान आईएमएस के प्रसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता, निदेशिका डॉ कुलनीत सूरी, डीन मेजर नुपुर गुप्ता के साथ सभी स्टाफएवं फैकल्टी अपनी मौजूदगी दर्ज करायी। स्टॉफ, फैकल्टी एवं छात्रों को उनके सुखद एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए संस्थान के प्रेसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार दीपावली हम सभी के जीवन में खुशियां एवं उन्नति लाए। वहीं आईएमएस की निदेशिका डॉ कुलनीत सूरी इस दिवाली सभी से पर्यावरण अनुकूल एवं प्रदूषण रहित दीपोत्सव मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सभी दिवाली के मौके पर मिट्टी के दिए जलाकर अपनी.अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के साथ खुशियों का इजहार करें।

### पुलिस चेकपोस्ट पर दिनदहाड़े कारोबारी से लूट

**गाजियाबाद।** नागद्वार पुलिस चेकपोस्ट पर बृहस्पतिवार दोपहर करीब तीन बजे पल्सर सवार दो लुटेरों ने दवा कारोबारी की दो तोले सोने की चेन लूट ली। भागते हुए लुटेरे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। दिनदहाड़े हुए चेकपोस्ट पर हुई लूट से सुरक्षा.व्यवस्था की पोल खुल गई। राजनगर में आयुर्वेदिक दवाओं के कारोबारी राजीव सरदाना परिवार के साथ रहते हैं। बृहस्पतिवार दोपहर में वह नागद्वार पर दोस्त सुशील चौहान से मिलने आए। दोपहर करीब तीन बजे वह उनके कार्यालय से बाहर निकले। नागद्वार के कोने पर समोसा खाने के लिए दुकान पर जाने लगे। इस बीच पल्सर सवार दो लुटेरों ने उनके गले से सोने की चेन लूट ली। उन्होंने शोर मचाया लेकिन लुटेरे फर्राटा भरते हुए फरार हो गए। उन्होंने मामले की पुलिस को शिकायत दी। राजीव सरदाना ने बताया कि लुटेरे भागते समय पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। उसमें दोनों लुटेरे भागते हुए दिख रहे हैं। उसमें दिख रहा है कि नागद्वार पर काफी भीड़ है।

### बिहार जुडिश्यरी की टॉपर सम्मानित




**नोएडा।** बिहार जुडिश्यरी में पहला स्थान प्राप्त होने पर राहुल आईएएस अकादमी मे भावना नंदा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अकादमी के प्रमुख राहुल यादव ने कहा कि कड़ी मेहनत से भावना नंदा ने पहला स्थान हासिल किया है अगर लगन हो और कड़ी मेहनत करे तो सफ़लता मिलती है । इस मौके पर भावना नंदा ने कहा कि उन्होंने कानून की पढ़ाई के दौरान ही जुडिश्यरी में जाने का फैसला किया था। इस दौरान गोमा गुप्ता, डा. निधि मुतरेजा और नीरज शर्मा ने भावना नंदा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस पीढ़ी के लिए भावना का पक्का इरादा और कड़ी मेहनत एक बेहतरीन उदाहरण है ।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुकेश चंद, प्रशांत निगम, गीता देवी, केबिन नंबर 202, कोस्ट गार्ड एकोमोडेशन, सेक्टर-24, नोएडा, उत्तर प्रदेश, खाता नंबर - LBAGR00004711594 | मकान नंबर 163, प्लॉट नंबर 163 पर निर्मित, तुलसी बजट विला, मौजा पाथोली, सदर तहसील, आगरा, उत्तर प्रदेश | 03-09-2022 रू. 29,67,712/- | 03-06-2022 |
| 2. | प्रमोद कुमार, चांदनी, 1848, न्यू पन्नापुरी, हापुड़, उत्तर प्रदेश, खाता नंबर - LBMRT00004181993 | पुराना म्युनिसिपल नंबर 1464, नया म्युनिसिपल नंबर 735, मोहल्ला ओल्ड पन्नापुरी, हापुड़, उत्तर प्रदेश | 03-09-2022 रू. 8,93,849/- | 08-06-2022 |
| 3. | राजेन्द्र कुमार पटेल, जूही पटेल, अमित राजेन्द्र पटेल, 49 फैक्ट्री एरिया, फजल गंज, कानपुर, उत्तर प्रदेश खाता नंबर - LBKAN00001874851 | लैट नंबर केएस2-06-602, कासिया एटी जेपी ग्रीन्स, स्पोर्ट्स सिटी, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 03-09-2022 रू. 13,32,889/- | 30-06-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 21 अक्टूबर, 2022
स्थान : दिल्ली (नोएडा, मोदीनगर)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**SRF LIMITED**

**Regd. Office:** The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
**Corporate Office:** Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

**NOTICE**

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company. Shareholder(s)/Claimant(s) shall also be entitled to Bonus Shares in the ratio of (4:1) on these shares from Investor Education & Protection Fund Authority :-

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SRF0102311 | VERINDER MEHTA | 90109849-50 | 6299138 | 6299237 | 100 |
| 2 | A 0005035 | ANJU GUPTA | 303412-5 | 15759409 | 15759533 | 125 |
| | | MR PAWAN GUPTA (Jt. Holder 1) | 452412-5 | 23779201 | 23779325 | 125 |
| | | | 90129308-9 | 6211042 | 6211141 | 100 |
| 3 | SRF0145660 | NAVIN JAIN | 675896-903 | 54923023 | 54923422 | 400 |
| 4 | P 0002011 | PREMA SABAPATHY | 330285-7 | 16318185 | 16318255 | 71 |
| 5 | G 0002025 | GOPAL KRISHAN KAPOOR (CLAIMANT) | 119192 | 5082967 | 5082978 | 12 |
| | | GOVERDHAN LALL KAPOOR M A L L B (DECEASED SHAREHOLDER) | 975570 | 18559155 | 18559179 | 25 |
| | | SMT SHANTI DEVI KAPOOR (DECEASED JT. HOLDER 1) | | | | |
| 6 | H 0001577 | GEETA NARANG (CLAIMANT) | 47750 | 2640251 | 2640275 | 25 |
| | | HANS DASS (DECEASED SHAREHOLDER) | 47752 | 2640301 | 2640325 | 25 |
| | | | 62559 | 3315006 | 3315013 | 8 |
| | | | 120296 | 5109796 | 5109824 | 29 |
| | | | 312780-4 | 15957366 | 15957444 | 79 |
| | | | 461780-4 | 23977158 | 23977236 | 79 |
| | | | 90157801 | 11959810 | 11959859 | 50 |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/ objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.

Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

for SRF LIMITED
Sd/-
RAJAT LAKHANPAL
Vice President (Corporate Compliance) & Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 20-10-2022

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Lalita W/o Late Shri Gyani Ram, Cont. 9711973586, Email: nath_mamta@yahoo.co.in, R/o. Flat NO. 66/B,Block-R, Dilshad Garden, Delhi-110095, has applied for the conversion of aforesaid property. The documents like original Allotment/Demand Letter, Possession Letter, Site Possession and NOC for Water & Electricity, issued by DDA, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 19/10/2022. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (LAB housing) D - block, 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi

**मेसटेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड**
(सीआईएन : U72900DL2008PTC384304)
(अंतरणकर्ता कम्पनी)
पंजीकृत कार्यालय : 131, ब्लॉक 2, फंक्शनल इंडस्ट्रियल एस्टेट, पटपड़गंज, ईस्ट दिल्ली, नई दिल्ली 110092, भारत
तथा
रॉकवेल ऑटोमेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
(सीआईएन : U31200DL1991PTC045425)
(अंतरिती कम्पनी)
पंजीकृत कार्यालय : 131, फंक्शनल इंडस्ट्रियल एस्टेट, पटपड़गंज, ईस्ट दिल्ली, नई दिल्ली 110092, भारत
कम्पनी (रामझौता, व्यवस्था और समामेलन) नियमावली, 2016 के नियम 16 के अनुरारण में कम्पनी की रामामेलन याचिका की अंतिम सुनवाई की सूचना

एतद्द्वारा रार्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि मेराटेक सर्विरोज प्राइवेट लिमिटेड (अंतरणकर्ता कम्पनी) का रॉकवेल ऑटोमेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (अंतरिती कम्पनी) और उनके रांबंधित शेयरधारकों एवं क्रेडिटर्स के साथ रामामेलन की स्कीम की स्वीकृति आदेश के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 रो 232 तक के तहत एक याचिका सीपी(सीएए)12/एनडी/2022 राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली पीठ ("एनरीएलटी") के समक्ष न्यायनिर्णय के लिए लम्बित है। उक्त याचिका की अंतिम सुनवाई एनसीएलटी के समक्ष 4 नवम्बर, 2022 को की जानी नियत है।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामामेलन की प्रस्तावित स्कीम के रांबंध में अभिवेदन, यदि कोई, इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि रो अधिकतम 2 राप्ताह के भीतर न्यायाधिकरण में प्रस्तुत किया जा राकता है। यदि कोई व्यक्ति, रामामेलन की याचिका का विरोध करने का इच्छुक है, तो विरोध के आधार अथवा उराके शपथपत्र की प्रति ऐसी सूचना के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए।

राथ ही अभिवेदन की प्रति अंतरणकर्ता और अंतरिती कम्पनी को भी प्रेषित की जानी चाहिए।

दिनांकित 20 अक्टूबर, 2022

मेसटेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता./
नाम : चित्रभानु घोष
पदनाम : निदेशक
डीआईएन : 01829481

# जेपी ने यमुना प्राधिकरण में 17 करोड़ रुपये जमा किए

**नोएडा।** जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड ने फार्मूला.1 सर्किट के लिए आवंटित भूखंड निरस्त होने के मामले में यमुना प्राधिकरण में 17 करोड़ रुपये जमा करा दिए हैं। इलाहाबाद हाइकोर्ट के 29 सितंबर के आदेश के बाद यह पैसा जमा कराया गया है। जेपी जल्द ही अपना प्रस्ताव भी यमुना प्राधिकरण को देगा।

यमुना प्राधिकरण ने जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड को एक हजार हेक्टेयर का भूखंड आवंटित किया था। जेपी स्पोर्ट्स कंपनी ने इस भूखंड पर फार्मूला.1 सर्किट और क्रिकेट स्टेडियम के अलावा आवासीय परियोजना विकसित की है। करीब एक हजार करोड़ रुपये का बकाये का भुगतान न करने पर यमुना प्राधिकरण ने इसका आवंटन वर्ष 2019 में रद्द कर दिया था। इससे फ्लैट खरीदारों की मुश्किलें बढ़ गई थीं।

यमुना प्राधिकरण ने दावा किया था कि भूमि को बेचकर परियोजनाओं को पूरा कर फ्लैट खरीदारों को कब्जा देगा। प्राधिकरण के इस फैसले के खिलाफजेपी एसोसिएट्स ने इलाहाबाद हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

गत 29 सितंबर की सुनवाई में जेपी एसोसिएट्स ने बकाया भुगतान करने और घर खरीदारों के हितों को पूरा करने के लिए प्रस्ताव रखने की अनुमति मांगी थी। यमुना प्राधिकरण सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि जेपी ने 17 करोड़ रुपये जमा किए हैं। जेपी कंपनी ने अभी कोई प्रस्ताव नहीं दिया है।

# बकाया पैसा जल्द न किया तो रद्द होगा आवंटन

- सबसे पहले संपत्ति से सभी विभागों के बड़े बकाएदारों पर कार्रवाई की जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



बकाया भुगतान न करने वाले बकाएदारों पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। इन आवंटियों के आवंटन रद्द किए जाएंगे। सबसे पहले संपत्ति से सभी विभागों के बड़े बकाएदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने वित्त एवं संपत्ति से जुड़े सभी विभागों की समीक्षा की, जिसमें यह बात सामने आई कि कई आवंटी ऐसे हैं जिन्होंने प्राधिकरण से प्लॉट लेकर बैठे हुए हैं। इनमें बिल्डरों के साथ ही, औद्योगिक, संस्थागत, आईटी व वाणिज्यिक सभी शामिल हैं। ये आवंटी न तो प्रोजेक्ट बना रहे हैं और न ही प्राधिकरण का बकाया भुगतान राशि जमा कर रहे हैं। उनकी कई किश्तें डिफॉल्ट हो चुकी है।

इससे यह पता चलता है कि ये आवंटी न तो प्रोजेक्ट कंपलीट करने के इच्छुक हैं और न ही प्राधिकरण का बकाया धनराशि देना चाह रहे हैं। इसे देखते हुए सीईओ ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि जिन बकाएदारों को तीन या उससे अधिक नोटिस जारी की जा चुकी है, उनका आवंटन शीघ्र रद्द करें और जिन बकाएदारों को तीन नोटिस नहीं गई है, उनको नोटिस भेजकर 15 दिन का अंतिम अवसर दें।

अगर इस अवधि में वे भुगतान नहीं करते हैं तो उनके भी आवंटन रद्द कर दिए जाएं। उन्होंने 31 अक्तूबर तक सभी विभागों को बड़े बकाएदारों की सूची तैयार करने व उनको अंतिम नोटिस जारी करने की प्रक्रिया को पूरी कर लेने निर्देश दिए हैं। 31 अक्तूबर के बाद ऐसे सभी आवंटियों के आवंटन रद्द किए जाएंगे।

सीईओ ने सबसे पहले एक करोड़ व इससे अधिक धनराशि के बकाएदारों के आवंटन रद्द करने को कहा है। इसके बाद एक करोड़ रुपये से कम के बकाएदारों पर यह कार्रवाई की जाएगी। सीईओ ऋतु माहेश्वरी का कहना है कि अगर ये बकाएदार भुगतान कर दें तो ग्रेटर नोएडा का विस्तार करने के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत किया जा सकता है।

# ग्रेटर नोएडा में फ्लैटों की रजिस्ट्री के लिए शिविर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बिल्डर प्रोजेक्ट में फ्लैट खरीदने वाले 60 और खरीदारों को मालिकाना हक मिल गया है। ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम में आयोजित विशेष शिविर में इन फ्लैट खरीदारों के नाम रजिस्ट्री हुई। अब तक 2 दिन के शिविर में 140 फ्लैट खरीदारों को अपने फ्लैट का मालिकाना हक मिला।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर फ्लैटों की रजिस्ट्री के लिए प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में शिविर का आयोजन किया गया। पहला शिविर सोमवार को लगा था और अब बुधवार को दूसरी बार शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में प्राधिकरण के साथ ही रजिस्ट्री विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# चेहरे पर मास्क लगाना अब जरूरी नहीं

**● सरकार ने कोविड-19 मामलों में गिरावट को देख लिया फैसला**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क पहनना अनिवार्य करने और इसका उल्लंघन करने वालों पर 500 रुपये का जुर्माना लगाने के आदेश को वापस लेने का फैसला किया है।

हालांकि, सरकार ने लोगों को भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना जारी रखने की सलाह दी।

दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने पिछले महीने हुई एक बैठक में तय किया कि कोविड-19 के मामलों में कमी आने के बाद 30 सितंबर से जुर्माना लगाना बंद कर दिया जाए। प्राधिकरण ने 22 सितंबर को हुई अपनी बैठक में संज्ञान लिया कि कोविड-19 के मामलों में गिरावट आ रही है और ज्यादातर आबादी ने टीका लगवा लिया है। इसलिए डीडीएमए ने फैसला लिया है कि महामारी कानून के तहत मास्क लगाने की अनिवार्यता को तीस सितंबर से आगे ना बढ़ाया जाए और सार्वजनिक जगहों पर मास्क नहीं लगाने पर लागू 500 रुपए के जुर्माने को 30 सितंबर से समाप्त कर दिया जाए। मास्क की अनिवार्यता समाप्त करने का आदेश भले ही अब आया हो, लेकिन राजधानी के विभिन्न जिलों ने कुछ वक्त पहले से ही लोगों पर जुर्माना लगाना बंद कर दिया था। और लोगों ने मास्क भी लगाना बंद कर दिया था। अप्रैल में लगाया गया था जुर्माना

डीडीएमए ने अप्रैल में हुई अपनी बैठक में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया था और इसका उल्लंघन करने वालों पर 500 रुपये जुर्माने का प्रावधान किया था।

### भीड़ में भारी न पड़ जाए छूट

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के मामलों में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इसके चलते दिवाली से पहले बाजारों में बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने निकल रहे हैं। लोग इतने लापरवाह हो गए हैं कि वह न तो मास्क लगा रहे हैं न ही शारीरिक दूरी का पालन कर रहे हैं।

हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों चेतावनी दे रहे हैं कि त्योहार के बाद कोरोना वायरस का संक्रमण फिर से बढ़ सकता है। इसके बावजूद लोग सावधानी नहीं बरत रहे हैं। दूसरी ओर सरकार ने भी सार्वजनिक जगहों पर मास्क पहनने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। इस बीच पिछले 48 घंटों में संक्रमित मरीजों आंकड़ा 107 से बढ़कर 118 हो गया है। वहीं संक्रमण दर में भी मामूली बढ़ोतरी दर्ज की है। बृहस्पतिवार को संक्रमण दर 1.77 पर पहुंच गई है। अच्छी बात है कि इन दोनों में किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

## कोविड को फिर दावत देता कमला मार्केट



फोटो: रंजन डिमरी

# सांसदों को एम्स में मिलेगा वीआईपी ट्रीटमेंट

**● एसओपी जारी, फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने इस पहल की तीखी आलोचना**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान सांसदों का इलाज सुव्यवस्थित तरीके से हो इसके लिए वीआईपी व्यवस्था कर दी है। इसके लिए एसओपी यानी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर जारी किया है। एसओपी के अनुसार चिकित्सा देखभाल व्यवस्था के बीच समन्वय बनाया जाएगा और संसद सदस्यों की सुविधा के लिए एक नोडल अधिकारी प्रदान किया जाएगा। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने एम्स के इस पहल की कि तीखी आलोचना की है।

चिकित्सकों के एक धड़े ने इसे वीआईपी संस्कृति बताते हुए इसका विरोध किया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक एम. श्रीनिवास ने लोकसभा सचिवालय के संयुक्त सचिव वाई. एम. कांडपाल को हाल ही में लिखे एक पत्र में आउट पेशेंट विभाग (ओपीडी), आपातकालीन परामर्श और लोकसभा व राज्यसभा दोनों के मौजूदा सांसदों को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए जारी एसओपी की जानकारी दी। डॉ. श्रीनिवास ने बताया कि सभी व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए अस्पताल प्रशासन विभाग के अधिकारी एम्स नियंत्रण कक्ष में चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेंगे।

एम्स के निदेशक ने पत्र में कुछ नंबर भी दिए जिस पर फोन करके सांसदों के कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात अधिकारी से बात कर सकते हैं। फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने हालांकि, इस कदम पर सवाल उठाते हुए कहा कि सांसदों के लिए विशेष व्यवस्थाओं से मरीजों को मिलने वाली सेवाओं पर असर पड़ सकता है।

## एलपीजी सिलेंडर में लगी आग, दो बच्चे झुलसे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली में मंडावली के एक मकान में एलपीजी सिलेंडर में आग लगने के बाद छह वर्षीय लड़का और उसका भाई झुलस गया। पुलिस उपायुक्त प्रियंका कश्यप ने बताया कि बुधवार अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे इस घटना के बारे में पुलिस नियंत्रण कक्ष पर एक कॉल आई थी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचने पर दो बच्चे घर के अंदर फंसे हुए मिले। उन्हें तुरंत बाहर निकालकर इलाज के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया।

प्रियंका कश्यप ने बताया कि घटना में तीन वर्षीय एक लड़का मामूली रूप से झुलस गया और प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। हालांकि उसके बड़े भाई को इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला कि बच्चों की मां खाना बना रही थीं, तभी गैस रिसाव के कारण एलपीजी सिलेंडर से आग लगने की आशंका है। आग लगने के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## अक्टूबर में 13,700 किलो पटाखे जब्त, 75 केस दर्ज

**नई दिल्ली।** पुलिस ने अक्टूबर में 13,700 किलोग्राम से अधिक पटाखे जब्त किए हैं और इस संबंध में 75 मामले दर्ज किए हैं। आधिकारिक आंकड़ों में यह बताया गया है।

इन आंकड़ों में एक अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक का रिकॉर्ड शामिल है। इस अवधि में पुलिस ने भंडारण या बिक्री के लिए रखे गए 13,767.719 किलोग्राम पटाखे जब्त किए और इस संबंध में 75 मामले दर्ज किए। उसने पटाखे चलाने संबंधी छह मामले दर्ज किए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वे दो पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।अधिकारी ने कहा कि हम जागरुकता फैला रहे हैं, लोगों को शिक्षित कर रहे हैं और उन्हें समझा रहे हैं कि पटाखे कितने खतरनाक हैं।

# पुलिस आयुक्त को मिला एनएसए में हिरासत में लेने का अधिकार

**● बुधवार से लागू हुआ एलजी का आदेश अगले साल 18 जनवरी तक रहेगा प्रभावी**



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एक अधिसूचना जारी कर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत दिल्ली पुलिस आयुक्त को किसी व्यक्ति को हिरासत में लेने का अधिकार प्रदान किया है जो राष्ट्रीय राजधानी के लिए खतरा हैं। बुधवार से लागू हुआ आदेश अगले साल 18 जनवरी तक प्रभावी रहेगा।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार उपराज्यपाल ने पुलिस आयुक्त को उन लोगों को एहतियातन हिरासत में लेने का अधिकार दिया है जो राष्ट्रीय राजधानी के लिए खतरा बन गए हैं। आधिकारिक अधिसूचना में एनएसए की धारा 3 की उपधारा 2 का जिक्र किया गया है जिसके अनुसार यदि केंद्र सरकार या राज्य सरकार इस बात से सहमत है कि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार से राज्य की सुरक्षा के लिए या सार्वजनिक व्यवस्था के लिए हानिकारक है तो वह ऐसे व्यक्ति को एहतियाती उपाय के तौर पर हिरासत में लेने का निर्देश दे सकती है।

# कंझावला से 28 हजार किलो नकली जीरा जब्त



**● खाद्य सुरक्षा विभाग एवं दिल्ली पुलिस की टीम ने एक निर्माण इकाई में छापेमारी कर किया बरामद**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बाहरी दिल्ली के कंझावला में कथित रूप से नकली जीरा बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए इसके मालिक को गिरफ्तार किया है।


आरोपी की पहचान सुरेश गुप्ता के रूप में हुई है। वह बुध विहार फेज वन का रहने वाला है। छानबीन में पता चला कि गुप्ता घास, जगेरी विनेगर एवं पत्थर के पाउडर का इस्तेमाल कर नकली जीरा बनाने वाली कंपनी चलाता था। पुलिस ने उसके कब्जे से 400 बोरा से अधिक नकली जीरा बरामद किया गया है जिसका कुल वजन 28 टन है। बरामद वस्तुओं की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है।

विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस को इस फैक्टरी के बारे में जनाकारी मिली थी, जिसमें नकली जीरा बनाया जा रहा है। इस मामले को जन स्वास्थ्य से संबंधित गंभीर मानते हुए, इस सूचना पर कार्रवाई की गई। मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात को इस बात की पुष्टि हो गई कि गुप्ता कंझावला इलाके में अवैध फैक्टरी चला रहा है और बड़े पैमाने पर नकली जीरा बना रहा है। पुलिस को इस बात की भी खबर मिली थी कि वह नकली जीरे की एक बड़ी खेप दिल्ली के बाहर भेजेगा। इसके तत्काल बाद ही अवैध फैक्टरी में छापेमारी की योजना बनाई गई।

यादव ने बताया, अपराध शाखा की टीम ने कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और इस अवैध फैक्टरी के मालिक गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। वहां से 400 बोरा नकली जीरा बरामद किया गया।

## डीयू की पहली मेरिट सूची के बाद 61,000 छात्रों का दाखिला पक्का

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



डीयू में दाखिले की दौड़ शुरू हो गई है। विवि में स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए पहली मेरिट सूची जारी होने के बाद करीब 61,000 अभ्यर्थियों ने उन्हें आवंटित कॉलेज और पाठ्यक्रम को स्वीकार कर लिया है और विश्वविद्यालय को उम्मीद है कि उसकी सभी 70,000 सीटें पहली सूची में ही भर जाएंगी।

डीयू ने बुधवार को सीट आवंटन के लिए अपनी पहली सूची जारी की थी जिसके साथ प्रवेश प्रक्रिया का तीसरा और अंतिम चरण शुरू हुआ। दिल्ली विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार विकास गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में बताया कि पहली सूची में ही सभी 70,000 सीटें भरने की उम्मीद कर रहे हैं। इसका मतलब हुआ कि पूरी प्रक्रिया 24 अक्टूबर तक समाप्त हो सकती है। बृहस्पतिवार शाम 7 बजे तक 60,863 अभ्यर्थियों ने आवंटित सीटों को स्वीकार कर लिया है।

## बुजुर्ग पेंशन: सीएम आवास के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**● आदेश गुप्ता ने कहा, बुजुर्गों की पेंशन रोककर इंसानियत को शर्मसार किया**

बुजुर्गों की पेंशन को रोके जाने के खिलाफ भाजपा ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से आए बुजुर्गों और दिव्यांगजन भी उपस्थित थे ।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल जो दिल्ली का बेटा कहते हैं और खुद को बुजुर्गो के लिए काम करने वाला बताते हैं, आज उनके घर के सामने ही बुजुर्ग अपनी पेंशन के लिए धरना दे रहे हैं, लेकिन केजरीवाल के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के लिए नयी पेंशन लागू करना तो दूर केजरीवाल ने जो पुराने लोगों को पेंशन दिया जा रहा था, उसपर भी रोक लगा दी है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि बुजुर्गों की पेंशन केजरीवाल ने सिर्फ इसलिए रोक दी ताकि उन पैसों से अपना चेहरा चमका सके। जबकि बुजुर्ग उन्हीं पैसों से अपनी जरुरतें पूरी करते हैं, उसे रोककर केजरीवाल आज राजनीतिक पर्यटन में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सिर्फ दिखावे वाली राजनीति पर भरोसा करते हैं। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के वृद्ध लोगों की पेंशन को बंद करने का काम किया है।

विरोध प्रदर्शन में भाजपा विधायक जितेन्द्र महाजन एवं जिला अध्यक्ष मास्टर विनोद बछेती सहित भारी संख्या में बुजुर्ग और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 'तारीखों की घोषणा की हो रही प्रतीक्षा'

**● अधिकारी ने आवश्यक निविदाएं जल्द जारी करने के दिए निर्देश**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शहर में निकाय चुनाव की संभावना के मद्देनजर कार्य शुरू कर दिए हैं और चुनाव की तारीखों की घोषणा की प्रतीक्षा की जा रही है। निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने यहां 250 नगर निगम वार्डों के लिए निर्वाचन-सह-जांच अधिकारियों की बुधवार को नियुक्ति की थी, जिससे निकाय चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि एसईसी की ओर से बुधवार को जारी पत्र में संबंधित अधिकारियों को 21 अक्टूबर तक निविदाओं को अंतिम रूप देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। दिल्ली में इस साल के अंत तक या 2023 की शुरुआत तक एमसीडी चुनाव होने की संभावना है। गृह मंत्रालय ने एमसीडी वार्ड के परिसीमन के लिए 17 अक्टूबर को अंतिम गजट अधिसूचना जारी की थी।

गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि अब दिल्ली में नगर निगम वार्डों की संख्या 250 होगी।

## गृहमंत्री का इंतजार करते रहे आप के सैकड़ों कार्यकर्ता

नई दिल्ली। भलस्वा कूड़े के पहाड़ पर गृहमंत्री अमित शाह के इंतजार मंर 'आप' के सैंकड़ों कार्यकर्ता गुरुवार को विधायक दुर्गेश पाठक के नेतृत्व में एकत्रित हुए।

आप कार्यकर्ता भाजपा शासित एमसीडी के तीन कूड़े के पहाड़ों और उसके द्वारा 16 नए कूड़े के पहाड़ बनाने की तैयारी के खिलाफ यहां जुटे थे। इस मौके पर विधायक दिलीप पांडेय और 'आप' नेता आदिल अहमद खान भी मौजूद थे। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट उद्घाटन करना सिर्फ एक चुनावी पासा है। दुर्गेश पाठक ने कहा कि देश के गृह मंत्री अमित शाह को हमने भलस्वा का कूड़े का पहाड़ देखने के लिए आमंत्रित किया है। हम लोग चाहते हैं कि वह यहां आएं और भाजपा द्वारा बनाए गए कूड़े के पहाड़ देखें। यहां रह रहे लोगों की जिंदगी कितनी दूभर हो चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार



आल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल से मुलाकात कर चिकित्सा पद्धति की ओर ध्यान दिलाया।

### आयुष मंत्री से मिला यूनानी तिब्बी का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल से मुलाकात की है। प्रतिनिधिमंडल ने यूनानी चिकित्सा पद्धति से संबंधित तमाम समस्याओं पर मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व डॉ एस एम हुसैन, उपाध्यक्ष ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस ने किया जबकि इस मौके पर डॉ एस एम याकूब राष्ट्रीय सचिव, डॉ शफीक अहमद महाराष्ट राज्य अध्यक्ष, डॉ जियाउर्रहमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ एजाज अली कादरी राष्ट्रीय महासचिव यूथ विंग आदि शामिल थे। आयुष मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति के विकास के लिए हर मुमकिन कोशिश की जाएगी। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ सैयद अहमद खान ने ने कहा मांगों पर अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।

### तीन दिवसीय दीपोत्सव-पंच प्रण का शुभारंभ




**नई दिल्ली।** राजधानी में 20 से 22 अक्तूबर तक आयोजित तीन दिवसीय आयोजन 'दीपोत्सव- पंच प्रण' का शुभारंभ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में किया गया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और बहुभाषी न्यूज एजेंसी हिन्दुस्थान समाचार के संयुक्त संयोजन में कई सत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामीनाथन गुरुमूर्ति, डॉ. सच्चिदानंद जोशी, महंत आचार्य मिथलेशनंदिनी शरण, राम बहादुर राय, अरविंद भालचंद्र मार्डीकर ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर बनारस घराने की सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका पद्मश्री सोमा घोष और प्रसिद्ध भोजपुरी लोक गायिका चंदन तिवारी, बाउल गायक मधुसुदन बाउल ने प्रस्तुति दी।

# कोरोना महामारी के बाद सर्दियों में साफ हुई आबो-हवा

## विज्ञान और पर्यावरण केंद्र की रिपोर्ट में दावा, 20 फीसदी घटा राजधानी क्षेत्र का प्रदूषण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



सर्दी के दौरान औसत पीएम 2.5 प्रदूषण कोविड-19 महामारी से पहले के मुकाबले 20 फीसदी घट गया है। विज्ञान और पर्यावरण केंद्र (सीएसई) की ओर से बृहस्पतिवार को जारी नई रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

आकलन के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक जनवरी 2015 से लगातार सर्दी के सात मौसमों और सर्दी पूर्व के रुझानों को शामिल किया गया। यह रिपोर्ट इस क्षेत्र के सक्रिय 81 वायु गणवत्ता निगरानी स्टेशन से उपलब्ध रियल टाइम डाटा पर आधारित है। महामारी से पहले सर्दी (एक अक्टूबर से 28 फरवरी) के दौरान पीएम 2.5 सांद्रता प्रति घन मीटर 180-190 माइक्रोग्राम तक बढ़ जाती थी। लेकिन रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएम 2.5 सांद्रता अब घटकर प्रति घन मीटर 150 से 160 माइक्रोग्राम तक रह गई है। सीएसई में शोध निदेशक अनुमिता रॉय चौधरी ने कहा कि रिपोर्ट का मकसद प्रदूषण के रुझान को समझना है।

हालांकि, सीएसई ने पाया कि सुधार के बावजूद इस मौसम का औसत अब भी 24 घंटों के मानक स्तर (60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) के मुकाबले 150 फीसदी अधिक है और यह करीब-करीब वार्षिक मानक स्तर (40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) का चार गुना है।

रिपोर्ट में कहा गया, महामारी से पहले चरम प्रदूषण (24 घंटों का सर्वाधिक खराब औसत) प्रति घन मीटर 800 माइक्रोग्राम के आंकड़े को पार कर जाया करता था, लेकिन पिछली तीन सर्दियों के दौरान यह स्तर प्रति घन मीटर 700-800 माइक्रोग्राम रहा। हालांकि, सीएसई ने कहा कि चरम प्रदूषण का आंकड़ा असल स्तर को नहीं दर्शाता क्योंकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने वर्ष 2016-17 में प्रति घन मीटर 1000 माइक्रोग्राम की सीमा तय कर दी थी, जिससे चरम प्रदूषण स्तर का आकलन बहुत अधिक प्रभावित हुआ है। शोधकर्ताओं ने कहा कि वर्ष 2020-21 के मुकाबले वर्ष 2021-22 में एनसीआर के ज्यादातर शहरों में सर्दी में प्रदूषण सबसे कम था।

गाजियाबाद में 30 फीसदी सुधार हुआ जो सभी बड़ी शहरों में सर्वाधिक है, लेकिन पीएम 2.5 स्तर अब भी 24 घंटों के मानक स्तर के मुकाबले करीब ढाई गुना था। ग्रेटर नोएडा (28 फीसदी), नोएडा (23 फीसदी) और फरीदाबाद (16 फीसदी) में भी सुधार दर्ज किया गया जो दिल्ली (12 फीसदी) से अधिक है। एनसीआर में सबसे खराब प्रदर्शन गुरुग्राम का रहा जहां प्रदूषण स्तर में केवल 11 फीसदी सुधार हुआ।

## फर्जी अधिकारी बन आईएएस को फोन करना पड़ा महंगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने स्वयं को कथित रूप से सरकारी अधिकारी बताकर एक भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी से गोपनीय जानकारी हासिल करने की कोशिश करने के मामले में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अधिकारी ने बताया कि आईएएस अधिकारी ने इस मामले में साइबर पुलिस थाने से संपर्क किया, जिसके बाद 18 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की गई।

प्राथमिकी के अनुसार, आईएएस अधिकारी को एक अज्ञात नंबर से पिछले तीन-चार सप्ताह से व्हाट्सऐप पर कॉल और संदेश मिल रहे थे और कॉल करने एवं संदेश भेजने वाला व्यक्ति आईएएस अधिकारी के विभाग संबंधी खुफिया जानकारी हासिल करने की कोशिश कर रहा था।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 अक्टूबर, 2022



# 1962 के युद्ध के विरोध में भारत तिब्बत सहयोग मंच ने फूंका चीन का पुतला

### भारत ने चीनियों को थिगला रिज से बलपूर्वक हटाने के लिए शुरू किया था ऑपरेशन लेगॉर्न

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** तिब्बत सहयोग मंच हरियाणा इकाई की ओर से गुरुवार को चीन द्वारा 20 अक्टूबर 1962 को भारत पर आक्रमण की 60वीं वर्षगांठ पर चीन के खिलाफ गुरुग्राम में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान चीन का पुतला भी फूंका गया।

भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन से पूर्व भारत तिब्बत सहयोग मंच के सदस्य शमा रेस्टोरेंट के निकट एकत्रित हुए। वहां से जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए डाकखाना चौक पर पहुंचे। इस दौरान चीन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। इससे पूर्व राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल ने कहा कि भारत-चीन के बीच युद्ध से पहले हुई मुठभेड़ों की पूरी श्रृंखला के तहत वर्ष 1962 में थगला रिज पर हुआ चीनी कब्जा भी शामिल था, जिसके बाद भारत ने उन्हें वहां से बलपूर्वक हटाने के लिए ऑपरेशन लेगॉर्न शुरू किया। इस हमले में तीन भारतीय सैनिक घायल हो गए। इस घटना ने दोनों पक्षों के बीच सशस्त्र संघर्ष शुरुआत कर दी। भारतीय और चीनी सैनिकों ने रुक-रुक एक दूसरे पर गोलाबारी की।



गुरुग्राम में चीन के खिलाफ प्रदर्शन करते भारत तिब्बत सहयोग मंच के कार्यकर्ता।

मंच की हरियाणा प्रांत इकाई के अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि इस युद्ध में भारत ने उन हमलों में अपने छह जवानों को खो दिया, जबकि 11 अन्य घायल हो गए और पांच जवान लापता हो गए। लगातार होते हमले और अरक्षणीय स्थिति को देखते हुए वापसी का आदेश दे दिया गया और चीनी सेना ने त्सेंग-जोंग पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि तिब्बत की आजादी, मानसरोवर की मुक्ति और भारत की सुरक्षा मंच का उद्देश्य है। जब तक इस उद्देश्य में कामयाबी नहीं मिलती, चीन के खिलाफ आक्रोष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी देशवासी समय-समय पर अपने देश के प्रति कृतज्ञता दिखाएं और चीन के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहें।

इस विरोध प्रदर्शन में जम्मू कश्मीर प्रदेश अध्यक्ष संजीव मनमोत्रा, हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र, अजय जैन, उषा गुप्ता, शारदा शर्मा, गुरुग्राम जिला अध्यक्ष व बजरंग दल और गौ सेवक अभिषेक गौड़, अजय जैन, गिरीश सिंगला, युधिष्ठिर कौशिक, दीपक शर्मा, नवीन शर्मा (मोटू), सन्नी जांघू, राकेश, वैभव, नमन अग्रवाल, राजीव मित्तल, महाकर नागर, राजू बत्रा, संतोष शर्मा, प्रतीक राव, नमन गोयल और निशान्त अहलावत मौजूद रहे।

## दिवाली पर 40 लाख रुपये के 240 मोबाइल तलाशकर मालिकों को सौंपे


गुरुग्राम में गुम हुए मोबाइल तलाशकर असल मालिक को सौंपते सहायक पुलिस आयुक्त अपराध प्रीतपाल सांगवान।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस आमजन की सुरक्षा के साथ उनके गुम हुए मोबाइल फोन की तलाश करके खुशी भी दे रही है। इस साल पुलिस ने अब तक एक करोड़ रुपये से अधिक के मोबाइल ढूंढकर असल मालिकों को सौंपे हैं। इस दिवाली के त्योहार पर भी करीब 40 लाख रुपये की कीमत के गुम हुए 240 मोबाइल पुलिस ने ढूंढकर दिए।

साईबर सेल मुख्यालय पश्चिम-दक्षिण व मानेसर की पुलिस टीमों ने आमजन के गुम हुए 240 मोबाईल फोन तकनीकी सहायता से ढूंढे। इन मोबाइल फोन की कीमत करीब 40 लाख रुपये है। सहायक पुलिस आयुक्त अपराध प्रीतपाल सांगवान ने सभी मोबाइल अपने असल मालिकों को सौंपे। बता दें कि गुरुग्राम पुलिस इस वर्ष गुम हुए कुल 600 मोबाईल फोन बरामद उनके असल मालिकों लो लौटा चुकी है। जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ रुपये हैं। अपने गुम हुए मोबाईल फोन पाकर फोन मालिकों ने गुरुग्राम पुलिस का हार्दिक धन्यवाद करते हुए कहा कि गुरुग्राम पुलिस ने इनके गुम हुए मोबाइल फोन लौटाकर दीपावली का तोहफा दिया है। प्रीतपाल सांगवान ने जनता से अनुरोध किया है कि गुरुग्राम पुलिस द्वारा अक्टूबर महीने को साईबर अपराध जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### तनाव मुक्त रखने में सहायक होते हैं खेलः कला रामचन्द्रन


गुरुग्राम के मानेसर स्थित पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों के लिए खेलों में विजेता टीम को नीचे बैठकर ट्रॉफी देती पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन।

**गुरुग्राम।** पुलिस लाइन मानेसर में पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए खेलों का आयोजन किया गया। इसमें खो-खो, रस्साकशी खेलों में गुड़गांव पुलिस के सभी जोनों की टीम व आरडब्लूए पुलिस लाइन मानेसर के बच्चों की टीमों ने भाग लिया। रस्साकशी में पुलिस ने मानेसर की रेजिडेंट्स महिलाओं की टीम विजयी रही। वहीं खो-खो खेल में महिला वर्ग में मानेसर पुलिस जोन की टीम विजयी रही व पुलिस लाइन मानेसर के बच्चों की टीम दूसरे स्थान पर रही। पुरुष वर्ग में खो-खो खेल में आरडब्लूए के बच्चों की टीम विजयी रही व पुलिस जोन मानेसर की टीम दूसरे स्थान पर रही। खेलों के प्रति जवानों को जागरूक व जवानों के उत्साहवर्धन के लिए पुलिस उपायुक्त यातायात वीरेंद्र सांगवान खो खो के खेल में रेफरी रहे। पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन ने विजयी टीमों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए पुरस्कृत किया व अन्य सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर अपने विचार रखते हुए पुलिस आयुक्त ने कहा कि कि हार जीत खेल के दो पहलू हैं,। इसलिए अन्य प्रतिभागी खिलाड़ी निराश ना हो और और अधिक तैयारी के साथ आगामी खेलों में भाग लें। सभी खिलाड़ियों को खेलों के फायदे बताते हुए कहा कि सभी खेलों में बढ़-चढ़कर भाग ले। खेलों से व्यक्ति शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ तो रहता ही है व उसमें टीम वर्क की भावना, सहनशीलता की भावना आदि गुणों का विकास भी होता है। खेल पुलिस कर्मियों को तनावमुक्त रखने में भी काफी सहायक साबित होंगे। पुलिस आयुक्त ने पुलिसकर्मियों व उनके बच्चों के लिए पुलिस लाइन मानेसर में पुस्तकालय का उद्घाटन भी किया, ताकि सभी को पढ़ने के लिए अच्छा माहौल दिया जा सके व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस पुस्तकालय में कंपटीशन एग्जाम की किताबें, न्यूज पेपर, सेपरेट स्टडी टेबल, इंटरनेट सुविधा व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

### दीपावली को प्रदूषण रहित मनाएं आम नागरिक : एसडीएम

**सोहना।** देश की सबसे बड़ी अदालत के आदेशों की पालना करते हुए इस बार दीपावली को पटाखा रहित मनाने की आदेश जारी किए गए हैं। प्रशासन की तरफ से इस बार शहर में एक भी पटाखे की दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी गई है। कोरोना कॉल के बाद आई पहली दीपावली को प्रदूषण रहित मनाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना कराते हुए बाजार में एक भी पटाखे की दुकान लगाने की अनुमति इस बार नहीं दी है। प्रदूषण वाले पटाखे बेचने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। चोरी छुपे आतिशबाजी बेचने वालों की पहचान के लिए पुलिस को तैनात कर दिया है। ताकि आरोपी को तुरन्त पकड़े जाने पर मामला दर्ज किया जा सके। मिष्ठान भंडारों पर भी पैनी नजर है बाजार में दीपावली के अवसर पर नकली मिठाइयों व मावे से तैयार की जाने वाली मिठाइयां बेचने वाले दुकानदारों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। राजस्थान के शहर टपूकूड़ा, फरीदाबाद के बल्लभगढ़, उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर और मथुरा आगरा से आने वाली खौवा पनीर सप्लाई करने वाली गाड़ियों की धड़पकड़ के लिए पुलिस चैकपोस्टों पर सख्ती से जांच के आदेश दिए हैं। एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने कहा कि परिषद प्रशासन को शहर में सफाई व्यवस्था से लेकर खराब स्ट्रीट लाइट को ठीक करने और त्योहार के समय पर कानून व्यवस्था को ठीक रखने के लिए एसीपी को जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। कानून की पालना न करने वालों पर केस दर्ज किया जाएगा।

### अंबेडकर बाईपास चौक की ट्रैफिक लाइटें जल्द ही होंगी ठीक


सोहना का एक मात्र अंबेडकर बाईपास चौकी खराब बड़ी बत्ती।

**सोहना।** शहर के एक मात्र अंबेडकर बाईपास चौक की बत्तियों को जल्द ही ठीक किया जाएगा। चौक पर लगी बत्तियां पिछले 6 माह से खराब होने के कारण यहां पर यातायात व्यवस्था खराब हो रही है। शहर का एक मात्र अंबेडकर बाईपास चौक पर लगी यातायात सुविधा के लिए बत्तियां पिछले छह माह से खराब पड़ी हुई हैं। बत्तियां खराब होने के कारण चौक पर आए दिन जाम लगा रहता है। वाहन चालक पहले मै-पहले मैं निकलने की कोशिश में आपस में झगड़ते हैं। इस चौक से एक दिन में 3 से 4 हजार वाहन छोटे से बड़े आते व जाते है। तावडू से पलवल, आगरा, जाने वाले ट्राला की सख्यां सबसे ज्यादा है। इसके अलावा गुरुग्राम, नूंह, बल्लभगढ़ जाने वाले वाहनों की संख्या 1400 से 1500 एक मार्ग की है। केएमपी पर चलने वाला वाहन टोल बचाने के इरादे से वाहन तावडू से सोहना मार्ग पर सबसे ज्यादा आते हैं। जिनके कारण इस मार्ग की हालत तीन माह में खस्ता हो जाती है। रात में स्थिति हो जाती है और भी खतरनाक अंबेडकर चौक पर सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक ट्रैफिक पुलिस की टीम चौक पर तैनात रहती है, लेकिन रात के समय इस चौकी जिम्मेदारी शहर व सदर थाना पुलिस के अलावा अपराध शाखा पांच पुलिस की गश्त करने के दौरान होती है। रात के अंधेरे में पैदल निकलना जान हथेली रखकर चलने से कम नहीं है। चौक को पूरी गति के साथ वाहन निकलते है। विशेषकर चोरी का माल ढोहने वाले वाहनों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। एक्सइएन नप विक्की सिंह ने बताया कि अंबेडकर बाईपास चौक पर लगी बत्तियों को ठीक करने का टेंडर छोड़ दिया है। जो भी कमियां हैं। उन्हें जल्द ही ठीक किया जाएगा।

# दिवाली मिलन : गोयल को चांदी का मुकुट पहनाकर किया सम्मान


गुरुग्राम में डिस्पोजल एसोसिएशन की ओर से दिवाली मिलन समारोह में नवीन गोयल को चांदी का मुकुट पहनाते पदाधिकारी।

### नवीन गोयल ने दिवाली मिलन में दिया पर्यावरण सही रखने का संदेश

### डिस्पोजल एसोसिएशन के साथ किया दिवाली मिलन समारोह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुवार** को यहां सदर बाजार में डिस्पोजल एसोसिएशन की ओर से दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

उन्होंने कहा कि यह दिवाली सभी के लिए मंगलमय हो। माता लक्ष्मी की कृपा सब पर बनी रहे। सभी पदाधिकारियों, सदस्यों को दिवाली की बधाई देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि हमारा हर पर्व एकता और भाईचारे को मजबूत करने के लिए होता है। हमें अपने मतभेद भुलाकर एक होकर काम करना चाहिए। उन्होंने डिस्पोजल एसोसिएशन से जुड़े सभी दुकानदारों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अपना सहयोग दें। प्लास्टिक के सामान के स्थान पर दूसरे मैटीरियल से बने सामान की बिक्री को बढ़ाएं। यह हम सबकी सेहत के लिए जरूरी है। पर्यावरण को खराब करने में प्लास्टिक की भी अहम भूमिका होती है। यह 500 साल से भी अधिक समय तक गलता नहीं है और हमारे नाले, नालियों को ब्लॉक कर देता है। उन्होंने कहा कि हर एसोसिएशन सामाजिक मुहिम चलाकर जनसेवा के कार्य करें। अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। लोगों को जागरुक करें। अपनी दुकानों पर पर्यावरण सुधार संबंधी स्लोगन लगाएं। विवाह-शादी व अन्य समारोह के लिए छपने वाले कार्ड में पर्यावरण में सुधार करने संबंधी स्लोगन जरूर लिखवाएं। हमारा यह छोटा सा प्रयास बड़ा बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होगा।

इस अवसर पर एसोसिशन के प्रधान धीरज कुमार ने आश्वस्त किया कि वे उनके हर कार्य को आगे बढ़ाने में सहायक होंगे। पर्यावरण को सही रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उपप्रधान रमेश पाहवा, सचिव ललित कथूरिया, सतीश सलूजा, ब्रह्मप्रकाश कथूरिया, गुलशन, शाम समेत काफी सदस्य मौजूद रहे।

## वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में गौरव और राहुल उर्फ बिलाड़ी का नाम शामिल है। आरोपी गौरव फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी का तथा आरोपी राहुल उर्फ बिलाड़ी मूल रूप से बिहार के छपरा जिले के गांव पकाहा का तथा वर्तमान में फरीदाबाद की नगला चौक का रहने वाला है। टीम ने आरोपी गौरव को सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर 56 के एरिया से थाना सेक्टर 58 के चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार किया है।

# प्रभारी बिप्लब देब से सरपंच सुंदर लाल ने पंचायत चुनावों पर की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रभारी बनाए गए त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब से पंचायती राज प्रकोष्ठ गुरुग्राम के संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने मुलाकात की। उनका स्वागत करने के साथ उन्होंने दिवाली की भी बधाई दी।

साथ ही पंचायती राज चुनाव पर भी चर्चा की। प्रभारी बिप्लब कुमार देब की हरियाणा में स्वागत करते हुए सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा भाजपा और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि पंचायती राज चुनावों की हरियाणा में घोषणा हो चुकी है। चुनावी प्रक्रिया जारी है। संगठन के तौर पर जो भी जिम्मेदारी होगी उसका वे निर्वहन करेंगे। पंचायत चुनाव पार्टी सिम्बल पर नहीं लड़ रही, लेकिन पार्टी से जुड़े नेताओं की इस चुनाव में मदद जरूर करेंगे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में जितनी भी पंचायतें बची हैं, वहां पर चुनाव लड़ रहे पार्टी से जुड़े नेताओं का पूरा समर्थन रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी का ध्यान आदमपुर चुनाव पर भी है। हर हाल में आदमपुर का चुनाव जीतकर भव्य बिश्नोई विधानसभा में पहुंचेंगे। सरपंच सुंदर लाल ने यह भी कहा कि हरियाणा में नए प्रभारी के नेतृत्व में पार्टी का हर नेता, कार्यकर्ता काम कर रहा है। वे लगातार पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ काम में लगे हैं। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि भले ही बिप्लब कुमार देब त्रिपुरा के मुख्यमंत्री रह चुके हों, लेकिन वे सादगी से जीवन व्यतीत करते हैं।


हरियाणा भाजपा प्रभारी बिप्लब देब को स्मृति चिन्ह देते सरपंच सुंदर लाल।

# टेक्नो फेस्टिव कार्नीवालः यूपी के राहुल शर्मा ने दूसरे वीकली लकी ड्रॉ में जीती बजाज पल्सर बाइक

### अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में टेक्नो स्मार्टफोन पर किया जा रहा बंपर डिस्काउंट ऑफर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**टेक्नो** मोबाइल द्वारा शुरू किए गए 40 दिनों के 'टेक्नो फेस्टिव कार्नीवाल' कैंपेन के दूसरे वीकली लकी ड्रॉ बंपर विनर राहुल शर्मा हैं, जो बिसोली जिला, बदायूं उत्तर प्रदेश से हैं। टेक्नो ने विजेता राहुल शर्मा को बजाज पल्सर 125 ड्रम बाइक भेंट की। इस कार्निवल अवधि के दौरान जो भी ग्राहक टेक्नो स्मार्टफोन खरीदता है, उसके पास साप्ताहिक लकी ड्रॉ का हिस्सा बनने और महिंद्रा एक्सयूवी 300, बजाज पल्सर बाइक से लेकर टेक्नो स्मार्टफोन और एक्सेसरीज जैसे बम्पर पुरस्कारों से लेकर 1500+ रोमांचक उपहार जीतने का मौका होगा। 'टेक्नो फेस्टिव कार्नीवाल' लकी ड्रा में भाग लेने के लिए, प्रतिभागी को आधिकारिक टेक्नो वेबसाइट/अमेजन/प्रिंट ऐड/सोशल मीडिया आदि पर प्रमोशनल बैनर पर उपलब्ध क्यूआर कोड के माध्यम से खुद को पंजीकृत करना होगा, जो उन्हें टेक्नो के ऑफिशियल व्हाट्सएप अकाउंट पर री-डायरेक्ट करेगा। इसके अलावा प्रतिभागी टेक्नो के आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 9355070200 पर हाई भेजकर सीधे खुद को पंजीकृत कर सकता है।




## 4 वर्ष से गुमशुदा को मिसिंग पर्सन सेल ने तलाश कर किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद।** मिसिंग पर्सन सेल सेक्टर-7 की टीम ने 4 वर्ष पहले से गुमशुदा 52 वर्षीय व्यक्ति को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुमशुदा व्यक्ति वर्ष 2018 में घर से बिना बताए निकल गया था। थाना सारन में मामला दर्ज कर गुमशुदा व्यक्ति की तलाश की जा रही थी। पुलिस मिसिंग पर्सनल हेल्पलाइन इंचार्ज कृष्ण लाल के द्वारा गुमशुदा व्यक्ति को उत्तराखंड के देहरादून से बरामद किया है। व्यक्ति का 4 वर्ष पहले इलाज चल रहा था जो इलाज के दौरान व्यक्ति बिना बताए घर से निकल गया था। गुमशुदा व्यक्ति देहरादून में लावारिस अवस्था में घूम रहा था वहां किसी सज्जन व्यक्ति ने गूगल पर गुमशुदा व्यक्ति का फोटो अपलोड करमिसिंग पर्सन हेल्पलाइन सर्च करके सूचना दी जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए वेबसाइट पर फोटो मैच किया गया, फोटो मैच होने पर फरीदाबाद पुलिस की टीम के द्वारा व्यक्ति को सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

## एमजी मोटर ने सारथी प्रोग्राम के माध्यम से 10,000 शोफरों का कौशल उन्नयन किया



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**एमजी** मोटर इंडिया सारथी प्रोग्राम के तहत 10,000 प्रोफेशनल्स को प्रशिक्षित करने का माइलस्टोन पूरा किया है। यह प्रोग्राम वर्ष 2021 में एमजी के ग्राहकों के शोफरों (निजी ड्राईवरों) को एमजी कारों की नवीनतम तकनीकों के अनुकूल बनाने के उद्देश्य के साथ आरम्भ हुआ था। यह पहल एमजी मोटर के सीएएसई (कनेक्टेड, ऑटोनोमस, शेयर्ड, और इलेक्ट्रिक) यानी संयोजित, स्वायत्त, साझा, और विद्युत् की दृष्टि के अनुसार की गई थी। नॉएडा में आयोजित एक समारोह में आरक्षी उपायुक्त (यातायात), गणेश प्रसाद साहा ने आयोजन में उपस्थित होकर प्रतिभागियों को सम्मानित किया। सम्पूर्ण भारत में 10,000 से अधिक शोफरों की कुशलता बढ़ाकर एम्गी सारथी प्रतिभागियों को एमजी कारों में मौजूद उन्नत विशेषताओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर रहा है। प्रशिक्षण सत्रों में जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने के लिए सुरक्षित वाहन परिचालन और सड़क सुरक्षा तकनीकों से सम्बंधित सबक शामिल किये गए हैं। ग्राहक अपने-अपने शोफर को प्रशिक्षण के लिए साइन अप कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण निःशुल्क है। हाल में, एमजी ने 'एमजी सेवा - सारथी' के शुभारम्भ के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रति अपनी निरंतर वचनबद्धता की भी घोषणा की थी। एमजी सेवा-सारथी वड़ोदरा जिले में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की महिलाओं के लिए मोटर ड्राइविंग का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रोग्राम है।

# पंचायती चुनाव लड़ने से पहले किसान बैंक शाखा में जमा हुए 14 लाख रुपये

### बैंक ने तीन दिन में 270 किसानों को पंचायत चुनाव लड़ने के लिए जारी किए अनापत्ति प्रमाण पत्र

**सोहना।** दी गुड़गांव जिला प्राथमिक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड बैंक शाखा ने बीते तीन दिन में 270 किसानों को पंचायत चुनाव में लड़ने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए है। जिनसे शाखा को करीब 15 लाख रुपये की वसूली हुई है।

ग्राम पंचायत चुनाव में पंच पद से लेकर सरपंच, समिति सदस्य और जिला पार्षद पद के लिए चुनाव मैदान में उतरने वालों को तीन बैंक शाखाओं समेत बिजली निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। जिसको लेकर सभी बैंक और निगम कार्यालय में अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने वालों की लाइन लंबी होने लगी है। दी गुड़गांव जिला प्राथमिक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड बैंक शाखा के फील्ड अधिकारी रणदीप सिंह ने बताया कि तीन दिन में उनकी शाखा से 270 किसानों ने प्रमाण पत्र लिया है। वैसे तो सामान्य फीस मात्र 100 रुपये है, लेकिन शाखा का जिन किसानों पर बकाया है। उसे तुरन्त वसूला जा रहा है। उनकी शाखा में तीन दिन में करीब 15 लाख रुपये किसान और अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने वालों से वसूल हुआ है। उन्होंने बताया कि गांव सतलाका निवासी किसान ने चुनाव लड़ने के लिए शाखा को ब्याज समेत करीब 14 लाख रुपये जमा कराया है। किसान द्वारा जमा कराई गई इतनी बड़ी रकम के जमा कराने के बाद वह या उसका परिवार का सदस्य चुनाव मैदान में उतर रहा है। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर तक अनापत्ति प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

## दिल्ली में आछो का पहला स्टोर लॉन्च हुआ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देश** के प्रमुख ऑनलाइन एथनिक फैशन ब्रांडों में से एक, जयपुर स्थित आछो ने हाल ही में एंबियंस मॉल वसंत कुंज में अपना पहला ऑफलाइन स्टोर खोला है। अभिनेत्री संजना सांघी, ने स्टोर लांच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। यह हालही में लांच ब्रांड के फेस्टिव कलेक्शन का भी रही थी। निकी मेहरा, अरिशा और अमिता शर्मा जैसे लोकप्रिय मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लूयन्सर, सहित ब्रांड के फाउंडर रिमझिम हाडा और अनुराग सिंह खंगारोट भी इस मौके पर मौजूद थे।

पिछले 4 वर्षों में, आछो देश में शीर्ष ऑनलाइन एथनिक फैशन ब्रांडों में से एक बन गया है। इस स्टोर लॉन्च के साथ, ब्रांड अपने ऑफ्लाइन स्टॊर्ज को देशभर में खोलने की योजना बना रहा है, जो कि संस्थापकों के अनुसार, लंबे समय से रुकी हुई है। आछो के को-फाउंडर, अनुराग सिंह खंगारोट कहा हमने अपनी यात्रा ऑनलाइन शुरू की थी, लेकिन जैसे-जैसे हम बढ़ते गए, हमें विश्वास था कि ओमनीचैनल की उपस्थिति हमारे ब्रांड की पहचान और वैल्यू को और बढ़ाएगी। आगे उन्होंने कहा, पिछले दो साल चुनौतीपूर्ण रहे हैं, लेकिन हम साल-दर-साल 20 फीसद की वृद्धि पर आचो को बढ़ाने में कामयाब रहे हैं और हमारी ऑफ्लाइन स्टॊर्ज की विस्तार योजना अब गति में है, हम आने वाले कुछ वर्षों में काफी स्टॊर्ज खोलने वाले हैं। एंबियंस मॉल की दूसरी मंजिल पर स्थित, स्टोर लगभग 1000 वर्ग फुट के कारपेट एरिया में फैला हुआ है। इंटीरियर के बारे में बात करते हुए, को-फ़ाउंडर रिमझिम हाड़ा ने बताया कि कैसे उनका पहला रीटेल स्टोर डिज़ाइन किया गया है जो उनके होम टाउन 'जयपुर' से प्रेरित है। हमने डिस्प्ले आर्च शेप का रखा है और फिटिंग रूम का दरवाज़ा राजस्थान के महलों के दरवाजे जैसा है जो ये दर्शाता है की आप राजस्थान के किसी रॉयल महल में जा रहे है। साथ ही, हमने बाकी पूरे स्टोर को काफी मॉडर्न रखा है ताकि वो मेट्रो सिटी के ग्राहकों को भी पसंद आये और हमारी ब्रांड की संस्कृति को भी दर्शाए। दिवाली के लिए लॉन्च किया गया, फेस्टिव एथनिक फैशन कलेक्शन स्टोर स्टोर पर उपलब्ध है जिसमें फैशन कलेक्शन, जूती, स्टेटमेंट ज्वैलरी और एक्सेसरीज शामिल है।



# दीपावली को लेकर बनाया मात्र तीन बिस्तरों का बर्न वार्ड

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में दीपावली की सभी तैयारियां करीब करीब पूरी हो चुकी है। जिले में दीपो के पर्व दीपावली पर जहां पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध है, लेकिन शहर में जगह पटाखें जलाए जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कुछ समय पहले संजय कालोनी में बारूद पाइप में भरकर फोड़ने से दो बच्चे बुरी तरह से झुलस गए थे। लेकिन उसे बीके से रेफर कर पल्ला झाड़ लिया था। इस हादसे को देखकर लगा कि आज भी आतिशबाजी का जमकर इस्तेमाल हो रहा है। लेकिन इस आतिशबाजी से झुलस कर आने वालों के लिए बीके अस्पताल में किसी तरह का कोई प्रबंध अब तक नहीं किया है। दीपावली के चार दिन पहले बृहस्पतिवार को अस्पताल में मात्र तीन बिस्तरों का बर्न वार्ड ही देखने को मिला।

## अतिशबाजी पर लगाए गए प्रतिबंध से निश्चिंत हैं बीके अस्पताल प्रशासन



बीके अस्पताल में मौजूद तीन बिस्तरों का बर्न वार्ड।

**प्रतिबंध के बाद भी बिक्री:** हालांकि पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध है, लेकिन इसके बावजूद भी आज चोरी छुपे पटाखों की बिक्री नहीं रूक रही है। वहीं धड़ल्ले से पटाखे दीपावली के त्योहार को देखते हुए तैयार किए जा रहे थे, इस बात का खुलासा पुलिस और सीएम फ्लाइंग के द्वारा किए जा रहे छापों के दौरान हो रहा है। पिछले दिनों जीएसटी की तरफ से पलवल के बघौला में 50 लाख रुपये नकद और करोड़ों रुपये के पटाखे 21 गोदामों से छापेमारी के दौरान बरामद किये गए थे। वहीं बुधवार की देर शाम ग्रेटर फरीदाबाद स्थित आरपीएस पटाखे गोदाम पर छापेमारी की गई। लेकिन जिलेभर में छापेमारी के बाद भी पटाखे चोरी-छिपे बिक रहे हैं।

**मात्र तीन बिस्तर :** बीके अस्पताल में हर साल दीपावली पर बर्न वार्ड तैयार किया जाता है। ताकि आतिशबाजी से झुलस कर आने वाले मरीजों को अस्पताल के वर्न वार्ड में भर्ती किया जा सके। लेकिन इस बार दीपावली से चार दिन पहले यानि बृहस्पतिवार को बीके अस्पताल में मात्र तीन बिस्तरों का बर्न वार्ड देखने को मिला। जबकि यहां दशहरे से पहले ही अतिशबाजी में झुलस कर दो बच्चे आए थे। लेकिन इसके बाद भी अस्पताल प्रबंधन ने बर्न वार्ड तैयार नहीं किया। इससे लगता है कि अस्पताल प्रशासन अतिशबाजी पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर पूरी तरह निश्चिंत है।

# प्रदूषण रोकने को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान सख्ती से होगा लागू : उपायुक्त

## उपायुक्त विक्रम ने कहा, आदेशों की अवहेलना होने पर होगी कार्यवाही

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** विक्रम ने बताया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जिला फरीदाबाद में वायु की गिरती गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए व उसमें सुधार हेतु संशोधित ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान लागू किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि संशोधित ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के क्रियान्वन के लिए गठित उप-समिति द्वारा बुधवार, 5 अक्टूबर को वायु गुणवत्ता को लेकर एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था।

बैठक में उप-समिति द्वारा यह पाया गया कि पिछले 24 घंटे में वायु गुणवत्ता मानकों में अचानक गिरावट आई है जिसके कारण दिल्ली का एक्यूआई पूयर श्रेणी में चला गया है। वायु गुणवत्ता मानकों में में बेहतरी लाने हेतु उप-समिति द्वारा यह एक्शन प्लान लागू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि इस संशोधित ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तहत 500स्क्वायर मीटर या उससे ज्यादा के प्लॉट जो उत्तर प्रदेश सरकार, हरियाणा सरकार और जीएनसीटीडी के संबंधित 'वेब पोर्टल्स' पर अभी तक पंजीकृत नहीं हैं, ऐसी परियोजनाओं पर सी एंड डी गतिविधियों पर रोक होगी। डस्ट मिटिगेशन सी एंड डी वेस्ट से सम्बंधित सभी गॉइड लाइन्स का सख्ती से पालन होगा। म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट (एमएसडब्ल्यू), कंस्ट्रक्शन एवं डेमोलिशन वेस्ट का निर्धारित डंप साईट से नियमित उठान सुनिश्चित होगा और कोई भी कचरा खुली भूमि पर डंप करना वर्जित होगा। समय-समय पर मशीनीकृत स्वीपिंग और पानी का छिड़काव सड़कों और अन्य लैंडफिल साईट पर किया जाएगा। सी एंड डी सामग्री और अपशिष्ट ठीक से निहित हैं, कवर किए गए हैं और परिसर के भीतर संग्रहीत, और निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा में पुनर्नवीनीकरण करने पर ध्यान दिया जाएगा। निर्माण स्थलों पर एंटी-स्मॉग गन के इस्तेमाल के लिए दिशा-निर्देश लागू किए जाएंगे। बायोमास को खुले में जलाना प्रतिबंधित होगा और ऐसा करने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। लैंडफिल साईट पर आगजनी की घटना को रोकने के लिए चौकसी बढाई जाएगी। यातायात के सुचारू प्रवाह के लिए भारी यातायात और भीड़भाड़ वाली जगहों पर यातायात पुलिस तैनात होगी। पीयूसी मानदंडों की सख्ती से अनुपालना करवाई जाएगी। प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को जब्त किया जाएगा अधिकतम जुर्माना लगाया जाएगा।


नियमों के विपरीत कूड़ा जलाने से भी बढ़ रहा है महानगर में प्रदूषण।

# 23 अक्टूबर तक बढ़ाई निगम कर्मचारियों ने हड़ताल


नगर निगम मुख्यालय के गेट पर धरना देकर नारेबाजी करते कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सरकार** की वादा खिलाफी और मांगों के प्रति घोर उपेक्षापूर्ण रवैये के खिलाफ बुधवार से शुरू हुई नगर निगम कर्मचारियों हड़ताल 23 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है।

इसके साथ ही नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने 23 अक्टूबर को काले झंडों के साथ प्रदेश भर में प्रदर्शन करने और काली दीवाली मनाने का ऐलान किया है। यह ऐलान सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरुचरण खाडिया ने हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए किया। वहीं बुधवार से शुरू हुई नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल बृहस्पतिवार को भी जारी रही। हड़ताल के कारण तीनों जोनों के कार्यालयों में काम काज ठप्प रहा। सीवर, सफाई, प्रोपर्टी टैक्स, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आदि का काम बुरी तरह प्रभावित रहा। दीवाली पर घरों से सफाई के कारण शहर में गंदगी फैलनी शुरू हो गई है। तीन दिन हड़ताल बढ़ने से आमजन का काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

# दिवाली पर उपलब्ध हैं सुखदायक अरोमाथेरेपी अगरबत्तियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दिवाली** आती है रंगबिरंगे दीपकों और मनमोहक रोशनी, आकर्षक रंगोली, मां के हाथों की दिवाली मिठाई और परिवार के साथ खुशियों की अनुभूतियों के साथ। अब इस के साथ आपके घर में प्राकृतिक जिरेनियम की सुखद सुगंध, केसर गुलाब की मोहक या पारंपरिक दीवाली स्पेशल चंदन की खुशबू बिखरेगी। चारों ओर अपनेपन का उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार होगा। मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस के घराने से जेड ब्लैक अगरबत्ती जैविक जड़ी-बूटियों से युक्त अरोमाथेरेपी अगरबत्तियों और रिवर्स धूप कोन्स की नवीनतम रेंज क्रमश: 'इक्षा' और 'बैकफ्लो धूप कोन्स' ब्रांड के साथ आपके घरों में थोड़ी खुशी बढ़ाने आ रही है। प्राचीन यूनानियों और मिस्रवासियों के समय से सुगंधित आवश्यक तेल का उपयोग धार्मिक और चिकित्सीय दोनों उद्देश्यों के लिए किया गया है। इस दीवाली घर लाएं खुशियां और माहौल बनायें खुशनुमा जेड ब्लैक द्वारा भारतीय उपभोक्ताओं के लिए बनायी गयी। इन उत्कृष्ट, बजट-अनुकूल अरोमाथेरेपी अगरबत्तियों के साथ।

'इक्षा' का अर्थ है 'दृष्टि' और हम चाहते थे कि इक्षा एक ऐसी दृष्टि बने जो अंदर की ओर ले जाए, एक ऐसा स्थान जहां लोग अरोमाथेरेपी के माध्यम से अपने को और गहराई से समझ सकें और शांति और आत्म-सचेतनता प्राप्त कर सकें। हमने इक्षा को तीन मंत्रमुग्ध करने वाले रूपों में बाजार में उतारा है, पर्पल स्टार, केसर रोज और नेचर्स जेरेनियम। जेरेनियम, वास्तव में एक बहुत लोकप्रिय निर्यात उत्पाद है जो अपनी पुष्पीय सुगंध के कारण मनोदशा के उत्थान और शांति की अनुभूति में सहायक है। अंशुल अग्रवाल, निदेशक, मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस साझा करते हैं, '1992 में हमारी स्थापना के समय से ही, एमडीपीएच ने वैल्यू चेन में रोजगार के अवसर पैदा किए हैं और अपनी विरासत को जारी रखा है। हम आधुनिक विनिर्माण इकाइयों की स्थापना में निवेश कर रहे हैं जिसमें मध्य प्रदेश में इंदौर के पास एक बैकवर्ड इंटीग्रेशन यूनिट भी शामिल है।





# भारत निर्मित सर्जिकल रोबोट का ट्रायल पूरा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नवीनतम** हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल के तहत दिल्ली स्थित राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआई) ने भारत में विकसित पहले सर्जिकल रोबोट एसएसआई मंत्रा का प्राथमिक क्लीनिकल ट्रायल पूरा कर लिया है। इसके लॉन्च के समय से ही आरजीसीआई में मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुधीर रावल के दिशानिर्देश में इस रोबोटिक सिस्टम की प्रभाविता को परखा जा रहा है।

इस अवसर पर डॉ. सुधीर रावल ने कहा, 'देश में नवीनतम टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन को विकसित करने के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने की दिशा में आरजीसीआई सक्रिय सहभागिता के साथ देश में पहले सर्जिकल रोबोट को विकसित करने में मदद कर रहा है। इस रोबोट के बनने से रोबोटिक सर्जरी का खर्चा तिहाई रह जाएगा, जिससे इलाज का यह तरीका ज्यादा से ज्यादा लोगों की पहुंच में होगा।' एसएसआई मंत्रा 1 पर 18 सर्जरी के बाद आरजीसीआई से मिले फीडबैक के आधार पर सर्जिकल रोबोट का उन्नत वर्जन मंत्रा 2 विकसित किया गया था। कुछ अन्य सुधारों के बाद आरजीसीआई में नियमित रूप से विभिन्न जटिल सर्जरी में मंत्रा 2 का प्रयोग किया जा रहा है। आरजीसीआई ने अब तक मंत्रा 2 पर 40 सर्जरी की हैं और हर सप्ताह औसतन तीन सर्जरी इससे की जा रही है। डॉ. रावल ने बताया कि देश के इस पहले सर्जिकल रोबोट की क्षमता को देखने के लिए कई अग्रणी अस्पताल एवं संभावित खरीदार आरजीसीआई आ रहे हैं।



एडवांस्ड रोबोटिक सर्जरी के मामले में देश के अग्रणी संस्थान आरजीसीआई ने कैंसर के इलाज में देश में सबसे ज्यादा रोबोटिक सर्जरी की हैं। इस मामले में प्रख्यात डॉ. रावल ने अकेले ही 4000 रोबोटिक सर्जरी की हैं, जो देश में किसी भी कैंसर सर्जन द्वारा की गयी सर्जरी से ज्यादा हैं।

रोबोटिक सर्जरी ने जेनिटो यूरीनरी ट्रैक्ट (यूरोलॉजी), गायनेकोलॉजिकल कैंसर, जीआई कैंसर, सिर एवं गला तथा फेफड़े के कैंसर के मामले में न्यूनतम चीरफाड़ के साथ सर्जरी को अंजाम देने का क्रांतिकारी तरीका दिया है। बेहद सटीक तरीके से सर्जरी कर पाना, सर्जरी के समय अंगों को स्पष्ट रूप से देखने की सुविधा और शरीर के अंदर छोटे से छोटे हिस्से तक पहुंच, कुछ ऐसी सुविधाएं हैं, जो रोबोटिक सर्जरी से मिली हैं।

# 1300 बसों की खरीद पर जताया सरकार का आभार


रोडवेज कर्मचारियों की यूनियन के पदाधिकारियों से बैठक करते मंत्री मूलचंद शर्मा।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** रोडवेज की 1300 नई बसों की खरीद करने पर प्रदेश की रोडवेज यूनियन ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल और परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का आभार जताया है। गुरुवार को हरियाणा रोडवेज की सभी कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी परिवहन मंत्री के आवास पर पहुंचे और हरियाणा सरकार के इस कदम की प्रशंसा की। इस दौरान परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर रोडवेज के बेड़े को बढ़ा रही है, ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिले।

इस मुलाकात के दौरान रोडवेज यूनियन के पदाधिकारियों ने नई भर्ती, 2016-17 के लंबित बोनस व अन्य मांगे परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के समक्ष रखी। परिवहन मंत्री ने इन मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और कहा कि इन पर विचार किया जाएगा। कर्मचारी यूनियन हरियाणा सरकार द्वारा नई बसों की खरीद पर उत्साहित नजर आई और कहा कि पिछले 20 वर्ष में इतनी बसों की यह सबसे बड़ी खरीद है। परिवहन मंत्री ने कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता व रोडवेज कर्मचारियों के हित में निरंतर प्रयासरत है। हरियाणा रोडवेज गरीब आदमी का जहाज है। आज देशभर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में हरियाणा रोडवेज की धाक है। हरियाणा रोडवेज में आए दिन बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 1300 बसों की खरीद का फैसला लिया है। इसमें 1 हजार सामान्य बसें, 125 मिनी एसी बसें और 150 एसी बसें शामिल हैं। प्रदेश में होगा कुल 5 हजार रोडवेज बसों का बेड़ा: परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा रोडवेज की 100 बसों की बॉडी तैयार हो चुकी है।

# जनता परेशान है, भाजपाई बात कर रहे हैं जन उत्थान की : भारत अरोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कांग्रेसी** नेता एवं पूर्व महापौर अशोक अरोड़ा के पुत्र भारत अरोड़ा ने वीरवार को फरीदाबाद में गृहमंत्री अमित शाह के दौरे तथा स्मार्ट सिटी की खस्ताहाल को लेकर मेन मार्केट नंबर-1 स्थित पूर्व महापौर कार्यालय पर प्रेसवार्ता का आयोजन किया। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए भारत अरोड़ा ने कहा कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अब तो हालात यह हो चुके हैं कि लोगों के घरों तक में सीवरेज का पानी घुस गया है। लेकिन, स्थानीय विधायक और राज्य मंत्री व केंद्रीय मंत्री अपनी मस्ती में मगरुर हैं और विकास के बड़े बड़े वादे करते हैं।

उन्होंने कहा कि कहने के लिए यह सनातनधर्मी सरकार है, परंतु, लंका दहन ओर रावण दहन के दिन जब शोभा यात्राएं निकली तो सनातनियों के स्वरुप हनुमानजी के उस साक्षात्कार स्वरूप को भी सीवर के पानी में होकर गुजरना पड़ा। लेकिन भाजपा सरकार को जब भी शर्म नहीं आई। उन्होंने कहा कि सनातनियों का एक और पर्व कार्तिक माह चल रहा है। इस कार्तिक माह की महत्वता सनातनियों से ज्यादा कोई नहीं जानता। फरीदाबाद की खुशकिस्मती है कि हर गली हर मोहल्ले में कही मंदिर कही गुरुद्वारा साहिब नजर आता है परंतु जब प्रभात फेरी की बात आती है तो लोगों को इस सीवरेज के पानी से होकर गुजरना पड़ता है। जिसके कारण लोगों को अपाने ऊपर शर्मिंदगी महसूस होती है परंतु मौजूदा सरकार को बिल्कुल भी शर्म नही आती है। उन्होंने कहा कि जहा पर मौजूदा सरकार स्मार्ट फरीदाबाद की बात कर रही है वहीं दीपावली जो की सफाई का त्योहार है श्री राम जी के आगमन पर जहां पूरी अयोध्या ने जब दीप जलाए थे तो वहीं मौजूदा सरकार दीपावली के अवसर पर हर किसी को सीवर के पानी में डूबोने का भरसक प्रयास कर रही है। दीपावली पर जहां पूरे शहर को चमकाने की बात हो रही है वहीं मौजूदा सरकार सभी को सीवर के पानी में डुबोने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लगभग सभी स्ट्रीट लाईटे बंद पड़ी है और सुबह-सुबह जिस समय प्रभात फेरी निकलती है तो लोगों को अंधेरे में सीवर के पानी में से होकर जाना पड़ता है। अक्सर कई लोग चोटिल भी हो जाते हैं लेकिन मौजूदा सरकार को कुछ नजर नहीं आता जब वोट मांगने का समय आता है तो हर गली हर मोहल्ले में स्ट्रीट लाइटें बिल्कुल ठीक कर दी जाती है लेकिन वहीं उसके बाद सरकार आम जनता की तरफ मुड़ कर भी नही देखती है। आज एनआईटी के लोग सीवर के पानी में मरने को विवश हैं, मगर विधायक देखकर भी नजरअंदाज कर रहे हैं। हर गली, हर मोहल्ले में सीवर का पानी भरा हुआ है और भाजपाई बात करते हैं जन उत्थान की??...


पत्रकारों से बातचीत करते समाज सेवी भारत अरोड़ा।

# जेसी बोस की डॉ. सोनिया को अनुसंधान के लिए की फंडिंग

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार तथा प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, के भौतिकी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सोनिया बंसल की एक अनुसंधान एवं विकास परियोजना के लिए 32.80 लाख रुपये की फंडिंग को स्वीकृति प्रदान की गई है।

परिषद ने ऊर्जा संचयन उपकरणों के लिए सक्रिय कार्बन पर आधारित अनुसंधान और विकास परियोजना को स्वीकृति दी है, जिसमें डॉ. सोनिया बंसल प्रधान अन्वेषक के रूप में तथा भौतिकी विभाग में सहायक प्रोफेसर अमन जोशी सह-प्रधान अन्वेषक के रूप में काम करेंगे। फंडिंग का उद्देश्य युवा वैज्ञानिकों और अन्वेषकों के ऐसे नवीनतम अनुसंधान विचारों को प्रोत्साहित करना है जो राज्य के विकास के लिए प्रत्यक्ष प्रासंगिकता रखते हैं। यह परियोजना सतत एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उत्पादन पर आधारित है। बायोमास से उत्पन्न कार्बन विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से प्राकृतिक उत्पादों को परिवर्तित करके बनते हैं। यह अनुसंधान बायोमास के अपशिष्ट अवयवों के सुरक्षित पुनर्चक्रण की कठिनाइयों को दूर करेगा तथा निकट भविष्य में ऊर्जा की आवश्यकता को पूरा करेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## जज बनकर बढ़ाया गौरव : बबली



**फरीदाबाद।** आर्य नगर बल्लभगढ़ में पन्हेड़ा खुर्द गांव के रहने वाले एडवोकेट महेश चंद्र शर्मा के पुत्र जितेश कुमार शर्मा के हरियाणा जुडिशल सर्विस में जज सिलेक्शन होने पर बधाई दी। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा फरीदाबाद के साथ साथ सभी का गौरव बढ़ाया है हम उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने जितेश का गुलदस्ता व भगवान परशुराम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पंडित दयाचंद मास्टर, पंडित प्रेमचंद, कुणाल, रामकुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एथलीट खिलाड़ियों ने जीते जिले के लिए पदक



**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक संघ फरीदाबाद के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक तीन दिवसीय राज्य एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन करण स्टेडियम करनाल में किया गया। जिला शिक्षा सहायक खेल अधिकारी हरवीर अधाना ने बताया कि 14 साल आयु वर्ग 400 मीटर दौड में हरिओम सदभावना पब्लिक सैक्टर 10 ने स्वर्ण पदक और 600 मीटर दौड में रजत पदक जीता। सौरव दहनिया डी पी एस सैक्टर 19 स्कूल ने 17 साल आयु वर्ग ट्रिपल जंप में रजत पदक और लांग जंप में कांस्य पदक जीता। प्रशांत शर्मा जेसीएम स्कूल पन्हैडा ने 19 साल लड़का 100 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड में प्रशांत शर्मा जेसीएम स्कूल पन्हैडा, नकुल धनखड, अंकित, रूद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैक्टर 10 और विकास की टीम ने रजत पदक विजेता बनकर जिले का नाम रोशन किया। जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी, जिला शिक्षा सहायक खेल अधिकारी हरवीर अधाना, जिला संघ सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ टीम मैनेजर राजकुमार नागर, सौरव वर्मा, लोकपाल अत्री मोहना और नीरज शर्मा डीपीएस बल्लभगढ ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक जीतने की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की और भविष्य में अच्छा खेल प्रदर्शन करने का आशीर्वाद प्रदान किया।

## तीन तस्करों से 3092 नशीले इंजेक्शन बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने अवैध नशा तस्करी के मुकदमे में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर नशे की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रोहित, मनोज उर्फ सादाब तथा अजय शामिल हैं। आरोपी रोहित फरीदाबाद के बडौली गांव का रहने वाला है। आरोपी मनोज पंजाब के मोहाली तथा आरोपी अजय बिहार के चंपारण का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने 4 अक्टूबर को आरोपी के कब्जे से स्कूटी में रखे बुप्रेनो नशे के 1600 इंजेक्शन बरामद किए गए। आरोपी से जब इसका लाइसेंस मांगा गया तो उसके पास इसके कोई दस्तावेज नहीं थे। आरोपी रोहित ने मोहाली के रहने वाले मनोज से संपर्क किया जो बिहार से आरोपी अजय से यह इंजेक्शन कोरियर के माध्यम से मंगवाता था।

## नाटक के माध्यम से दिखाई दुर्गा मां की शक्तियां

**फरीदाबाद।** आईसीएआई फरीदाबाद की एनआईआरसी की शाखा द्वारा आयोजित दीवाली मिलान समारोह में हरियाणा कला परिषद व संभार्य फाउंडेशन के सहयोग से ब्रेकलेस द आर्ट वर्ल्ड द्वारा चित्रा द साइलेंट स्क्रीम नाटक का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन व लेखन पृथ्वी साहनीजी द्वारा किया। नाटक के माध्यम से मा दुर्गा की शक्तियों का व्याख्यान किया गया साथ कि नारी उत्थान का संदेश दिया गया। कार्यक्रम दीवाली मिलन समारोह के तौर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता के रूप में सीए नीरज मित्तल मौजूद रहे। शाखा के अध्यक्ष सीए हर्ष मित्तल ने बताया इस तरह के कार्यक्रम आपसी भाई चारे को और गहरा करते हैं। कार्यक्रम में सचिव सीए राजेन्द्र सिंह ढिल्लो, उपाध्यक्ष नितेश परासर, खजांची मोहित अग्रवाल, कार्यकारणी सदस्य सनजय कुमार, कनिका गुप्ता, मनुज गर्ग, शिव कुमार शर्मा,विपिन शर्मा, संदीप शर्मा, भाजपा युवा नेता अभिषेक देशवाल मौजूद रहे।

## स्काउट्स गाइड्स जोटा जोटी कैंप में सराय ख्वाजा प्रथम

**फरीदाबाद।** भारत स्काउट्स गाइड्स मुख्यालय में आयोजित पेसठवें जोटा जोटी कैंप में गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा के स्काउट्स और गाइड्स ने प्रशंसनीय प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की जेआरसी और एसजेएबी अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि स्काउट गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली में विद्यालय की दस गाइड्स और पांच स्काउट्स ने कैंप में प्रतिभागिता करते हुए क्विज में प्रथम, ड्राइंग में प्रथम और द्वितीय तथा योगा में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्काउट अनुराग क्विज में प्रथम रहा, गाइड निक्की ड्राइंग में प्रथम और स्काउट विशाल ड्राइंग में द्वितीय एवं गाइड निर्जला योग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्काउट हर्ष, सागर और विकास का भी इन सफलताओं में विशेष सहयोग रहा।

## जन उत्थान रैली को लेकर विधायक ने की बैठक



**फरीदाबाद।** सेक्टर 12 में 27 अक्टूबर को होने जा रही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जन उत्थान रैली को लेकर तिगांव के विधायक राजेश नागर ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। अपने भतौला निवास पर कार्यकर्ताओं संग चर्चा कर उनसे रैली को सफल बनाने का आह्वान किया। नागर ने कहा कि 27 अक्टूबर को हमारे फरीदाबाद के सेक्टर 12 में देश के गृह मंत्री अमित शाह आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पहुंचें। विधायक नागर ने सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपीं और उनसे रैली को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजेश तंवर, वरिष्ठ भाजपा नेता गिर्राज शर्मा, तिगांव मंडल अध्यक्ष गिर्राज त्यागी, लाल मिश्रा, हरीचंद सरपंच, विक्रम प्रताप सिंह, धर्म प्रकाश नागर, सुरेंद्र बिधूड़ी, ग्रेटर फरीदाबाद आरडब्ल्यूए फैडरेशन के प्रधान निर्मल कुलश्रेष्ठ सहित अनेक पार्षद, सरपंच, ग्राम प्रधान, भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करते आठ मनचले पकड़े

**फरीदाबाद।** महिला थाना सेंट्रल प्रभारी गीता की टीम ने महिलाओं तथा छात्राओं के साथ भद्दे कमेंट करने वाले 8 मनचलों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए गए मनचलों में करण, इमरान, सचिन, करण, बिजेंद्र, फिरोज, नितिन तथा शिवम का नाम शामिल है। मनचलों को काबू करने के लिए महिला पुलिसकर्मी सादी वर्दी में मौजूद थीं। युवकों ने जब सादी वर्दी में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ छेड़छाड़ व भद्दे कमेंट करने वाले आरोपी को महिला पुलिस ने उन्हें मौके से काबू कर लिया।

## खड़गे बने अध्यक्ष
### गंभीर चुनौतियां

**खड़गे** आसानी से कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव जीत गए हैं, लेकिन पार्टी को पुनर्जीवित करना उनके लिए कठिन होगा। पार्टी अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की विजय पर कभी कोई संदेह नहीं था। उनको अपने प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को मिले लगभग 1,000 वोटों की तुलना में 7,897 वोट मिले। 'अनाधिकारिक रूप से आधिकारिक' उम्मीदवार खड़गे को गांधी परिवार का आर्शीवाद प्राप्त था। थरूर शुरुआत में चुनाव प्रक्रिया से बहुत प्रसन्न नहीं थे, पर चुनाव संभवत: स्वच्छ हुआ है क्योंकि किसी की शिकायत इस बारे में नहीं आई है। इस शताब्दी में पहली बार एक गैर-गांधी देश की सबसे पुरानी पार्टी का नेतृत्व करेगा। लेकिन इससे देश की सबसे पुरानी पार्टी परिवार-मुक्त नहीं हो जाएगी क्योंकि खड़गे यदि गांधी परिवार से दिशानिर्देश नहीं लेंगे तो भी उनकी सलाह से कामकाज करेंगे। लेकिन इससे भारतीय जनता पार्टी की यह आलोचना कुछ हद तक कमजोर पड़ जाएगी कि कांग्रेस एक परिवारी उद्यम है। लेकिन केवल इतने से ही देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए वह जमीन जीतना आसान नहीं होगा जो उसने हालिया वर्षों में गंवाई है। पार्टी व खासकर नव निर्वाचित अध्यक्ष को बहुत कठोर परिश्रम कर स्वयं को भाजपा के जीवन्त विकल्प की तरह स्थापित करना होगा। केवल सत्तारूढ़ पार्टी की कमियां और गलतियां निकाल कर उसकी निन्दा करने के बजाय कांग्रेस को नीतियों, कार्यक्रमों व वादों के रूप में बहुत कुछ प्रस्तुत करना होगा। यह भी समान रूप से महत्वपूर्ण है कि मतदाता उसके प्रस्तावों को



उचित मानें। इसके लिए जमीनी स्तर पर काफी काम करना जरूरी है। हालांकि, भारत जोड़ो यात्रा इस दिशा में एक अच्छी शुरुआत है, पर इसके लाभों का फायदा उठाने के लिए बहुत कुछ करना होगा।

अनेक राज्यों में चुनाव होने वाले हैं और इनमें कांग्रेस की अच्छी उपस्थिति है। खड़गे को यह सुनिश्चित करना है कि हतोत्साहित कार्यकर्ताओं व जमीनी नेताओं में इतना उत्साह भरा जाए कि वे पार्टी के लिए जोश से काम करें। निकट अतीत में पार्टी के पतन के कारण उनको संगठनात्मक ढांचा मजबूत करना होगा। इसके साथ ही जी-23 के विद्रोह का मामला भी है। ये सभी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और इन सबको पार्टी की मुख्यधारा में लाना खड़गे के परस्पर संबंध बनाने के कौशल की परीक्षा होगी। हालांकि, अब तक जी-23 के नेता भी कांग्रेस में गांधी परिवार का महत्व समझ गए होंगे। 'परिवार' चाहे जैसा अच्छा, बुरा या भद्दा हो, पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं का उस पर विश्वास है। यह परिवार के उम्मीदवार को मिले भारी समर्थन से स्पष्ट है। इसलिए पार्टी नेतृत्व और विद्रोहियों को 'भूलो और माफ करो' की नीति अपनानी होगी। लेकिन यह करने की तुलना में कहना आसान है। परिवार के सदस्यों, खासकर राहुल गांधी व प्रियंका वाड्रा द्वारा लिए सनक भरे फैसलों ने पार्टी के पतन में प्रमुख भूमिका निभाई है। ऐसा कुछ नहीं लगता कि निकट भविष्य में वे अपना रास्ता सुधार लेंगे। कुछ युवा वामपंथियों के पार्टी में शामिल करने से कांग्रेस और ज्यादा भ्रमित हो गई है। 2014 चुनाव के पहले भाजपा के प्रधानमंत्री उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी ने 'अच्छे दिन' का वादा किया था और जनता ने उन पर विश्वास किया। कांग्रेस ऐसी किसी चीज का प्रस्तावा नहीं कर रही है। खड़गे को समझ लेना चाहिए कि नकारात्मक एजेंडे के आधार पर पार्टी को पुनर्जीवित करना बहुत कठिन होगा।

# आतंक की फैक्ट्री है पाकिस्तान

पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर निकलना चाहता है, पर उसने अपनी धरती से आतंकवाद समाप्त करने के लिए कुछ खास नहीं किया है।



**सरदिंदु मुखर्जी**
(लेखक, आईसीएचआर के सदस्य हैं)



वित्तीय कार्रवाई कार्यबल-एफएटीएफ बहुत जल्दी पेरिस में अपनी बैठक करने वाला है। इसमें अन्य मुद्दों के साथ पाकिस्तान की स्थिति पर भी गौर किया जाएगा जो 'ग्रे लिस्ट' से बाहर निकलने के लिए छटपटा रहा है। वह चाहता है कि उसे एक सामान्य सभ्य राज्य के रूप में स्वीकार कर लिया जाए। सिंगापुर के शहर-राज्य की अध्यक्षता वाली इस बैठक का नतीजा चाहे जो निकले, कुछ सिद्धान्त और तथ्य ऐसे हैं जिनको अनदेखा करना यूरोपीय संघ, अमेरिका, ब्रिटेन व अन्य देशों के प्रतिभागियों के लिए उचित नहीं होगा। समान रूप से उनका भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत दृष्टिकोण स्वीकार करने के बारे में नजरिया महत्वपूर्ण होगा। आखिरकार भारत की जनता पाकिस्तानी आतंकवाद की अकेली सबसे बड़ी शिकार है। यूरोप के अनेक देशों, खासकर ब्रिटेन व फ्रांस तथा अमेरिका को इस्लामी आतंकवाद के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ा है। अक्सर ऐसे आतंकवाद के पाकिस्तान से संबंध पाए गए हैं। भारतीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने अपने बयान में कहा है, 'पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केन्द्र है और वह भारत समेत अन्य देशों में लगातार आतंकी गतिविधियों का स्रोत बना हुआ है। पाकिस्तान ने मानव विकास में कोई निवेश नहीं किया है, पर वह लगातार आतंकवाद का टिकाऊ ढांचा बनाने और उसे बनाए रखने में निवेश कर रहा है।' कोई फैसला लेने से पहले सभी प्रतिभागियों को इस बयान को गंभीरता से लेना चाहिए। न केवल भारत, बल्कि सभी शांति प्रेमी लोगों को इसकी उम्मीद है क्योंकि वे पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद जारी रखने के प्रमुख निशाने रहे हैं। तथाकथित आतंकी 'ढांचा' केवल उस खतरे की प्रकृति का एक और आयाम है जिसका सामना मानव सभ्यता को पाकिस्तान व अन्य 'पवित्र' समझे जाने वाले देशों की ओर से करना पड़ रहा है। वे धर्मशास्त्रीय रूप से अनुमोदित 'पवित्र जिहाद' को आगे बढ़ा रहे हैं। लेखी का आंकलन समयानुकूल व उचित है। पाकिस्तान जैसे देश 'दूसरों' के प्रति अंधी घृणा के आधार पर बने और चल रहे हैं। उनका 'मानव विकास' का विचार एकदम अलग विचारों पर आधारित है। यदि बहुत सौम्य तरीके से कहा जाए तो उसमें मानववाद व मानव सभ्यता के संवेदनशील आयामों का अभाव है।

हमें ऐसे तथ्यों का सामना करना चाहिए जो बहुत से लोग जानते हैं, पर वे सभी लोग उनकी अनदेखी करते हैं जो इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। पाकिस्तान तथा अनेक अन्य देशों ने इसे गले लगा लिया है और वे इसकी क्रूरता में कमी लाने या इस एजेंडे पर चलने की प्रतिबद्धता घटाने के कोई संकेत नहीं दे रहे हैं। शुरुआत से ही सभी जानते हैं कि पाकिस्तानी व्यवस्था पर तीन 'ए', यानी अल्लाह, अमेरिका और आर्मी का नियंत्रण है। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए पाकिस्तान का पीड़ित होना तथा दीर्घकालीन रूप से पराजित होना अपरिहार्य है। यह समकालीन इतिहास की एक विडंबना है कि दुनिया के कुछ सर्वाधिक विकसित लोकतांत्रिक देशों ने अक्सर भू-राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए पाकिस्तान को अपने सहयोगी के रूप में बढ़ावा दिया है। यह काम भी भारत जैसे एक लोकतांत्रिक, उदारवादी व सभ्य देश के खिलाफ किया गया। लेकिन भारत के दृष्टिकोण को मजबूती नहीं मिली क्योंकि अक्सर लगातार जारी आतंकवाद के यथार्थ व उसके गहराई से जमे कारणों को स्वीकार नहीं किया गया, जबकि यह जिहाद का प्रमुख कारण है। भारत की समस्या उसके 'विशेषज्ञों का क्षेत्र' है जो पाकिस्तानी राज्य-व्यवस्था में 'कट्टरपंथियों' व 'उदारवादियों' के बीच अंतर कर इसके अनेकानेक अर्थ निकालते रहे। ये विशेषज्ञ विश्वविद्यालय व्यवस्था के क्षेत्रीय अध्ययन विभागों तथा कभी-कभी नार्थ ब्लाक व साउथ ब्लाक में पाए जाते हैं। लेकिन इस प्रकार के विश्लेषणात्मक औजार भले ही अन्य समाजों के वर्गीकरण में लाभदायक सिद्ध हुए हों, पर पाकिस्तान जैसे देशों को समझने में दयनीय रूप से विफल सिद्ध हुए। जापानी विद्वानों ने एक शब्द 'कोकुताई' प्रयोग किया है। इसका अर्थ है कि सरकार की संरचना बदलने के बावजूद राज्य-व्यवस्था के कुछ मूलभूत चरित्र नहीं बदलते हैं। इस समय हमें स्वीकार करना चाहिए कि पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश व हमारे पड़ोस के अनेक देश अचानक उदारवादी व मानवीय नहीं हो जाएंगे।


संवेदनशीलता तथा साथीपन की भावना शताब्दियों में विकसित होती है और जो समाज इस जीवनदायिनी आध्यात्मिक-सांस्कृतिक स्रोत से कट जाते हैं वे बंजर रेगिस्तान में जंगली वनस्पतियों की तरह विकृत व बौने हो जाते हैं। इसलिए उनसे मूलभूत न्यूनतम सभ्य व्यवहार की उम्मीद करना न केवल निरर्थक, बल्कि खतरनाक भी है। सर विडिया ने ऐसे समाजों की अनेक विकृतियों को बहुत शानदार तरीके से सामने रखा, जबकि एक अन्य नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने ऐसे मामलों के प्रति पूर्ण अनदेखी बरती। हालांकि, सिंगापुर बैठक में विभिन्न आयामों पर गौर किया जाएगा तथा एक आतंकी-ढांचे को खतरनाक माना जाता है, लेकिन यह तथ्य अपनी जगह है कि अनेक अन्य आयामों पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता है। इनसे सरकार तथा प्रभुत्वशाली सत्तारूढ़ समूह परिभाषित होते हैं और पाकिस्तान के मामले में यह पूरी तरह सुन्नी मुसलमान हैं। हम यह तथ्य भुला नहीं सकते कि जिन्ना जैसे 'संविधानवादी' व अंग्रेजी शिक्षित शिया ने कोलकाता में 16 अगस्त, 1946 को 'सीधी कार्रवाई' आयोजित की थी जिसने विभाजन की प्रक्रिया तेज कर दी। इसके बाद पाकिस्तान में तेजी से व रक्तपात के माध्यम से अल्पसंख्यकों का सफाया किया गया। इससे हम पाकिस्तानी राज्य-व्यवस्था के सर्वाधिक महत्वपूर्ण आयाम तक पहुंचते हैं जो गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों के प्रति क्रूर व्यवहार करता है जिनमें से अधिकांश हिंदू हैं तथा मूर्तिपूजकों से घृणा करता है।

पाकिस्तान में अन्य गैर-मुस्लिमों के साथ मिला कर उनको 'अविश्वासियों' के रूप में घृणा का शिकार बनाया गया है। 1947 में देश विभाजन-स्वतंत्रता के समय उनकी संख्या 23 प्रतिशत थी, जबकि अब वे घट कर लगभग 2 प्रतिशत रह गए हैं। उन्होंने हर किस्म के आतंकी-बल का सामना किया है। उनकी महिलाओं का अपहरण कर उनको मुस्लिम अपहरणकर्ताओं से निकाह के लिए मजबूर किया गया। असहाय हिंदुओं व ईसाइयों के खिलाफ फर्जी 'ईशनिन्दा' आरोप लगाए गए, उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया तथा उनको भयानक भेदभाव व अस्वीकार्यता का शिकार बनाया गया। उनको रोज इन त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। हृदयविदारक अनेक घटनाओं की यह अनन्त सूची है। पाकिस्तान व बांग्लादेश के ऐसे हजारों हजार पीड़ितों को भारत में शरण मिली है। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा पास नागरिकता संशोधन कानून, 2019 का उद्देश्य केवल नस्ली-धार्मिक सफाए के शिकार इन दयनीय लोगों को नागरिकता सुनिश्चित करना है।

यदि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय बिरादरी से प्रभावी रूप से बहिष्कृत नहीं किया गया तथा भारत को नीचा देखना पड़ा तो इसका कारण हमारी राजनीति में लगातार बना रहने वाला एक वाइरस है जिसे राजनीतिक व्यवस्था, मीडिया, अकादमिया, मनोरंजन उद्योग तथा खेल जगत में महत्वपूर्ण स्थान मिला। वह मानवता के खिलाफ पाकिस्तान के आपराधिक रिकार्ड को अनदेखा करता है, भारत के वैध सरोकारों को कमजोर करता है तथा भयभीत व घटते काफिर अल्पसंख्यकों को हाशिए पर धकेलता है। समय आ गया है कि उसे प्रभावी रूप से निष्प्रभावी किया जाए। इसलिए भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा अपने पाकिस्तानी समकक्षों को कौशल बताने तथा मूलभूत रूप से फर्जी या निरर्थक ट्रैक-2 या ट्रैक-3 या ट्रैक-4 राजनय की अक्सर आने वाली खबरों से पाकिस्तानी दृष्टिकोण में कोई परिवर्तन नहीं होने जा रहा है। 'अविश्वासियों' के जीवन की पवित्रता के प्रति उनके दृष्टिकोण में कोई अंतर नहीं आएगा, फिर चाहे वे पाकिस्तान के भीतर हों या भारत के भीतर। समय आ गया है कि दुनिया के लोकतांत्रिक व सभ्य देश पाकिस्तान की असली सूरत पहचानें। नायपाल के अनुसार उसका वर्तमान दर्जा एक आतंकवादी राज्य या 'अपराधी उद्यम' की तरह है। पूर्व अमेरिकी विदेश सचिव मैडलीन अल्ब्राइट तथा अभी हाल में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उसे 'दुनिया के सर्वाधिक खतरनाक देशों में से एक' माना है। इस पर गंभीरता से गौर कर उपयुक्त कदम उठाए जाने चाहिए। हम जितनी जल्दी यह काम करेंगे, मानवता के लिए उतना ही अच्छा होगा। विडंबना है कि उचित निदान के बावजूद यह समस्या ज्यादा खतरनाक हो गई है। यह समस्या वाशिंगटन द्वारा हाल में घोषित लड़ाकू विमानों के कई स्क्वार्डन के उपहार से और गंभीर होगी। कोई बच्चा भी जानता है कि उनका प्रयोग केवल भारत के खिलाफ किया जा सकता है।

# चिंताजनक है आनलाइन बाल यौन शोषण

**आर के शुक्ल**
(लेखक पूर्व सीबीआई निदेशक हैं)



निरंतर वैश्विक तकनीकी-मंथन से अमृत और विष दोनों निकले हैं। हमने खुशी के साथ अमृत का स्वागत किया है, लेकिन हाइड्रा जैसे विभिन्न सिर वाला विष, गंभीर और तत्काल चिंता का विषय है। अपराध को, आम तौर पर, अब वैश्विक नेटवर्क के सहारे अंजाम दिया जा रहा है- नशीली दवाओं की तस्करी, मानव तस्करी, आतंकवाद, बाल शोषण आदि की कोई भौगोलिक सीमा नहीं है। लेकिन, सबसे भयावह, घृणास्पद, क्रूर और घिनौना अपराध है- ऑनलाइन बाल यौन शोषण। दु:ख की बात है कि यह तेजी से बढ़ रहा है, गुप्त रूप में तथा कपटपूर्ण और गुमनाम तरीके से।

एक अपमानजनक सच्चाई यह है कि तस्वीरें और वीडियो अनगिनत हैं, जो अक्सर क्षति न पहुंचानेवाले कवर के तहत होते हैं, तथा ये इंटरनेट से जुड़े सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर सोशल नेटवर्किंग और संबद्ध वेबसाइटों के जरिये उपलब्ध हैं। कूट भाषा नेटवर्क, इन विकृत अपराधियों का व्यावहारिक रूप से पता लगाना मुश्किल बनाते हैं। इस अत्यधिक हानिकारक खतरे को दर्शाने के लिए 'चाइल्ड पोर्न', 'किड पोर्न' या 'पोर्नोग्राफी' आदि शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है। प्रत्येक तस्वीर या वीडियो के पीछे, एक वास्तविक बाल पीड़ित है, वास्तविक शोषण है और एक अपराध है। इस तरह की सामग्री का निरंतर निर्माण व वितरण नए और अधिक खुले तस्वीरों की मांग को बढ़ावा देता है, जिससे नए बच्चों के साथ दुर्व्यवहार का चक्र चलता रहता है।

ऑनलाइन बाल यौन शोषण के खिलाफ हमारे बच्चों को बचाने की लड़ाई बहुआयामी है, जिनमें उल्लंघन का अपराधीकरण, रोकथाम, सक्रिय पहचान, आपराधिक जांच, प्रसार पर अंकुश लगाना, पीड़ित की पहचान/पुनर्स्थापन और अपराधी पर मुकदमा चलाना शामिल हैं।

ऑनलाइन स्वीकार्य व्यवहार क्या है और क्या नहीं है- इंटरनेट तक पहुंच रखने वाले किसी भी बच्चे को, इसके बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए। हमें अपने बच्चों को कई उन विकृत व्यवहारों और खतरनाक स्थितियों के बारे में शिक्षित करना होगा, जो उनके सामने ऑनलाइन आ सकते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ऐसी सामग्री का सक्रिय रूप से पता लगाने और उसे प्रतिबंधित करने के लिए नियम व तौर-तरीके विकसित कर रहे हैं। ये निश्चित रूप से समाधान का हिस्सा हैं, लेकिन अपराध की जांच और अभियोजन का महत्व हमेशा की तरह महत्वपूर्ण है।

भारत, दुनिया में बच्चों की सबसे बड़ी आबादी वाले देशों में एक है। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में अठारह वर्ष से कम उम्र के 472 मिलियन बच्चे हैं, जिनमें से 225 मिलियन लड़कियां हैं। भारत में डिजिटल पहुंच भी तेजी से बढ़ रही है। इससे अपराध होने की संभावना बढ़ जाती है।

भारत में, आईटी अधिनियम और पॉक्सो के माध्यम से ऑनलाइन बाल यौन शोषण को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। पॉक्सो बच्चों को सर्वाधिक महत्व देता है और इसके लिए बच्चों के सम्बन्ध में अनुकूल रिपोर्टिंग, साक्ष्य को रिकॉर्ड करना, जांच करना और विशेष न्यायालयों के माध्यम से अपराधों के त्वरित परीक्षण के लिए एक मजबूत कानूनी फ्रेमवर्क प्रदान करता है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) पोस्को कार्यान्वयन की स्थिति की निगरानी करता है।

भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियां, इंटरपोल और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सक्रिय संपर्क के माध्यम से, ऑनलाइन बाल शोषण के खिलाफ लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। सामग्री को रोकने और जानकारी साझा करने के अलावा, अपराधों की जांच को भी उच्च प्राथमिकता दी जाती है। सीबीआई ने ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री के बारे में जानकारी एकत्र करने, मिलान करने, जांच करने और इसे बड़े पैमाने पर लागू करने के लिए एक समर्पित प्रकोष्ठ की स्थापना की है।

इस खतरे से लड़ने की प्रतिबद्धता के अनुरूप, सीबीआई बाल यौन शोषण सामग्री (आईसीएसई) के बारे में सहयोग प्राप्त करने के लिए इंटरपोल द्वारा स्थापित अंतर्राष्ट्रीय बाल यौन शोषण (सीएसएएम) डेटाबेस में शामिल हो गई है। भारत इस डेटाबेस में शामिल होने वाला 68वां सदस्य देश है। डेटाबेस में 27 लाख से अधिक तस्वीरें हैं और इससे 23,000 से अधिक पीड़ितों की पहचान करने में मदद मिली है। इंटरपोल के महासचिव ने हाल ही में डेटाबेस की उपयोगिता के बारे में कहा है कि यह दैनिक आधार पर औसतन 7 पीड़ितों की पहचान करता है।

यह महसूस करते हुए कि संयुक्त व समन्वित खुफिया आधारित कार्रवाई, संचालन प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण हैं, सीबीआई ने हाल के वर्षों में अखिल भारतीय अभियान चलाए हैं। 2021 में ऑपरेशन कार्बन और 2022 में ऑपरेशन मेघ चक्र। दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि खतरा देश के सभी हिस्सों में फैल चुका है। अब केवल इतना ही, दुनिया भर में 100 से अधिक न्यायालय क्षेत्राधिकारों में अपराध की मौजूदगी है। वास्तविक चुनौती इस कार्रवाई को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने की है। फिर भी, एक देशव्यापी कार्रवाई लोगों के बीच जागरूकता फैलाने में बहुत मदद करती हैं।

जब 100 से अधिक न्यायालय क्षेत्राधिकारों से जुड़े अपराधी एक जघन्य अपराध में बिना किसी बाधा के हाथ मिला सकते हैं, तो यह विडंबना ही है कि कानून प्रवर्तन को एक विश्वसनीय और समन्वित जवाबी कार्रवाई करने में न केवल महीनों बल्कि वर्षों का समय लग जाता है। पारस्परिक कानूनी सहायता में देरी होती है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को क्षेत्रीयता के कारण जांच के लिए वास्तविक समय पर कार्रवाई योग्य डेटा का अभाव, अधिकार क्षेत्रों में डेटा साझा करने का जटिल तंत्र, अपराधियों द्वारा बेनामी/छद्म नाम/वीपीएन/समान तकनीक वाले नेटवर्क का उपयोग, नकली आईडी का उपयोग आदि बाधाओं का भी सामना करना पड़ता है।

ऑनलाइन बाल शोषण की तुलना अन्य अपराधों से नहीं की जा सकती। नीति निर्माण और कानून प्रवर्तन को क्षेत्रीय बाधाओं, कानूनी विषमताओं और जटिल प्रक्रियाओं में फंसने की बजाय समाधान ढूंढने की जरूरत है। एक जिम्मेदार वैश्विक समुदाय के रूप में, हमें अपने सभी मतभेदों को दूर करना चाहिए और इस खतरे के खिलाफ एक वास्तविक वैश्विक प्रयास के साथ एक ठोस जवाबी कार्रवाई की जानी चाहिए।

वर्तमान में, इंटरपोल कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच विश्व स्तर पर विश्वास-निर्माण कर सकता है। इसकी स्थिति सबसे अच्छी है- गहरी पैठ के साथ साझेदारियों की विस्तृत श्रृंखला। दिल्ली में आयोजित होने वाली इंटरपोल की आम सभा को मुख्य रूप से इस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिससे यह सर्वोच्च प्राथमिकता बन जाए।

हमारे बच्चे सबसे पहले- हर बार, हर जगह। यह वैश्विक समुदाय के लिए आदर्श वाक्य और लक्ष्य होना चाहिए

## आप की बात

### कांग्रेस को मिला नया अध्यक्ष

**कांग्रेस** पार्टी को आज एक नया, पूर्णकालिक, निर्वाचित और गांधी परिवार से बाहर का अध्यक्ष मिल गया। करीब 89 फीसदी वोट पाकर मल्लिकार्जुन खरगे अध्यक्ष घोषित किए गए। इस पर मायावती ने ट्वीट किया, कांग्रेस का इतिहास गवाह है कि इन्होंने दलितों व उपेक्षितों के मसीहा परमपूज्य बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर व इनके समाज की हमेशा उपेक्षा/तिरस्कार किया। इस पार्टी को अपने अच्छे दिनों में दलितों की सुरक्षा व सम्मान की याद नहीं आती बल्कि बुरे दिनों में इनको बलि का बकरा बनाते हैं। शशि थरूर के मुकाबले बुजुर्ग खरगे का चुना जाना यानी रिमोट अब भी गांधी परिवार के हाथों में ही रहना है. इतना जरूर होगा कि अब हर चुनावी हार का ठीकरा गांधी परिवार के बजाय खरगे के सिर पर फोड़ा जाएगा. दूसरा खरगे जी के अध्यक्ष बनने से कोई बहुत बड़ी क्रांति होने वाली नहीं है. यदि शशी थरूर को कांग्रेस कार्यकारिणी मे नही लिया जाता है तो कांग्रेस के गुटबंदी में एक गुट और बढ़ जाएगा, और थरूर उनके साथ जो 25 प्रतिशत कांग्रेसी हैं उन्हें भी अपने साथ बनाए रखना कांग्रेस के लिए अत्यावश्यक होगा .कांग्रेस को अपना खोया हुआ जनाधार वापस पाने के लिए अभी लंबा सफर तय करना होगा।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### जमीन से जुड़े नेता का अंत

**मुलायम** सिंह यादव के निधन के साथ ही जमीन से जुड़े एक और नेता का अंत हो गया। उन्होंने राजनीति में एक लंबी पारी खेली एवं शीर्ष पदों पर रहे। 1967 में वे पहली बार विधायक का चुनाव लड़े। वे सात बार सांसद, तीन बार सीएम, केंद्र सरकार में रक्षा मंत्री एवं आठ बार नेता प्रतिपक्ष रहे। ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े होने के कारण वे गांव एवं ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं से भली- भांति परिचित थे। कॉलेज की पढ़ाई पूर्ण करने के पश्चात उन्होंने उसी कॉलेज में शिक्षक की नौकरी भी करी। वे पहलवानी का शौक भी रखते थे। पहली बार 1967 में विधायक का चुनाव लड़ते समय उनके पास सिर्फ एक साइकिल थी। उस समय गांव के लोगों का उन्हें व्यापक समर्थन एवं प्यार मिला। यहां तक कि लोगों ने उनका चुनाव खर्च भी उठाया। उस समय उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार को हराकर वह सीट अपने नाम की थी। 1990 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के समय उन्होंने हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं पर गोली चलाने का आदेश दिया था। तभी से वे हिंदू विरोधी माने जाने लगे एवं उन्हें 'मुल्ला मुलायम' की उपाधि से नवाजा गया था।

– **ललित महालकरी,** इंदौर

### भारत की संतुलनकारी भूमिका

**जब** से रूस यूक्रेन का युद्ध शुरू हुआ है भारत ने हमेशा अपनी संतुलनकारी भूमिका को ठीक तरह से यहां निभाया है। इसका कारण वह जानता है कि रूस ने यूक्रेन पर जो हमला किया है वह गलत है अत: उसकी आलोचना करना भी बेहद जरूरी है। भारत ने सारे विश्व जनमत के साथ इस बात को फिर गलत भी ठहराया है पर वह यह भी जानता है कि रूस ही वह देश है जो हमेशा सीना तान कर सारे विश्व में दुख सुख में भारत का साथ देता है। आज कश्मीर के मामले में सारे विश्व में रूस ही एकमात्र ऐसा देश है जो हमेशा ढाल बनकर भारत का साथ देता है। पर आज उसने कुछ गलत किया है तो भारत उसे गलत ठहरा रहा है। यही कारण है कि पिछले 8 माह से एक संतुलन को बैठाने का प्रयास भारत कर रहा है इसीलिए जब संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस के खिलाफ मतदान की बात आती है तो उसके खिलाफ भारत मतदान में भाग नहीं लेता है रूस भी भारत की मजबूरी को समझता है एवं इसी कारण आज भारत की हर बात को समझता है उसका सम्मान भी करता है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**पार्टी** में थोड़ी गतिशीलता आई है। जहां तक गांधी परिवार का सवाल है, मैंने हमेशा कहा कि वे निष्पक्ष हैं।

– **शशि थरूर**
कांग्रेस नेता



अमेरिका ने एक सुरक्षित व समृद्ध पाकिस्तान को हमेशा अपने हित में माना है। विश्वास है कि पाकिस्तान अपने नाभिकीय संसाधनों की सुरक्षा में सक्षम है।

– **वेदांत पटेल**
अमेरिकी विदेश विभाग के उप-प्रवक्ता



**भारत** के प्रधान न्यायाधीश के रूप में जस्टिस चंद्रचूड़ के बारे में कोई संदेह नहीं है। इस बारे में किसी के पत्र का कोई महत्व नहीं है।

– **सुब्रमण्यम स्वामी**
भाजपा नेता

# अयोध्या में 20 हजार करोड़ से अधिक की लागत से हो रहे विकास कार्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ का मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट आस्था और समर्पण का भाव स्वत: स्फूर्त रूप से दिख रहा है। पांच साल पहले जो अयोध्या राजनीतिक रूप से अछूत मानी जाती थी आज वही अयोध्या वैश्विक नगरी बनकर उभर रही है। सीएम योगी ने अयोध्या को वैश्विक नगरी बनाने में कोई कसर भी नहीं छोड़ी है। अयोध्या में 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य हो रहे हैं। इसमें दिसंबर तक करीब 17 सौ करोड़ रुपए की परियोजनाएं पूरी हो जाएंगी।

प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या 2024 के पहले वैश्विक नगरी का रूप ले लेगी। सरकार की ओर से विभिन्न विभागों की ओर से कराए जा रहे ज्यादातर प्रोजेक्ट 2024 के पहले पूरे होंगे। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट



से लेकर काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर बन रहा श्रीराम जन्मभूमि कॉरिडोर भी शामिल है। अयोध्या में उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद सबसे अधिक तीन हजार करोड़ रुपए ग्रीन फिल्ड टाउनशिप विकसित करने के लिए खर्च कर रहा है। यह परियोजना मार्च 2024 तक पूरी होनी है और अब तक करीब 83 फीसदी भूमि की खरीद हो चुकी है। अयोध्या को वैश्विक नगरी बनाने में भाजपा की डबल इंजन सरकार भी पूरा सहयोग कर रही है। नेशनल हाइवे अथारिटी ऑफ इंडिया सड़कों के निर्माण पर करीब 12 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है। चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 6657 करोड़ और 5924 करोड़ की लागत से साढ़े 67 किमी लंबा अयोध्या बाईपास बनाया जा रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए 1175 करोड़ रुपए का अनुमोदन है जिसमें 843 करोड़ रुपए निजी भूमि के लिए खर्च किए गए हैं। श्रीराम जन्म भूमि पथ सुग्रीव किला से श्रीराम जन्म भूमि तक चौड़ीकरण, भक्ति पथ चौड़ीकरण, राम पथ से नयाघाट तक चौड़ीकरण, अयोध्या बाईपास रिंग रोड निर्माण, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण, एनएच 27 लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर मार्ग चौड़ीकरण, जगदीशपुर-अयोध्या सेक्शन मार्ग चौड़ीकरण, सालारपुर रेलवे स्टेशन टर्मिनल निर्माण, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना अयोध्या, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना अम्बेडकरनगर,गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना अम्बेडकरनगर पर काम चल रहा है।

## दीपोत्सव के बीच भी बहेगी विकास की धारा

● 66 परियोजनाओं का किया जाएगा लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भव्यतम** दीपोत्सव के बीच भी योगी आदित्यनाथ सरकार विकास के गंगा की धारा बहाना नहीं भूलेगी। विकास ही सरकार का मूलमंत्र है। इसलिए इतने वृहद आयोजन के बीच भी सरकार 66 परियोजनाओं का लोकार्पण करेगी। इनमें नगर विकास, परिवहन, आवास व शहरी नियोजन, लोक निर्माण, पर्यटन, दुग्ध विकास से जुड़ी कई योजनाएं हैं। इन योजनाओं का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। नगर विकास विभाग की ओर से पेयजल योजना के फेज-3 का लोकार्पण होगा। 5456.62 लाख की लागत से इस योजना के जरिये नगर निगम क्षेत्र के लोगों को पीने का स्वच्छ जल मुहैया कराया जाएगा। योगी सरकार की ओर से अयोध्या में ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट का भी निर्माण कराया जाएगा। परिवहन विभाग की इस महत्वाकांक्षी योजना पर 856.84 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सरकार इस बहुप्रतीक्षित योजना के जरिये भी लोगों को जोड़ेगी। योगी सरकार मेमोरियल पार्क का भी निर्माण कराएगी। पर्यटन विभाग की इस योजना पर 2192.03 लाख रुपये खर्च होंगे। यह सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में प्रमुख है। योगी सरकार कुंडों के विकास के लिए भी संकल्पित है। हनुमान कुंड व स्वर्डखनी कुंड का विकास भी होगा। हनुमान कुंड पर 145.44 और स्वर्ण कुंड पे 106.45 लाख रुपये व्यय होंगे। अयोध्या सांस्कृतिक लिहाज से भी काफी समृद्ध है।

## 5 करोड़ से अधिक दीयों की रोशनी में रौशन हुआ गांव, मनी जल दीपावली

● विंध्य-बुंदेलखंड समेत प्रदेश के लगभग 51 लाख ग्रामीण परिवारों में मनी हर घर दीवाली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**दीपावली** से तीन दिन पहले ही यूपी के सैकड़ों गांव गुरुवार को दीयों की रोशनी में नहा उठे। लगभग 51 लाख ग्रामीण परिवारों ने 5 करोड़ से अधिक दीये जलाकर घर तक पानी सप्लाई शुरू होने का जश्न मनाया। वर्षों से साफ पानी का संकट झेल रहे बुंदेलखंड, विंध्य और पूर्वांचल समेत प्रदेश भर के सैकड़ों गांव के लाखों परिवारों के लिए दीवाली स्वच्छ पेयजल का बड़ा तोहफा लेकर आई।

योगी सरकार ने हर घर को नल से जोड़ने की मुहिम चलाई है। ग्रामीणों की खुशी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि घर-घर से शुरू हुआ दीयों के रोशन होने का यह सिलसिला पंचायत भवनों, प्राथमिक स्कूलों, सामुदयिक भवनों तक दिखा। ग्रामीणों की इस खुशी को यादगार बनाने में नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों समेत गांव-गांव कार्य कर रही स्वयंसेवी संस्थाएं और प्रशासनिक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। बुंदेलखंड और विंध्य के तमाम गांव में लोक संगीत की धुन पर ग्रामीण महिलाएं और युवा दीये जलाने के साथ थिरके भी। प्रदेश के कई गांव में स्वयंसेवी संस्थाओं ने पंचायत प्रतिनिधियों को हर घर जल के प्रतीक रूप में जल से भरा नल वाला घड़ा भेंट किया। यह पहला मौका था जब दीपावली से पहले प्रदेश के गांव-गांव में जल जीवन मिशन के तहत जल दीपावली मनाई गई।

## परिवहन निगम के आउटसोर्स कर्मियों को दीवाली पर तोहफा, मिलेगी प्रोत्साहन राशि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश परिवहन निगम में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को भी परिवहन मंत्री के निर्देश पर दीवाली पर तोहफा दिया गया है। 9 से 10 तक ड्यूटी करने वाले आईटीआई संविदा कार्मिकों को अब क्रमश: एकमुश्त 600 एवं 500 रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार ने बताया कि पर्व अवधि (दीपावली एवं छठ) में कार्यरत कार्मिकों को प्रोत्साहित करने के लिए समस्त क्षेत्रीय/सहायक प्रबंधकों को 20 हजार रुपए धनराशि की विशेष स्वीकृति प्रदान की जाती है। जिसका वितरण पर्व अवधि में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कार्मिकों को क्षेत्रीय समिति की संस्तुति पर करेंगे। संजय कुमार ने बताया कि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक डिपो को 50 रुपए प्रति निगम एवं बस के आधार पर आगणित धनराशि डिपो में कार्यरत कर्मियों//उपाधिकारियों के अतिरिक्त कार्यशाला के आउटसोर्स कर्मियों को भी वितरित करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे आउटसोर्स कर्मियों को प्रोत्साहन मिलेगा और वे पूरे मनोयोग से प्रदेश की जनता को परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए मार्ग पर अधिक से अधिक बसें संचालित करने में बेहतर योगदान देंगे।

## पीएम आवास योजना नगरीय में यूपी अव्वल

● सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री से प्राप्त किया अवार्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारत** सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना नगरीय में उत्तर प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के रुप में चुना गया है। इस योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजकोट गुजरात में इंडियन अर्बन हाउसिंग कॉनक्लेव में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को अवार्ड प्रदान किया।

मुख्य सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश की तरफ से यह पुरस्कार प्राप्त करने पर उन्हें बेहद खुशी हुई। प्रधानमंत्री के हाथ से पुरस्कार प्राप्त करना बेहद अविस्मरणीय होता है। उत्तर प्रदेश के लिए यह गौरव का क्षण है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने शहरी आवास में उत्कृष्ट कार्य किया है। मार्च 2017 से पूर्व मात्र 18000 मकान शहरी क्षेत्रों में स्वीकृत थे। किन्तु बहुत तेजी से अब तक कुल 17.06 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 15.34 लाख पर निर्माण शुरू हो गया और 12.04 लाख पूर्ण रूप से शौचालयए गैस, पीने का पानी एवं बिजली की सुविधाओं से लैस तैयार हो चुके घरों में गृह प्रवेश हो चुका है। उन्होंने बताया कि जलवायु-अनुकूल, संसाधनों का ऑप्टिम उपयोग करने वाले बेहतरीन सुविधाओं के साथ एक हजार से अधिक लाइट हाउस प्रोजेक्ट के घर तीव्र निर्माण तकनीक का उपयोग करते हुए बन रहे हैं।

## विकेंद्रीकृत व्यवस्था से गांवों को लगेंगे विकास के पंख: केशव मौर्य

● एमआईएस के संबंध में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि मनरेगा में की गई विकेंद्रीकृत व्यवस्था से गांवो के विकास को नए पंख लगेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि गांवो में छिपी प्रतिभा को उभारकर गांवो को चमकाना है। गांवो के विकास का रोड मैप तैयार कर ऐसा विकास करें कि वह अविस्मरणीय बने। गांवों का विकास कर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश, विकसित प्रदेश व भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाना है। उन्होंने कहा कि गांवों में विकास के हर कार्य के प्रति हमेशा चौतन्य व सजग रहें। प्रधान और कार्मिक समन्वय बनाकर गांव में नवाचार करें।

उपमुख्यमंत्री मौर्य बृहस्पतिवार को लखनऊ के अलीगंज स्थित पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान में एमआईएस के संबंध में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान गांवों के विकास के लिए मूल मंत्र दिए। मौर्य ने जहां कर्मचारियों और प्रधानों में गांवो के विकास के लिये एक नई ऊर्जा व नए जोश का संचार किया वहीं, गांवों के विकास में अपनत्व की भावना बलवती बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती के साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए।

गो-आश्रय स्थलों पर प्रधान अपनी पैनी नजर रखें। गांवों में मिनी फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। गांवों की सृजित परिसंपत्तियों की जियो टैगिंग कराई जाए। गांवों की परिसमासियों को संरक्षित रखने के हर सम्भव प्रयास किए जाएं। मनरेगा के तहत गांवों में 264 प्रकार के काम कराये जा सकते हैं, इन कार्यों के बारे में गांवो में लोगों को जानकारी रहेगी तो और कार्य भी हो सकेंगे। प्रधानों और ग्रामीणो को इसकी जानकारी दी जाए। गोचर की जमीनों को संरक्षित करते हुए उसका उपयोग किया जाय, वहां नैपियर घास लगाने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। गांवो के प्रतिभाशाली व हुनरमंद लोगों की सूची बनाकर वहां पर आवश्यकताओ के अनुरूप फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार की ओर हर सम्भव सहयोग प्रदान किया जाएगा। अपर आयुक्त मनरेगा योगेश कुमार ने मनरेगा के तहत उत्तर प्रदेश में किए जा रहे कार्यों के बारे विभिन्न व्यावहारिक व तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक मनरेगा उमेश कुमार त्यागी, विनोद राय त्रिपाठी, बलिराम, दीपक माथुर सहित विभिन्न जिलों से आए मनरेगा कर्मी व प्रधान मौजूद रहे।

### कौशांबी की बेटी सुनीता को प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया उत्साहवर्धन

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को अपने लखनऊ आवास पर सिल्वर मेडलिस्ट सुनीता देवी को तथागत गौतमबुद्ध एवं महारानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा तथा कुछ प्रोत्साहन राशि भेंट कर उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। ज्ञातव्य है कि जनपद कौशांबी की बेटी सुनीता देवी ने यूथ एशिया एथलेटिक्स चौंपियनशिप कुवैत में आयोजित 3000 मीटर रेस में सिल्वर पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

## उप्र दुग्धशाला विकास व उत्पादन प्रोत्साहन नीति-2022 की अधिसूचना जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने उप्र दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पादन प्रोत्साहन नीति-2022 को प्रख्यापित करते हुए बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी कर दी है। यह नीति आगामी 5 वर्षों के लिए प्रभावी होगी। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में दुग्ध आधारित उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करना, प्रदेश में अगले पांच वर्षों मे 5000 करोड़ के पूंजी निवेश के लक्ष्य को प्राप्त करना तथा दुग्ध उत्पादकों को उनके दूध का बाजार आधारित लाभकारी मूल्य सुनिश्चित कराना है। दुग्ध विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ रजनीश दुबे द्वारा इस संबंध में जारी अधिसूचना में कहा गया है कि प्रदेश में दुग्ध प्रसंस्करण के स्तर को वर्तमान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तक ले जाने में सहायता मिलेगी। इस नीति से उच्च गुणवत्ता के प्रसस्कृत दुग्ध उत्पादों को उपभोक्ताओं को सुलभ कराने तथा बाजार विकास तथा अन्य राज्यों व देशों के निर्यात को बढ़ावा देने, दुग्ध उद्योग के क्षेत्र में नये रोजगार के अवसर सृजित करना एवं उपलब्ध मानक संसाधन की दक्षता एवं कौशल का विकास/उच्चीकरण करने में भी आसानी होगी। इसके माध्यम से निवेशकों की सुविधा के लिये प्रक्रियाओं का सरलीकरण संभव होगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति-2022 अधिसूचना की तिथि से 5 वर्षों के लिए प्रभावी होगी। वे इकाईयां जिन्हें नवीन नीति के लागू होने की तिथि तक उत्तर प्रदेश दुग्ध नीति-2018 के अंतर्गत विभिन्न अनुदान रियायतें स्वीकृत की जा चुकी हैं उन्हें उत्तर प्रदेश दुग्ध नीति 2018 के प्राविधानों के अनुसार अवशेष लाभ अनुमन्य होगा।

## छोटी घटना का भी संज्ञान लेकर विवाद हल कराए पुलिस: डीजीपी

● त्योहारों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम व प्रमुख बाजारों में रोजाना फुट पेट्रोलिंग के पुलिस महानिदेशक ने दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** देवेंद्र सिंह चौहान ने आगामी त्यौहारों विशेषकर दीपावली पर प्रदेश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने और बाजारों में रोजाना फुट पेट्रोलिंग करने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि किसी भी छोटी सी छोटी घटना का भी पुलिस पूरी तत्परता के साथ संज्ञान लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण का विवाद को हल कराए।

इस संबंध में डीजीपी की ओर से सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को परिपत्र जारी किया गया है। उन्होंने कहा है कि शहरों, कस्बों व मोहल्लों आदि में पूर्व से गठित शांति समितियों, नागरिक सुरक्षा समितियों आदि से बैठक व वार्ता कर सभ्रान्त नागरिकों, शांति समिति के सदस्यों, डिजिटल वालेन्टियर आदि का सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाए। कार्यक्रमों के आयोजकों, संचालकों व अन्य पदाधिकारियों आदि के साथ सम्बन्धित अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर बैठक की जाए। थानों पर उपलब्ध त्यौहार रजिस्टर तथा रजिस्टर नं.8 में उपलब्ध प्रवृष्टियों का अध्ययन कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए। डीजीपी ने निर्देशित किया है कि बीट अधिकारी द्वारा अपने-अपने बीटों में भ्रमण कर विवादों आदि की जांच कर ली जाए तथा आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्रवाई करें। प्रमुख बाजारों, सर्राफा बाजार में गश्त व पिकेट का प्रभावी प्रबन्ध कर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी जाए तथा कर्मचारियों को को सजग व सतर्क ड्यूटी के लिए ब्रीफ किया जाए।

## दो सप्ताह में भेजे जाएं बस स्टेशनों को फ्रीडम फाइटर के नाम पर करने के प्रस्ताव

**लखनऊ।** आजादी का अमृत महोत्सव की कार्ययोजना के अंतर्गत बस स्टेशनों व बसों के नामकरण के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति को दो सप्ताह के अंदर नामकरण के प्रस्ताव को निगम को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में अपर प्रबंध निदेशक अन्नपूर्णा गर्ग की ओर से समस्त क्षेत्रीय प्रबंधकों, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अन्नपूर्णा गर्ग ने प्रेषित परिपत्र में पूर्व में भेजे गए पत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि स्वतंत्रा संग्राम की महत्वपूर्ण घटनाओं से जुड़े नगरों से संचालित उप्र परिवहन निगम के बस अड्डों का नामकरण उन घटनाओं के प्रमुख क्रांतिकारियों के नाम पर किया जाए।

## मैनपुरी उप चुनाव पूरी ताकत से लड़ेगी भाजपा: भूपेंद्र चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी साथ ही पांच विधान परिषद की सीटों पर भी भाजपा जीत होगी। इसके लिए पार्टी ने रणनीति तैयार कर ली है। मैनपुरी लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा पूरी दमदारी के साथ चुनाव लड़ेगी और इस बार अवश्य की कमल खिलेगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी आडिटोरियम टाउन हाल देवरिया में आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत चयनित सेवाव्रती कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। जनसंघ से प्रारम्भ हुई हमारी पार्टी आज एक वट वृक्ष के रूप में दुनिया के सामने है। भाजपा सभी वर्गों की पार्टी है जिसमें जाति, धर्म, मत, मजहब के आधार पर नही बल्कि सामूहिकता के आधार पर काम होता है। उन्होंने कहा कि देश के विकास का एजेंडा लेकर हमनें 1996 में केंद्र में एनडीए गठबंधन बनाकर बनाई। अटल जी के नेतृत्व में सरकार ने देश के विकास की प्राथमिकता वाले सारे काम किये। इसी कार्यकाल के दौरान अटल जी ने देश को परमाणु शक्ति सम्पन्न देश बनाया। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार के माध्यम से संकल्प पत्र के संकल्पों को पूर्ण कर रही है।

## कांग्रेस को अच्छे दिनों में नहीं आती दलितों की याद: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस पार्टी पर जोरदार हमला बोला है। इशारों-इशारों में उन्होंने कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। मायावती ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस का इतिहास गवाह है कि इन्होंने दलितों और उपेक्षितों के मसीहा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और उनके समाज की हमेशा उपेक्षा और तिरस्कार किया। इस पार्टी को अपने अच्छे दिनों में दलितों की सुरक्षा और सम्मान की याद नहीं आती बल्कि बुरे दिनों में इनको बलि का बकरा बनाते हैं। दरअसल मल्लिकार्जुन खड़गे कर्नाटक से हैं और दलित जाति से आते हैं। उन्होंने अपने दूसरे ट्वीट में कहा है कि कांग्रेस पार्टी को अपने अच्छे दिनों के लंबे समय में अधिकांश गैर-दलितों को और वर्तमान की तरह सत्ता से बाहर बुरे दिनों में दलितों को आगे रखने की याद आती है। क्या यह छलावा व छद्म राजनीति नहीं? लोग पूछते हैं कि क्या यही है कांग्रेस का दलितों के प्रति वास्तविक प्रेम?

## कांग्रेस अध्यक्ष खाबरी ने दादा मियां की दरगाह पर चादर चढ़ायी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हजरत** ख्वाजा मोहम्मद नबी रजा शाह उर्फ दादा मियां के 115 वें उर्स में शामिल होकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी और प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह ने दरगाह पर हजरत ख्वाजा मोहम्मद सबाहत हसन शाह सज्जादानशीन एवं फरद मियां की मौजूदगी में चादर पेश की और देश एवं प्रदेश वासियों के लिए अमन चैन की दुआ की। इस अवसर पर मीडिया संयोजक अशोक सिंह, नसीम सिद्दीकी (पंडित), प्रदेश प्रवक्ता पंकज तिवारी, सचिन रावत, संजय सिंह, सूफी शराफत अली, सूफी जुबैर अहमद, सूफी अहमद सबाहती, सूफी रियाज, सूफी इजहार आदि प्रमुख रहे।

## सीएम की मंशा के अनुरूप होगा मेजर ध्यानचंद्र स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण

### अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने की यूपी के पहले खेल विवि के निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव खेल विभाग डॉ. नवनीत सहगल ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्ग दर्शन में मेरठ के सरधना में मेजर ध्यानचंद्र स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह देश का पहला खेल विश्वविद्यालय होगा। इसी आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनरूप ही इस विश्वविद्यालय का निर्माण होगा।

सहगल बृहस्पतिवार को वन विभाग के पारिजात सभागार में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। अपर मुख्य सचिव के समक्ष खेल विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में एक ले-आउट का प्रस्तुतिकरण किया गया। उन्होंने इस विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए लोक निर्माण, वित्त तथा नियोजन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रोजेक्ट की डिजाइन एवं खिलाड़ियों की दी जाने वाली सुविधाओं को अंतिम रूप दिया। उन्होंने बताया कि मेरठ के सरधना में प्रस्तावित मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगी। लगभग 90 एकड़ भूमि पर इस उच्च स्तरीय अत्याधुनिक व मार्डन स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण किया जायेगा। इस विश्वविद्यालय में सभी तरह के ओलंपिक खेल से संबंधित अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। यहां खिलाड़ियों को पीएचडी, एमफिल, मास्टर डिग्री, बैचलर डिग्री, पीजी डिप्लोमा करने का अवसर मिलेगा। इसमें 500 महिला और 500 पुरुष खिलाड़ियों के लिए कुल 1000 सीटें होंगी।

इस विश्वविद्यालय में सभी तरह के ओलम्पिक खेलों जैसे-हॉकी, वॉलीबॉल, ट्रैक एण्ड फील्ड, सूटिंग रेंज, जैवलिन थ्रो, भारोत्तोलन आदि की अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। साथ ही पारम्परिक खेल जैसे-मलखम्भ, खो-खो आदि जैसे खेलों के प्रोत्साहन के लिए भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। अत्याधुनिक टर्फ मैदानों के साथ ओलम्पिक साइज स्वीमिंग पूल, साइकिलिंग ट्रैक के साथ ही विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, छात्रों के हॉस्टल एवं प्राध्यापकों व कर्मचारियों के आवास भी निर्मित किए जाएंगे। इसमें खेलों के विकास को लेकर हर तरह के प्रशिक्षण की व्यवस्था होगी। यहां वर्ल्ड क्लास कोचेस को ट्रेनिंग देने के साथ ही खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और खेल विज्ञान व तकनीक में उच्च स्तरीय शिक्षा लेने वालों के लिए सभी तरह के स्पोर्ट्स कोर्सेज में डिग्री दी जाएगी। अपर मुख्य सचिव ने बताया विश्वविद्यालय का मुख्य स्टेडियम 25000 दर्शकों की क्षमता वाला होगा। इसमें फुटबॉल, सिंथेटिक हॉकी ट्रैक के साथ आउटडोर गेम्स के लिए भी इंटरनेशनल स्तर के अलग से मैदान बनाए जाएंगे। इसमें एक मल्टीयूज हॉल और ऑडिटोरियम भी होगा, जिसमें 5000 लोग एक साथ बैठ सकेंगे। इसमें बनने वाले सभी मैदानों अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा कराई जा सकेंगी। स्पोर्टस यूनिवर्सिटी में निशानेबाजी, भारोत्तलन, कैनोइंग, जिमनास्टिक, तीरंदाजी और कयाकिंग जैसी अन्य खेलों की सुविधाएं भी रहेंगी।

## कारागार मंत्री ने माटीकला बोर्ड मेले में पहुंचकर की खरीदारी



● मेले में उत्पादों की बिक्री 9 लाख के पार पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने डालीबाग, लखनऊ स्थित खादी भवन में चल रहे माटीकला बोर्ड मेले का अवलोकन किया। उन्होंने अवलोकन के दौरान मेले में लगी प्रत्येक दुकान पर जाकर दुकानदारों से हालचाल जाना एवं उनके द्वारा बनाए गए बेहतरीन उत्पादों को क्रय भी किया। माटीकला मेले में उत्पदों की बिक्री नौ लाख के पार पहुंच गई है। मेला में अभी तक 9.24 लाख रुपए रुपए की बिक्री की जा चुकी है। यह मेला 23 अक्टूबर 2022 को समाप्त होगा। मेले में मिटट्ी से निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों की एक लम्बी श्रृंखला मौजूद हैं। लोग अपने घरों को सजाने के लिए अपनी पसन्द के गणेश-लक्ष्मी, मिटट्ी से निर्मित डिजाइनर दिये, विभिन्न प्रकार की मूर्तियों एवं बर्तन आदि की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। प्रजापति ने इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस अवलोकन का आशय माटीकला बोर्ड के तत्वावधान में मिट्टी के उत्पादों को बढ़ावा देना एवं उत्पादकों का मनोबल बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मिट्टी से निर्मित प्रत्येक समान अच्छे एवं उपयोगी हैं। प्रजापति ने कहा कि माटीकला बोर्ड का अध्यक्ष रहते हुए इसके विकास के लिए बहुत प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। जिसके परिणामस्वरूप इसका खूब विकास भी हुआ। उन्होंने लोगों से अपील की कि मेले में आकर अधिक से अधिक खरीददारी करें। मिट्टी के बने ये उत्पाद न केवल सुन्दर हैं बल्कि स्वास्थ्य के लिए लाभकारी एवं पर्यावरण के अनुकूल हैं।

**पीसीएस परीक्षाफल में सीतापुर की बेटियों ने किया कमाल**

# सीतापुर की होनहार बेटियों का डिप्टी एसपी व डिप्टी जेलर पद पर हुआ चयन

- सीतापुर की बेटियां बनी डिप्टी एसपी व डिप्टी जेलर
- सीतापुर की आकांक्षा अवस्थी का डिप्टी एसपी पद पर हुआ चयन
- डिप्टी जेलर पद पर प्राप्त की ऑल यूपी पांचवी रैंक
- बिसवां की अनुष्का श्रीवास्तव का डिप्टी जेलर पर हुआ चयन

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** लोकसेवा आयोग द्वारा घोषित किए गए पीसीएस 2021 परीक्षा फल में सीतापुर की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर यह संदेश दिया कि बेटियां किसी मामले में बेटों से कम नहीं है। सीतापुर की दो बेटियों ने डिप्टी एसपी और डिप्टी जेलर बन जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया और अब वह भी अफसर बिटिया कहलाएंगी। होनहार बेटियों ने लगातार मेहनत, लगन व लक्ष्य पर सटीक निगाह रखते हुए यह कामयाबी हांसिल की। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक सीतापुर के पांच होनहारों ने पीसीएस की परीक्षा में सफलता अर्जित की है। जिनमें डिप्टी एसपी के पद पर चयनित हुई आकांक्षा अवस्थी और डिप्टी जेलर के पद पर चयनित हुई अनुष्का श्रीवास्तव के बारे में इस खबर में जानकारी दी जा रही है।

## डिप्टी एसपी बनी सीतापुर की आकांक्षा अवस्थी



**सीतापुर के** मोहल्ला विजय लक्ष्मी नगर निवासी पुलिस हेडक्वाटर में इंस्पेक्टर पद पर तैनात जयनरायण अवस्थी की बड़ी बेटी आकांक्षा अवस्थी ने पीसीएस परीक्षा फल में शानदार प्रदर्शन किया। आकांक्षा का चयन डिप्टी एसपी पद पर हुआ है और डिप्टी एसपी ने उन्होंने ऑल यूपी पांचवी रैंक अर्जित कर सीतापुर का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। आकांक्षा की इंटर तक की शिक्षा सेंट डॉन बास्को इंटर कॉलेज लखीमपुर में हुई। इसके बाद इंटीर्गल यूर्विसिटी लखनऊ से बीबीए की शिक्षा ग्रहण की। 2017 से सिविल सर्विसेज की तैयारी शुरू की और डिप्टी जेलर बनने में कामयाब हुई। तीन भाई बहनों में सबसे बड़ी आकांक्षा का कहना है कि कोचिंग एक जरिया है, सफलता के लिए सेल्फ स्टडी एंव नियमित अभ्यास जरूरी है। आकांक्षा ने बताया कि यूट्यूब भी पढ़ाई में सहायक है, बशर्ते उसका उपयोग सही दिशा और सटीक पाठ्य सामग्री के लिए किया गया हो। आकांक्षा की मां अल्का अवस्थी की मां गृहणी है, वर्तमान में पूरा परिवार लखनऊ की शिवनगर कालोनी में रह रहा है।

## बिसवां की अनुष्का श्रीवास्तव बनी डिप्टी जेलर



बिसवां के पुरवारी टोला मोहल्ले के शिक्षाविद परिवार में जन्मी होनहार बेटी अनुष्का श्रीवास्तव ने पीसीएस परीक्षा फल में शानदार प्रदर्शन करते हुए डिप्टी जेलर बनने में सफलता अर्जित की। रिटायर्ड बैंक अफसर विवेक श्रीवास्तव की छोटी बेटी आकांक्षा ने डिप्टी जेलर पद पर ऑल यूपी पहली रैंक अर्जित कर टॉप किया। आकांक्षा की हाईस्कूल तक की शिक्षा बिसवां के कृष्णा देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज से हुई जबकि इंटरमीडिएट की शिक्षा लखनऊ के प्राइवेट विद्यालय में हुई। आकांक्षा ने लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक की शिक्षा ग्रहण की। और उसके बाद 2015 से सिविल सर्विसेज की तैयारी शुरू की। आकांक्षा ने इससे पहले तीन बार पीसीएस की मेंस परीक्षा में बैठी और पहली बार इंटरव्यू के लिए चयनित हुई। पहली बार में ही इंटरव्यू क्लीयर कर डिप्टी जेलर बन सीतापुर का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। आकांक्षा का कहना है कि उनका लक्ष्य आईएएस बनने का है और इसके लिए वह लगातार तैयारी कर रही है। अपनी सफलता पर आकांक्षा ने कहा कि सफलता के लिए नियमित अभ्यास, तत्परता, संसाधनों का सही उपयोग जरूरी है, इसके साथ ही नियमित अभ्यास, एनसीईआरटी और स्टैंडर्स बुक्स की मद्द से तैयारी करने चाहिए और प्रजटेंशन पर सबसे अधिक ध्यान देना जरूरी है। अनुष्का के दादा जितेन्द्र श्रीवास्तव बिसवां के एसजेडी इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जबकि दादी कल्याणी श्रीवास्तव कृष्णा देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज बिसवां की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या है। अपने दादा व दादी के पदचिन्हों पर चलते हुए आकांक्षा ने अफसर पर क्षेत्र व जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। आकांक्षा की मां अंजू श्रीवास्तव गृहणी जबकि बड़े भाई शास्वत विवेक श्रीवास्तव बिजनेश मैन है।

## निफ्ट में आयोजित हुआ दीक्षांत समारोह 141 विद्यार्थियों को मिली डिग्रियां

**रायबरेली।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, रायबरेली का ग्यारहवां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 141 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गयी। निफ्ट के रायबरेली परिसर में आयोजित इस दीक्षांत समारोह में 2022 बैच से फैशन डिजाइन के 31, एक्सेसरी डिजाइन के 27, फैशन कम्युनिकेशन के 28, लेदर डिजाइन के 27 एवं मास्टर ऑफफैशन मैनेजमेंट के 28 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि श्री अमित मोहन प्रसाद, आई0ए0एस0, अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग और निर्यात प्रोत्साहन हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि श्री शांतमनु, आई0ए0एस0. महानिदेशक, निफ्ट एवं विकास आयुक्त, हस्तशिल्प, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार तथा प्रोफेसर डॉ0 वंदना नारंग, डीन (एकेडमिक) ने दीप प्रज्ज्वलन कर दीक्षांत समारोह प्रारम्भ किया तथा छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्रसाद ने अपने उद्बोधन में बताया की उत्तर प्रदेश सरकार ने नई टेक्सटाइल पॉलिसी लेकर आई है जिसके तहत युवा हस्तशिल्प कलाकारों एवं डिजाइनरों को उनके उद्यमिता विकास के लिए 75 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाएगी। डिग्री एवं अवाड्र्स पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होने कहा की निफ़्ट सृजनशीलता, इन्नोवेशन एवं अपनी अलग सोच एवं दृष्टि के लिए जाना जाने वाला संस्थान है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा यादव सहित जिला उद्योग व खादी ग्रामोद्योग अधिकारी सहित निफ्ट रायबरेली की कैंपस एकेडमिक समन्वयक डॉ0 विद्या राकेश, परीक्षा नियंत्रक एवं संयुक्त निदेशक एन0एस0 बोरा सहित संस्थान के संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी एवं डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक भी मौजूद रहें।इससे पूर्व महानिदेशक निफ्ट ने सभी विभागों फैशन मैनेजमेंट स्टडीज विभाग, फैशन एण्ड लाइफस्टाइल एक्सेसरीज, फैशन कम्युनिकेशन विभाग, फैशन डिजाइन विभाग एवं लेदर डिजाइन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा नयी मटेरियल विंग का उद्घाटन किया। उक्त जानकारी संस्थान के संयुक्त निदेशक नंदन सिंह बोरा द्वारा दी गयी।

## मारपीट का मुकदमा दर्ज

**तिलोई अमेठी।** थानाक्षेत्र क्षेत्र शिवरतनगंज की रिपर्टिंग चौकी इन्हौंना के चिलौली गांव निवासी देवेंद्र कुमार दीक्षित ने पड़ोस के ही गांव सरैया सालारपुर निवासी नंदकिशोर द्विवेदी के ऊपर मारपीट का आरोप लगाते हुए शिवरतंगज थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है। शिवरतनगंज थाने पर दी गई तहरीर में पीड़ति देवेंद्र कुमार दीक्षित ने आरोप लगाया है कि उसकी आटा चक्की सरैया सालारपुर गांव में है।बुधवार को आरोपी नंदकिशोर द्विवेदी चक्की पर आटा लेने आया और बिना पिसाई दिए आटा की गठरी ले जाने लगा तो चक्की पर मौजूद उसके पुत्र अमन दीक्षित ने पैसा देने को कहा इसी बात पर आरोपी नंदकिशोर द्विवेदी ने उसको लात घूंसो से मारने लगा सूचना पर पहुंचे देवेंद्र दीक्षित के साथ भी मारपीट की और एलानिया जान से मारने की धमकी दी।थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ति की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी पीसीएस में हुए चयनित, पीसीएस में सीतापुर के मेधावियों का कमाल

संवाददाता। सीतापुर

**पीसीएस की** परीक्षा में सीतापुर के मेधावियों ने कामयाबी का ऐसा डंका बजाया जिसकी गूंज पूरे प्रदेश में सुनाई दी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा बुधवार देर शाम घोषित किए गए पीसीएस 2021 के परिणाम में जिले के तीन मेधावी चयनित हुए। कहते है कि पढ़ाई की कोई उम्र व सीमा नहीं होती। यदि लक्ष्य पर सटीक निगाह हो तो किसी भी परिस्थिति में कामयाबी का परचम लहरा सकते है। इन तीनों में से एक ऐसे होनहार है जिनका विवाह 25 वर्ष पूर्व हो चुका है, तीन बेटे भी है और उन्होंने संस्कृत प्रवक्ता के पद पर कार्यरत रहते हुए पीसीएस अफसर बन सपने को साकार किया। इसके अतिरिक्त दिवंगत सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी के बेटे ने अपने पिता के सपने को साकार कर डिप्टी एसपी बन जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। आज के मॉर्डन जमाने में जब सभी के हाथ में एंड्रवायड फोन है और हम 5जी इटरनेट की बात करते है, लेकिन एक ऐसे भी मेधावी है जिनके पास की पैड वाला फोन है और निर्धन परिवार से ताल्लुक रखते है, 6 बहने भी है, लेकिन विषम परिस्थितियों में अफसर बन माता-पिता के सपने को साकार किया।

### रेलवे कर्मचारी का बेटा बना डिप्टी एसपी



सीतापुर के मछरेहटा ब्लाक के राजेपारा निवासी महेश कुमार ने डिप्टी एसपी के पद पर चयनित होकर दिवंगत पिता रामनरेश के सपने को साकार किया है। महेश की डिप्टी एसपी में ऑल यूपी 21वीं रैंक जबकि कटैगरी रैंक दो रही। महेश की प्रारम्भिक शिक्षा राजकीय इंटर कॉलेज हरिद्वार में हुई जबकि स्नातक की शिक्षा कानपुर विश्वविद्यालय में हुई। इसके बाद 2018 में वह सिविल सर्विसेज की पढ़ाई के लिए दिल्ली चले गए और तीसरे ही प्रयास में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया। चार भाईयों में सबसे छोटे महेश की मां रामप्यारी गृहणी, बड़े भाई प्रमोद कुमार राजवंशी तंबौर में सहायक अध्यापक, विशेष कुमार रेलवे में इंजीनियर और एक भाई अभिषेक एसएसबी में कंमाड़ो के पद पर तैनात है।

### किसान का बेटा बना अफसर



एंड्रवायड और 5जी नेटवर्क के युग में होनहार प्रशान्त यादव ने कीपैड फोन रखकर सफलता को चूमा है। दरअसल अतिनिर्धन होने के चलते प्रशान्त महंगा फोन नहीं खरीद सकता था फिर भी पीसीएस की परीक्षा को पहली बार में ही पास कर यह संदेश देने का काम किया है कि परीक्षा कितनी ही बड़ी क्यों न हो उसमें गरीबी कभी बाधा नहीं बनती और बड़ी परीक्षा को धनवान ही नहीं पास कर सकते है। सीतापुर के मछरेहटा ब्लाक के बरगदिया निवासी किसान रामसेवक यादव के पुत्र प्रशान्त यादव की प्रारम्भिक पढ़ाई सीतापुर से हुई, जबकि स्नातक की पढ़ाई राममनोहर लोहिया विश्वविद्यालय फैजाबाद से हुई। इसके बाद पहले ही प्रयास में उन्होंने उपकृषि निदेशक बनने में सफलता हांसिल की। प्रशान्त की मां राजकुमारी यादव गृहणी है, प्रशान्त के 2 भाई और 6 बहने है।

## तीन बच्चों का पिता बना पीसीएस



पीसीएस परीक्षा परिणाम में सीतापुर के बेहटा ब्लाक के सुजावलपुर निवासी दिनेश तिवारी ने डीआईओएस की 141वीं रैंक अर्जित कर क्षेत्र व जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। लक्ष्य पर अडिग निगाह रखते हुए दिनेश वर्तमान में लखीमपुर खीरी के जंगबहादुरगंज स्थित केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज में संस्कृत प्रवक्ता के पद पर कार्यरत है। दिनेश की प्रारम्भिक शिक्षा तम्बौर में ही हुई, जबकि इंटर तक की परीक्षा जीआईसी सीतापुर से हुई और स्नातक की शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से की। दिनेश तिवारी के पिता मिश्रीलाल तिवारी रिटायर्ड अध्यापक है, जबकि भाई हरीश सहायक अध्यापक, संदीप बैंक मैनेजर और प्रदीप समीक्षा अधिकारी है। आपको बता दें कि दिनेश का विवाह 25 वर्ष पूर्व लहरपुर की विजय लक्ष्मी तिवारी से हुआ था और उनके तीन बेटे तुषार, मनीष और समर है। लेकिन अपने लक्ष्य पर सटीक निगाह रखते हुए उन्होंने अफसर बन अपने सपने को साकार किया।

## लहरपुर के टिकौना के प्रिंस वर्मा बने एसडीएम

**पीसीएस 2021** परीक्षाफल में सीतापुर के गंवई-गांवो के होनहारों ने शानदार प्रदर्शन किया। लहरपुर के गांव टिकौना निवासी किसान धीरेन्द्र कुमार वर्मा के बेटे प्रिंस वर्मा का चयन एसडीएम के पद पर हुआ है। एसडीएम पद पर प्रिंस ने ऑल यूपी 32वीं रैंके हांसिल की। प्रिंस ने अपनी सफलता पर एसडीएम सचिन राजपूत व दीपिका महर एवं सीतापुर की जिला प्रोबेषन अधिकारी को धन्यवाद दिया। प्रिंस की सफलता पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



# नोडल अधिकारी ने बाढ़ की विभीषिका से निपटने की रणनीति, दिए निर्देश

- नोडल अफसर ने की अफसरों संग बैठक
- बाढ़ का सूरत-ए-हाल जानने निघासन पहुंची

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**गुरुवार** की सुबह शासन से नामित जिले की नोडल अधिकारी, आयुक्त राज्यकर उप्र मिनिस्ती एस (वरिष्ठ आईएएस अधिकारी) जनपद खीरी पहुंची। वह लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पहुंची। बाढ़ राहत, बचाव कार्यों की अफसरों संग समीक्षा की। जरूरी निर्देश दिए। नोडल ने अफसरों से बाढ़ में किए गए प्रयासों एवं पहुंचाई गई राहत जानी। बाढ़ में उत्पन्न चुनौतिया, उनसे निपटने की प्रशासनिक रणनीति जानी। बैठक का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया। नोडल के पूछने पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिला इमरजेंसी एवं ऑपरेशन सेंटर कंट्रोल रूम तीन शिफ्टों में संचालित है। साफ-सफाई, ब्लीचिंग छिड़काव के लिए डीपीआरओ दफ्तर में कंट्रोल रूम संचालित है। बाढ़ के दौरान जनपद में कोई भी जनहानि, पशु हानि नहीं हुई। तहसीलवार बाढ़ की विभीषिका से प्रभावित गांवो में राहत-बचाव कार्यों की जानकारी देकर नक्शे पर शारदा-घाघरा नदियों सहित जिले में बाढ़ की विभीषिका को रेखांकित किया। बाढ़ पूर्व ही मॉक ड्रिल का आयोजन भी हुआ। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बाढ़ की विभीषिका से निपटने के लिए प्रशासनिक प्रयासों को रेखांकित किया। बैठक में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ अरुणेंद्र त्रिपाठी, एडीएम संजय कुमार सिंह, सीवीओ डॉ जगदीश सिंह, एक्शईएन (बाढ़ खंड) राजीव कुमार, एक्सईएन सिंचाई राम बहादुर, डीपीआरओ सौम्यसील सिंह, एसीएमओ अश्विनी समेत सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

नोडल अधिकारी ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह व एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ निघासन के बाढ़ग्रस्त इलाके का सघन भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने तिकुनिया से कौड़ियाला गुरुद्वारे जाने वाले पीएमजेएसवाई मार्ग जो बाढ़ के पानी से कही-कही छतिग्रस्त हो गया, को देखा। अफसरों को निर्देश दिए कि शुक्रवार को पीएम-जीएसवाई, पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड तृतीय एवं आरईडी के अधिशासी अभियंता संयुक्त रूप से भ्रमण कर क्षतिग्रस्त मार्ग को तात्कालिक अनुरक्षण के संबंध में त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त मार्ग पर चेतावनी बोर्ड लगाते हुए रेडियम पट्टी लगवाएं ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। इसके बाद नोडल अफसर ने कौड़ियाला गुरुद्वारा पहुंचकर सिख समुदाय के लोगों से बातचीत करके बाढ़ की वस्तुस्थिति जानी। राहत बचाव कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने गुरुद्वारे में माथा टेका, जनपद की खुशहाली, समृद्धि की कामना की। नोडल अधिकारी बाढ़ग्रस्त ग्राम कौड़ियाला जनकपुर पहुंची, जहां उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई गई राहत, अन्य सहायता के संबंध में जानकारी ली, जिसपर प्रभावितो ने सरकारी सहायता मिलने की बात स्वीकारी। नोडल अधिकारी ने भरोसा दिया कि इस संकट में शासन-प्रशासन उनके साथ खड़ा है। इसी क्रम में वह स्वम प्रभावितों का दुख दर्द जानने के लिए यहां आई है। उन्होंने मोहाना-कर्णाली नदी के किनारे बड़े गुरुद्वारे की सुरक्षा के लिए कटाव निरोधक कार्य की परियोजना देखी, जहां ग्रामीणों ने बताया कि इस परियोजना के बन जाने से गांव सुरक्षित है। बंधे पर एक्सईएन (बाढ़ खंड) राजीव कुमार ने नक्शे के जरिए कटावरोधी परियोजना के तकनीकी पहलू बताए।

# ..दंगाइयों को योगी जी अपने हाथ से लगाएंगे....

- कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

**मोहम्मदी-खीरी।** मेला श्री रामलीला के तत्वावधान में सांस्कृतिक श्रंखला के आखिरी कार्यक्रम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया,जिसमें देश के नामी-गिरामी कवि और कवित्री ने अपना रचना पाठ किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद रेखा अरुण वर्मा और विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। नगरपालिका के चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा और पूर्व चेयरमैन दुर्गा मेहरोत्रा ने आए हुए अतिथियों को बैच और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं सभासदों ने आए हुए कवि और कवित्रियों का बैच लगाकर स्वागत किया। कवि सम्मेलन का संचालन सौरभ जैन ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मशहूर कवयित्री अनामिका अंबर जैन ने सरस्वती वंदना ने ईश्वर से बंदना करते हुए कहा,

*विद्या, स्वर, ज्ञान और लिए दे,*
*सात स्वर स्वरूप को ज्ञान प्रखर दे*

उसके बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत करते हुऐ उन्नाव से आए सुरेश फक्कड़ ने यूं कहा

*सरहद पर जो शहीद हुआ था,*
*हर बूंद पर हिंदुस्तान लिखा था,*

उसके बाद श्रंगार और मोहब्बत की बात करते हुए नैनीताल की मशहूर कवित्री गौरी मिश्रा ने कुछ यूं कहा ,

*बीमारे इश्क में दवा के साथ आई हूं,*
*मैं नैनीताल की ताजी हवा के साथ आई हूं ,*

फिर उसके बाद नौजवानों को मुखातिब करते हुए उन्होंने कहा

*गुलाबी होंठ से ज्यादा गुलाबी गाल कर दूंगी,*
*तुम्हें अपनी मोहब्बत से मैं मालामाल कर दूंगी,*
*बहुत नादान है यूं तो यह नैनीताल की गौरी,*
*मिले ताली तो मैं इस धरती को नैनीताल कर दूंगी,*

राजस्थान से आए कवि सुरेंद्र गजेंद्र ने व्यक्त करते हुए पाकिस्तान से कुछ यू कहा,

*दोनों वक्त का खाना जितना खाता है पाकिस्तान,*
*उतना झूठा छोड़ देता है ऐ पूरा हिंदुस्तान,*
*रक्षा बजट का जितना भी तेरा साल भर का है,*
*दीपावली में हम उतने पटाखे छोड़ देते हैं,*

प्रियंका शुक्ला उन्नाव ने कहा

*मोहब्बत हो तो ऐसी हो जो एक कोहराम हो जाए,*
*कभी आओ तो बाहों में तो मेरी शाम हो जाए,*

कानपुर से आए हास्य और व्यंग के मशहूर कवि हेमंत पांडे ने कोरोना वैक्सीन पर वैक्सीन न लगाने पर एक नेता पर कुछ यूं अंदाज में कहा कि

सबको लगेगा दिन में तुमको रात में लगाएंगे,
दंगाइयों को योगी जी अपने हाथ से लगाएंगे,

फिर पाकिस्तान को नसीहत करते हुए उन्होंने व्यंगात्मक रूप से यह कहा,

हमारे घर के मसले में तुम ना बोला करो,
अमित शाह को भेजेंगे तुम्हारी सरकार चली जाएगी।

वाणी वंदना के बाद अनामिका अंबर ने गीत गजल के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने कहा

*कभी दरिया के भीतर भी समंदर जाग उठता है ,*
*मिले सम्मान हीरे को तो पत्थर जाग उठता है ,*
*तेरा ईश्वर मेरा अल्लाह है मालिक एक ही सबका,*
*मेहरबानी हो जो उसकी तो मुकद्दर जाग उठता है,*

# पेज एक का शेष

## मोदी ने...

पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ रहा है। इससे भारत और दुनिया के कई देशों को उनके शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इस मौके पर कहा कि आवश्यकता से अधिक खपत से धरती पर जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के नुकसान और प्रदूषण की तिगुनी आपात स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने धरती के संसाधनों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल की भी अपील की। गुतारेस ने मौजूदा समय में नीड (जरूरत) पर ग्रीड (लालच) के हावी होने को लेकर खेद जताते हुए लोगों से जीवन जीने का एक दीर्घकालिक तरीका अपनाने का आग्रह किया। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि वह पर्यावरण की दृष्टि से अच्छी नीतियों को आगे बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का समर्थन करते हुए अक्षय ऊर्जा में निवेश बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता से बहुत उत्साहित हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

## राजधानी में...

किया। एमसीडी का पैसा रोककर केजरीवाल निगम का विकास कार्य बंद कराना चाहते हैं लेकिन मोदी सरकार दिल्ली वालों को परेशान नहीं होने देंगी। शाह ने कहा कि कूड़े से बिजली बनाने के इस संयंत्र के शुरू होने से अब रोजाना करीब 7000 मीट्रिक टन कूड़े को प्रोसेस करने की क्षमता हो गई है। 2000 मीट्रिक टन कूड़े की की क्षमता वाले इस संयंत्र के निर्माण से हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा। निगम अगले कुछ दिनों में एक और ऐसा संयंत्र शुरू करने वाला है। इसके बाद दिल्ली से निकलने वाले सारे कूड़े का निस्तारण किया जा सकेगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि कूड़े के प्रबंधन की दिशा में नगर निगम द्वारा 482 ढलावों को बंद कर दिया गया है और इनके स्थान पर लाइब्रेरी व मनोरंजन केंद्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि कचरे से बिजली बनाने के इस संयंत्र के लगने से कूड़े के पहाड़ को खत्म करने में मदद मिलेगी।

## कांग्रेस अध्यक्ष...

जरिए हमारे खिलाफ ये सब आरोप लगाए गए। मिस्त्री ने उत्तर प्रदेश के लिए प्रदेश निर्वाचन अधिकारी रहे रामेश्वर डूडी और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सोज द्वारा लिखे गए पत्र का बिंदुवार जवाब दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि थरूर की टीम ने जिन छह मतपेटियों का उल्लेख किया था उन्हें 19 अक्टूबर को मतगणना शुरू होने से पहले ही थरूर के मतगणना एजेंट सांसद कार्ति चिदंबरम को दिखाया गया था। थरूर की टीम ने पार्टी के मुख्य निर्वाचन प्राधिकारी को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश में चुनाव के दौरान अत्यंत गंभीर अनियमितताओं का मुद्दा उठाया था और मांग की थी कि राज्य में डाले गए सभी मतों को अमान्य किया जाए। थरूर की प्रचार टीम ने पंजाब और तेलंगाना में भी चुनाव के संचालन में गंभीर समस्या के मुद्दे उठाए थे।

## क्रिकेट टीम...

भारत में होने वाले आईसीसी विश्व कप में उनकी भागीदारी पर असर पड़ सकता है। ठाकुर ने यहां शाह के बयान के बाद पैदा हुए विवाद के बारे में पूछे जाने पर चुनिंदा पत्रकारों से बातचीत में कहा, खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। भारतीय टीम के एशिया कप में जाने के बारे में फैसला गृह मंत्रालय करेगा। यह पूछने पर कि क्या अगले साल विश्व कप के लिए भारतीय टीम के सरहद पार जाने की संभावना है, ठाकुर ने कहा, संभावनाएं हमेशा रहती है। किस ने सोचा था कि कोरोना आएगा। कुछ भी हो सकता है लेकिन इसकी ज्यादा संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, हम आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान के साथ खेलते आए हैं लेकिन द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को लेकर हमारा रूख जो पहले था, वह अब भी है। आतंकवाद के साए में क्रिकेट नहीं खेला जा सकता। यह पूछने पर कि आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों के पाकिस्तान दौरे के बाद भी सुरक्षा को लेकर आशंकाएं हैं, ठाकुर ने कहा, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत की स्थिति में फर्क है। उन्होंने पांचवें खेलो इंडिया युवा खेलों की मेजबानी मध्यप्रदेश को सौंपे जाने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम से इतर बातचीत में यह बात कही। अगले साल एशिया कप के बाद भारत में 50 ओवरों का विश्व कप खेला जाना है। ठाकुर ने कहा, भारत में विश्व कप खेलने के लिए क्वालीफाई कर चुकी सभी टीमों को न्यौता दिया जाएगा। भारत अब उस स्थिति में नहीं है कि किसी की सुनेगा और किसी के पास सुनाने का कोई कारण नहीं है। हम सभी का स्वागत करेंगे और उम्मीद है कि सभी आएंगे। मुंबई आतंकी हमले के मद्देनजर भारतीय टीम ने 2008 एशिया कप के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। पाकिस्तानी टीम 2012 में छह मैचों की श्रृंखला के लिए भारत आई थी लेकिन पिछले दस साल में दोनों देशों ने द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेला है।

## गुरुग्राम स्कूल...

सुशील टेकरीवाल ने कहा, हम जल्द से जल्द मुकदमे की सुनवाई कराने की पूरी कोशिश करेंगे और मामले में दोषसिद्धि दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। शीर्ष अदालत अब इस मामले की सुनवाई जनवरी 2023 में करेगी। एक किशोर न्याय बोर्ड ने 17 अक्टूबर को आदेश दिया था कि इस हत्याकांड के आरोपी के खिलाफ वयस्क के रूप में मुकदमा चलाया जाएगा। हरियाणा के गुड़गांव के भोंडसी इलाके में स्कूल के वॉशरूम से पीड़ित का शव बरामद किया गया था। पीड़ित की गला रेतकर हत्या की गई थी। इस भीषण हत्याकांड पर देशव्यापी हंगामे के बाद सीबीआई ने 22 सितंबर, 2017 को गुड़गांव पुलिस से मामला अपने हाथ में ले लिया था।

## ब्रिटिश प्रधानमंत्री...

आम सहमति नहीं बनी है। विपक्षी लेबर पार्टी ने तत्काल आम चुनाव कराने की अपनी मांग दोहराई है। 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर अपने संक्षिप्त बयान में ट्रस ने कहा, मैं मानती हूं कि मैं हालात को देखते हुए उस जनादेश का पालन नहीं कर सकी जिस पर कंजरवेटिव पार्टी ने मुझे चुना था। ट्रस ने कहा कि उन्होंने महाराजा चार्ल्स तृतीय को अपने इस्तीफे के बारे में बताया है और टोरी नेतृत्व चुनाव के प्रभारी 1922 समिति के अध्यक्ष सर ग्राहम ब्रेडी से भी मुलाकात की है। उन्होंने कहा, हम इस बात के लिए सहमत हो गए हैं कि अगले सप्ताह तक नेतृत्व का चुनाव पूरा किया जाना है। इससे सुनिश्चित होगा कि हम अपनी वित्तीय योजनाओं को पूरा करने के मार्ग पर चलें और अपने देश की आर्थिक स्थिरता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाकर रखें। मैं तब तक प्रधानमंत्री रहूंगी जब तक उत्तराधिकारी का चुनाव नहीं हो जाता। अपने पति के साथ 10 डाउनिंग स्ट्रीट से निकल रहीं ट्रस ने कहा कि उन्होंने अत्यधिक अस्थिरता के दौर में पद संभाला था लेकिन अंतत: उन्होंने माना कि वह अपने आर्थिक एजेंडा को पूरा करने के मिशन में विफल रहीं। ट्रस ब्रिटेन की तीसरी महिला प्रधानमंत्री बनी थीं। उनसे पहले मारग्रेट थेचर और थेरेसा मे इस पद पर रह चुकी हैं। सुनक को कंजरवेटिव पार्टी के नेता की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है लेकिन पार्टी के अंदर खींचतान की वजह से तस्वीर अभी साफ नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के करीबी लोगों का कहना है कि 2019 के आम चुनाव में उन्हें मिले जबरदस्त जनादेश को देखते हुए पार्टी को उन्हें वापस लाना चाहिए। हालांकि, ट्रस की मौजूदा परेशानी इस बात की याद दिलाती है कि किस तरह जॉनसन को उनकी पार्टी के सांसदों और मंत्रियों की खुली बगावत के बीच जुलाई में पद छोड़ने और इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा था। एक दिन पहले ही सुएला ब्रेवरमैन ने ट्रस की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

# कांग्रेस ने आदिवासी संस्कृति का अपमान किया

## ● प्रधानमंत्री मोदी ने किया विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

**भाषा।** व्यारा (गुजरात)

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर आदिवासी परंपराओं और संस्कृति का मजाक बनाने का आरोप लगाया और कहा कि समुदाय के लोग अपमान नहीं भूलेंगे और वे पार्टी को सबक सिखाएंगे। गुजरात के आदिवासी बहुल तापी जिले के व्यारा में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि पिछली कांग्रेस सरकारों ने आदिवासी लोगों की स्थिति में सुधार के लिए कभी कदम नहीं उठाए क्योंकि वह सिर्फ चुनाव जीतने पर ध्यान देती थी। मोदी ने कहा कि आदिवासियों को बिजली और गैस कनेक्शन के साथ पक्के घर, सड़क संपर्क, समुदाय के बच्चों के लिए स्कूल, अन्य चीजों के अलावा उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



प्रधानमंत्री बुधवार से अपने गृह राज्य गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं, जहां दिसंबर के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि देश में वर्तमान में आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति हैं और मध्य प्रदेश के राज्यपाल के रूप में आदिवासी पुत्र मंगूभाई पटेल हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, आपने पहले की सरकारें देखी हैं। विभिन्न राज्यों में भाजपा के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकारों के साथ अतीत की कांग्रेस सरकारों की तुलना करें। कांग्रेस नीत सरकारों ने कभी आपके भविष्य के बारे में नहीं सोचा और वे सिर्फ चुनाव जीतने के लिए काम करते थे। चुनाव से पहले वे झूठे वादे करते थे, लेकिन चुनाव के बाद भूल जाते थे। मोदी ने कहा कि दूसरी ओर, भाजपा नीत सरकार ने देश के आदिवासी समुदाय के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने आदिवासी लोगों को संबोधित करते हुए कहा, मैं आपको बताना चाहूंगा कि आपके पूर्वजों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन हमारे काम के कारण अब आपको कम मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अब हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि आपके बच्चों को भविष्य में ऐसी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस आदिवासी रीति-रिवाजों और परंपराओं का मजाक भी उड़ाती थी। अगर किसी समारोह में मैं आदिवासी पगड़ी या जैकेट पहनता था, तो वे मेरा मजाक उड़ाते थे। मैं कांग्रेस को बताना चाहता हूं कि आदिवासी लोग अपने रीति-रिवाजों और परंपराओं का अपमान कभी नहीं भूलेंगे और वे आपको सबक सिखाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा जहां भी सत्ता में है, उसके नेतृत्व वाली सरकारों ने आदिवासी कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मेरे आदिवासी भाइयों और बहनों के पास बिजली, गैस कनेक्शन, शौचालय, घर की ओर जाने वाली सड़क, पास में एक चिकित्सा केंद्र, आय के साधन और बच्चों के लिए एक स्कूल के साथ अपना पक्का घर होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब 20-25 साल पहले इन युवाओं का जन्म हुआ था, तो उमरगाम से लेकर अंबाजी तक पूरे आदिवासी इलाके में बहुत कम स्कूल थे और विज्ञान की पढ़ाई के लिए मुश्किल से ही समुचित सुविधाएं थीं। गुजरात में कल उद्घाटन किए गए मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत आदिवासी तालुकों के लगभग 4,000 स्कूलों का आधुनिकीकरण किया जाएगा। आदिवासी समाज को कुपोषण की समस्या से पूरी तरह मुक्त करना हमारा संकल्प है। इसीलिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा पोषण अभियान शुरू किया है जिसके माध्यम से गर्भावस्था के दौरान माताओं को पौष्टिक भोजन देने में मदद करने के लिए हजारों रुपए दिए जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि पिछले 7-8 वर्षों में आदिवासियों के कल्याण के लिए बजटीय आवंटन तीन गुना से अधिक बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने व्यारा में 1,970 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास पहल की आधारशिला रखी।

उन्होंने सापुतारा से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक की सड़क को बेहतर करने के साथ ही कई अन्य निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिन अन्य परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई उनमें तापी और नर्मदा जिलों में 300 करोड़ रुपए से अधिक की जलापूर्ति परियोजनाएं शामिल हैं।

## सेना 1,000 निगरानी कॉप्टर व रिमोट संचालित 80 मिनी विमान प्रणाली खरीदेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपने समग्र निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए रिमोट संचालित 80 मिनी विमान प्रणाली और 1,000 निगरानी कॉप्टर की खरीद के लिए बृहस्पतिवार को प्रक्रिया शुरू की। अधिकारियों ने कहा कि रिमोट संचालित मिनी विमान दिन और रात की निगरानी तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लक्ष्य का पता लगाने के लिए एक आदर्श मल्टी-सेंसर प्रणाली है। रिमोट संचालित विमान कार्यक्रम के लिए निविदा जमा करने की अंतिम तारीख 16 नवंबर है। प्रणाली लक्ष्य का पता लगाने, पहचानने, विरोधियों के स्थान की सटीक स्थिति के साथ-साथ सैनिकों के जमावड़े की उच्च रिजॉल्यूशन तस्वीरें प्रदान करने में सक्षम होगी।

प्रस्ताव या प्रारंभिक निविदा के अनुरोध के अनुसार चयनित आपूर्तिकर्ता को अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के 12 महीने के भीतर इनकी आपूर्ति करनी होगी। बाय (इंडियन) श्रेणी के तहत रिमोट संचालित मिनी एयरक्राफ्ट सिस्टम की खरीद की जा रही है। आपातकालीन खरीद प्रक्रिया के तहत फास्ट ट्रैक प्रक्रिया के माध्यम से सेना की 1,000 निगरानी कॉप्टर की खरीद का उद्देश्य चीन के साथ सीमा पर निगरानी को बढ़ावा देना भी है। उत्तरी सीमाओं की वर्तमान गतिशील अस्थिर स्थिति निर्बाध निगरानी की जरूरत को रेखांकित करती है। प्रणाली की विवरणिका के अनुसार, भारतीय सेना की निगरानी आवश्यकताओं के लिए तत्काल परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निगरानी कॉप्टर की त्वरित खरीद एक परिचालन अनिवार्यता है, जहां अनुचित/अप्रत्याशित देरी भारतीय सेना की क्षमता और तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। निगरानी कॉप्टर भारतीय सेना को हवाई निगरानी क्षमता और निरंतर सटीक जगह की निगरानी प्रदान करेगा। निगरानी कॉप्टर दिन और रात, वास्तविक समय टोही और निगरानी करने के लिए एक आदर्श मल्टी सेंसर प्रणाली है।

## अनिल देशमुख की जमानत अर्जी पर आज फैसला आने की उम्मीद

**मुंबई।** यहां की विशेष अदालत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को फैसला सुनाएगी जो कथित भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। देशमुख (71) ने ईडी द्वारा दर्ज धनशोधन के मामले में बंबई उच्च न्यायालय से चार अक्टूबर को जमानत मिलने के बाद इस मामले में भी जमानत की अर्जी दी। विशेष सीबीआई अदालत के न्यायाधीश एस.एच ग्वालानी ने बृहस्पतिवार को जमानत अर्जी पर दोनों पक्षों की जिरह पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता को दो नवंबर 2021 को गिरफ्तार किया गया था और इस समय वह न्यायिक हिरासत में हैं। देशमुख को पिछले सप्ताह कॉरोनेरी एंजियोग्राफी के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## किसी और के हितों को साधने के लिए गांगुली को आईसीसी चुनाव से वंचित रखा गया: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) प्रमुख पद के लिए पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली का नामांकन नहीं भेजकर उन्हें इस प्रक्रिया से वंचित करने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे शर्मनाक राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई करार दिया। बनर्जी ने कहा कि अगर प्रसिद्ध क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को भी इस तरह वंचित रखा जाता तब भी वह यही बात कहतीं। उन्होंने आरोप लगाया कि गांगुली को किसी और के हितों को सुरक्षित रखने के लिए चुनाव लड़ने तक का मौका नहीं दिया गया।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, उन्हें आईसीसी में क्यों नहीं भेजा गया? यह किसी के हितों को (क्रिकेट बोर्ड में) साधने के लिए किया गया। मैंने अनेक भाजपा नेताओं से बात की, लेकिन उनका नाम नहीं भेजा गया। उन्हें वंचित किया गया है। यह शर्मनाक राजनीतिक प्रतिशोध का मामला है। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने इस सप्ताह की शुरुआत में गांगुली को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में दूसरा कार्यकाल नहीं मिलने पर हैरानी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध किया था ताकि गांगुली को आईसीसी प्रमुख के पद के लिए चुनाव लड़ने की अनुमति मिल जाए। गांगुली की जगह पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी रोजर बिन्नी को बीसीसीआई का 36वां अध्यक्ष चुना गया है। हालांकि, बीसीसीआई की मंगलवार को हुई जिस एजीएम में यह फैसला लिया, उसमें आईसीसी चुनाव के विषय पर बातचीत नहीं हुई।

## कर्नाटक मंत्रिमंडल ने एससी, एसटी के लिए आरक्षण बढ़ाने को लेकर अध्यादेश लाने का फैसला किया

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक मंत्रिमंडल** ने राज्य में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससीएसटी) के आरक्षण को बढ़ाने के लिए एक अध्यादेश लाने का बृहस्पतिवार को फैसला किया। मंत्रिमंडल ने आठ अक्टूबर को एससीएसटी कोटा बढ़ाने के लिए अपनी औपचारिक मंजूरी दे दी थी। राज्यपाल की मंजूरी के बाद अध्यादेश जारी होने पर एससी के लिए आरक्षण 15 से बढ़कर 17 प्रतिशत और एसटी के लिए तीन से बढ़कर सात प्रतिशत हो जाएगा। हालांकि, इससे कर्नाटक में आरक्षण की सीमा 56 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी जो कि इंदिरा साहनी के फैसले में उच्चतम न्यायालय द्वारा तय की गई 50 प्रतिशत सीमा से ऊपर है। इसलिए सरकार आने वाले दिनों में इसे कानूनी संरक्षण देने के लिए संविधान की 9वीं अनुसूची के तहत कोटा वृद्धि लाने की सिफारिश करेगी।

कानून एवं संसदीय मामलों के मंत्री जे. सी. मधुस्वामी ने मंत्रिमंडल की बैठक यहां संवाददाताओं से कहा, एससीएसटी आरक्षण बढ़ाने के फैसले के बाद हमने मंत्रिमंडल के समक्ष इस आशय संबंधी एक विधेयक पेश किया और इसे राज्यपाल के पास अध्यादेश जारी करने के लिए भेजने का फैसला किया गया। सरकार ने पूर्व में कोटा बढ़ाने के लिए एक कार्यकारी आदेश जारी करने का फैसला किया था। एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा, हमने पहले महसूस किया था कि कार्यकारी निर्णय पर्याप्त होगा, लेकिन बाद में लगा कि अगर अदालत में इस पर सवाल उठाया जाता है तो इससे समस्याएं पैदा हो सकती हैं, इसलिए हमने अध्यादेश लाने का फैसला किया है। मधुस्वामी ने कहा कि अध्यादेश संविधान के विभिन्न वर्गों का हवाला देते हुए एक विस्तृत नोट के साथ आरक्षण में बढ़ोतरी को सही ठहराता है। उन्होंने कहा, हमने इस बात पर जोर दिया है कि पहले कर्नाटक में अनुसूचित जाति के तहत केवल छह जातियां थीं, जिनमें अब 103 जातियां, घुमंतू और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों को जोड़ा गया है, इसलिए जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है, और जैसा कि संविधान पर्याप्त प्रतिनिधित्व के लिए कहता है, हमें एससी के लिए लगभग 17 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय करना होगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह, नायका और नायक जैसे विभिन्न समुदायों को एसटी में शामिल करने के बाद उनकी आबादी में भारी वृद्धि हुई है, और चूंकि वे लगभग सात प्रतिशत हैं, इसलिए उनके आरक्षण में वृद्धि की गई है। एससीएसटी कोटा बढ़ाने का निर्णय कर्नाटक उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति एच. एन. नागमोहन दास की अध्यक्षता में एक आयोग की सिफारिश के अनुरूप है।

## धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव : 32 देशों की 80 फिल्में दिखाई जाएंगी

**धर्मशाला।** धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव के 11वें संस्करण में 32 देशों की 80 फिल्में दिखाई जाएंगी 21 फीचर फिल्म, 16 फीचर डॉक्यूमेंटरी और 43 लघु फिल्में हैं। आयोजन तीन से छह नवंबर तक तिब्बेतियन इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्टस में किया जाएगा। उत्सव के मुख्य आकर्षण में कान ज्यूरी पुरस्कार विजेता पाकिस्तानी फिल्म जॉयलैंड का भारतीय प्रीमियर होगा जिसे सइम सादिक ने बनाया है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य विक्रम सेनगुप्ता की तीसरी बांग्ला फीचर फिल्म वन्स अपॉन ए टाइम इन कलकत्ता, पार्थ सौरभ की पहली फिल्म पोखर के दूनु पार, रिंटू थॉमस और सुष्मिता सेन की राइटिंग विद फायर और अजीतपाल सिंह की फायर इन द माउंटेंस का भी प्रदर्शन किया जाएगा। शौनक सेन की कान फिल्म उत्सव गोल्डन आई अवार्ड विजेता फिल्म ऑल दैट ब्रीद्स , रितेश शर्मा की झीनी बीनी चदरिया और इरफाना मजूमदार की शंकर्स फेयरीज भी आकर्षण का केन्द्र होंगी।

## शिअद (ए) प्रमुख मान जम्मू प्रशासन के आदेश के खिलाफ अदालत गए

**कठुआ/जम्मू।** शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) प्रमुख सिमरनजीत सिंह मान ने जम्मू कश्मीर में उन्हें प्रवेश नहीं देने के केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के फैसले को चुनौती देते हुए अदालत का रुख किया है। उनके वकील ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मान प्रशासन के फैसले के खिलाफ लगातार तीन दिन से लखनपुर में धरने पर बैठे हैं। बृहस्पतिवार को उनके प्रदर्शन का चौथा दिन है। पंजाब में संगरूर से सांसद को कठुआ जिलाधिकारी राहुल पांडे के आदेश पर सोमवार शाम को रोक दिया गया था जिसके विरोध में नेता और उनके समर्थक प्रदर्शन कर रहे हैं। पांडे ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से उनके संज्ञान में आया कि मान जम्मू कश्मीर आने वाले हैं और उनके आने से यहां सार्वजनिक शांति भंग हो सकती है इसलिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत जारी उनके आदेश के अनुपालन में मान को यहां आने से रोका गया। मान ने जम्मू कश्मीर में उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं देने के जिलाधिकारी के आदेश को चुनौती देते हुए वकील टी. एन. गुप्ता के माध्यम से कठुआ के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में एक याचिका दायर की है। गुप्ता ने कहा कि मान ने इस आधार पर आदेश को चुनौती दी है कि कुछ दिन पहले ही उन्हें केंद्र शासित प्रदेश की यात्रा की स्वीकृति दी गई थी। गुप्ता ने कहा, अतिरिक्त उपायुक्त (कठुआ) द्वारा तय किए गए अपने दौरे के प्रोटोकॉल के अनुसार वह 17 अक्टूबर को (पंजाब से) जम्मू कश्मीर के लिए रवाना हुए। लेकिन जब वह यहां पहुंचे तो कठुआ के जिलाधिकारी ने उन्हें (जम्मू कश्मीर में प्रवेश से इनकार करने का) आदेश दिया। इसलिए वह इसे चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई होगी। गुप्ता ने कहा कि मान ने एक वरिष्ठ नागरिक के साथ-साथ एक निर्वाचित सांसद के रूप में अपने मूल अधिकारों की बहाली की भी मांग की है।



मोढेरा में सूर्य मंदिर के बाहर प्रसन्नचित्त मुद्रा में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस

## असम के 8 जिलों में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ाया गया

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद उसने राज्य के आठ जिलों और एक उपमंडल में सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून 1958 (अफस्पा) को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। सरकार ने हालांकि पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले से इस विवादास्पद कानून को वापस ले लिया क्योंकि वहां की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। गृह एवं राजनीतिक विभाग के प्रधान सचिव नीरज वर्मा ने एक आदेश में कहा कि छह महीने के लिए अफस्पा बढाए जाने का फैसला एक अक्टूबर से प्रभावी हो गया है। 15 अक्टूबर का यह आदेश बृहस्पतिवार को जारी किया गया। राज्य के बाकी हिस्सों से इस कानून को हटाए जाने के बाद नौ जिलों और एक उप-मंडल को एक अप्रैल से अशांत क्षेत्रे के रूप में रखा गया था। आदेश में कहा गया है, असम में कानून और व्यवस्था और सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा से पता लगता है कि राज्य के पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है... असम के राज्यपाल पश्चिम कार्बी आंगलोंग से अशांत क्षेत्र की घोषणा को वापस ले रहे हैं जो एक अक्टूबर 2022 से प्रभावी है। यह कानून नवंबर 1990 में लागू किया गया था और उसके बाद से राज्य सरकार द्वारा स्थिति की समीक्षा किए जाने के बाद इसे हर छह महीने में बढ़ाया जाता है।

## पंजाब के मुख्यमंत्री ने सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप के लिए राज्यपाल की आलोचना की

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित पर राज्य सरकार के कामकाज में लगातार हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया। मान ने यह आरोप पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू) के कुलपति को हटाने के लिए कहे जाने के दो दिन बाद लगाया है। पुरोहित ने मंगलवार को मान से कहा था कि वह विश्वविद्यालय के कुलपति सतबीर सिंह गोसल को पद से हटाएं। पुरोहित का कहना था कि कुलपति को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मानदंडों और कुलाधिपति की मंजूरी के बिना नियुक्त किया गया था। पुरोहित को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को कहा कि गोसल को कानून के अनुसार नियुक्त किया गया था।

उन्होंने पत्र में यह भी लिखा कि कैसे राज्यपाल ने पिछले महीने विधानसभा सत्र बुलाने की मंजूरी वापस ले ली थी और बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, फरीदकोट के कुलपति के रूप में प्रसिद्ध हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. गुरप्रीत सिंह वांडर की नियुक्ति को मंजूरी देने से भी इनकार कर दिया था। मान ने राज्यपाल को भेजे पत्र में कहा है, पिछले कुछ महीनों से आप सरकार के कामकाज में लगातार दखल दे रहे हैं, जो व्यापक जनादेश के साथ सत्ता में आई है। पंजाब के लोग इससे बहुत परेशान हैं। मुख्यमंत्री ने पुरोहित से यह भी पूछा है कि आखिर उन्हें इस तरह के गलत और असंवैधानिक काम करने के लिए कौन कह रहा है और वह ऐसा करने के लिए क्यों सहमत हुए। मान ने राज्यपाल को बताया कि कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति हरियाणा और पंजाब कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 1970 के तहत की जाती है। मुख्यमंत्री ने लिखा है, कुलपति की नियुक्ति पीएयू बोर्ड द्वारा की जाती है। इसमें मुख्यमंत्री या राज्यपाल की कोई भूमिका नहीं होती है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में बलदेव सिंह ढिल्लों और एम. एस. कांग की पिछली नियुक्तियों का उदाहरण दिया था। मान ने कहा कि किसी भी पूर्व कुलपति की नियुक्ति के लिए राज्यपाल की मंजूरी नहीं मांगी गई थी। उन्होंने कहा कि इसलिए डॉक्टर सतबीर सिंह गोसल को भी कानून के तहत नियुक्त किया गया है, जैसा पहले किया जाता रहा है।

## जयललिता की मौत की जांच में पेशेवर दृष्टिकोण की कमी : पीएमके प्रमुख

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** पत्तली मक्कल काची (पीएमके) के अध्यक्ष अंबुमणि रामदास ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के मौत के मामले में अरुमुगस्वामी आयोग द्वारा की गई जांच पेशेवर नहीं है और इसका उपयोग सिर्फ राजनीतिक हित साधने में किया जा सकता है। रामदास ने यहां पत्रकारों से कहा कि अवकाश प्राप्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए. अरुमुगस्वामी की रिपोर्ट में विस्तृत और गहन जानकारी नहीं है और यह विधानसभा में नहीं टिक पाएगी। अन्नाद्रमुक की पूर्व नेता जयललिता की मौत की जांच के लिए गठित अरुमुगस्वामी जांच आयोग ने पूर्व मुख्यमंत्री के मौत की जांच के मामले में पूछताछ के लिए वी. के. शशिकला सहित तीन लोगों को मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया। आयोग की रिपोर्ट तमिलनाडु विधानसभा में रखी गई है।

## अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई संबद्ध सभी स्कूलों में होगी बाल वाटिका : धर्मेन्द्र प्रधान

**नई दिल्ली (भाषा)** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बच्चों के समग्र एवं सर्वांगीण विकास के लिए बुनियादी शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगले शैक्षणिक वर्ष से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध सभी स्कूलों में बाल वाटिका से पढ़ाई शुरू की जाएगी। प्रधान ने देश के 50 केंद्रीय विद्यालयों में पायलट परियोजना के आधार पर बाल वाटिका-। की शुरूआत करते हुए यह बात कही। शिक्षा मंत्री ने कहा, अभी देश के हर प्रांत में स्थित कुल 50 केंद्रीय विद्यालयों में पायलट प्रारूप में बाल वाटिका की शुरूआत की जा रही है। उन्होंने कहा, अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूलों में बाल वाटिका की शुरूआत की जाएगी। हम राज्य सरकारों के साथ चर्चा करके उनके स्कूलों में बाल वाटिका प्रारंभ करेंगे।

## भाजपा विधायक की हिंदू देवी-देवताओं पर की गई टिप्पणी से उपजा विवाद

**पटना।** बिहार में भाजपा को अपने एक विधायक के देवी लक्ष्मी, सरस्वती और भगवान हनुमान पर कथित तौर पर टिप्पणी कर हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने के कारण फजीहत झेलनी पड़ रही है। विधायक ने कथित तौर पर कहा कि जो समुदाय इन देवी-देवताओं की पूजा नहीं करते, वे भी धन-संपदा और शिक्षा से संपन्न हैं। भागलपुर जिले की पीरपैंती विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले ललन पासवान के अपनी मां, जिनकी पिछले सप्ताह मृत्यु हो गई थी, की याद में श्राद्ध कार्यक्रम आयोजित न करने की घोषणा की। सोशल मीडिया पर वायरल एक कथित वीडियो क्लिप में विधायक को कथित तौर पर तार्किकता और वैज्ञानिक पहलू का हवाला देते हुए मृत्युभोज की प्रथा पर सवाल उठाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में विधायक को कथित रूप से यह कहते हुए सुना जा सकता है कि, मुसलमानों और ईसाइयों द्वारा सरस्वती और लक्ष्मी की पूजा नहीं की जाती है, लेकिन इसने इन समुदायों को धन और शिक्षा से वंचित नहीं किया है।

बजरंग बली को अमेरिका में नहीं पूजा जाता, लेकिन यह देश एक महाशक्ति है। यह सब सिर्फ विश्वास की बात है। उनकी कथित टिप्पणियों पर भागलपुर शहर में कुछ हिंदुओं ने विधायक का पुतला फूंका। भाजपा नेता इस प्रकरण पर टिप्पणी करने से हिचक रहे हैं पर प्रदेश सत्ताधारी सबसे बडी पार्टी राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने चुटकी लेते हुए कहा, हमें उम्मीद है कि विधायक को देवी-देवताओं की पूजा करने वालों के वोटों की जरूरत नहीं है। उन्होंने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि भाजपा ने इस तरह के बयानों को जय श्री राम के नारे के साथ कैसे समेटा। बिहार विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता अजीत शर्मा, जो भागलपुर से दूसरी बार विधायक हैं, ने कहा, मैं एक गौरवान्वित हिंदू हूं जो सभी देवी-देवताओं की पूजा करता है। पासवान अपनी मान्यताओं के हकदार हैं, लेकिन उन्हें उस पर सार्वजनिक बयान देने से बचना चाहिए था। इस बीच पासवान ने दावा किया कि वीडियो क्लिप को संपादित किया गया है। उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन्होंने अछूत समझी जाने वाली जाति में पैदा हुए उनके जैसे व्यक्ति को खड़े होने का अवसर दिया।

## मार्क्सवादी नेता पूर्व सीएम वी.एस. अच्युतानंदन 99 साल के हुए

**तिरुवनंतपुरम।** वयोवृद्ध वामपंथी नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी. एस. अच्युतानंदन बृहस्पतिवार को 99 वर्ष के हो गए। अपने समर्थकों और प्रशंसकों के बीच प्यार से कॉमरेड वीएस नाम से लोकप्रिय अच्युतानंदन उम्र संबंधी परेशानियों के कारण काफी समय से सार्वजनिक जीवन और मीडिया की सुर्खियों से दूर रह रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, दिग्गज नेता ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ यहां अपने आवास पर जन्मदिन मनाया। उनके स्वास्थ्य को देखते हुए प्रशंसकों को उससे मिलने नहीं दिया गया। इस मौके पर अच्युतानंदन के बेटे वी. ए. अरुण कुमार ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, आज मेरे पिता का 99 वां जन्मदिन है। अरुण ने यह भी कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्होंने ऐसे महान व्यक्ति के घर में जन्म लिया। साल 1964 में भाकपा के विभाजन के बाद माकपा की स्थापना करने वाले अच्युतानंदन को विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने जन्मदिन की बधाई दी। बीस अक्टूबर, 1923 को अलाप्पुझा जिले में मजदूर वर्ग के एक परिवार में जन्मे वेलिक्कथ शंकरन अच्युतानंदन प्राथमिक शिक्षा के बाद ट्रेड यूनियन का हिस्सा बन गए थे। अच्युतानंदन 1996 में माकपा पोलित ब्यूरो के सदस्य बने। उन्होंने 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री के तौर पर माकपा के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार का नेतृत्व किया। पिछले साल प्रशासनिक सुधार आयोग के अध्यक्ष का पद छोड़ने के बाद वह यहां अपने बेटे के साथ रह रहे हैं।

## सिर्फ शिवसेना का ही नहीं बल्कि लोकतंत्र का भविष्य भी खतरे में : उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि न केवल उनकी पार्टी शिवसेना का बल्कि देश में लोकतंत्र का भविष्य भी खतरे में है। ठाकरे अपने पिता दिवंगत बाल ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना की विरासत को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। ठाकरे मुंबई के दादर क्षेत्र में शिवसेना भवन में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे जहां उन्होंने पूर्व मंत्री संजय देशमुख को अपने खेमे में शामिल किया। इस मौके पर ठाकरे ने कहा कि शिवसेना में टूट हो जाने और पार्टी के खत्म हो जाने के दावों के बावजूद लोग अब भी उनके पास आ रहे हैं। ठाकरे नीत महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार इस साल जून में विधायक एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हुए विद्रोह के बाद गिर गई थी। बाद में शिंदे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन से मुख्यमंत्री बने। ठाकरे ने कहा, जो कुछ हुआ,




उससे आम आदमी और विशेष कर सभ्य लोग सहमत नहीं हैं और वे अपना समर्थन हमें दे रहे हैं। वे मुझसे कह रहे हैं कि हार नहीं मानें, संघर्ष करें, हम आपके साथ हैं। जो हो रहा है, हम उससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा, जिन लोगों के बारे में मैंने सोचा था कि वे कभी राजनीतिक रूप से करीबी नहीं होंगे, वे समर्थन में आगे आ रहे हैं। इसी तरह, विभिन्न धर्मों और क्षेत्रों के लोग हमें समर्थन दे रहे हैं। सिर्फ शिवसेना का नहीं बल्कि देश में लोकतंत्र का भविष्य खतरे में है। ठाकरे गुट में शामिल हुए देशमुख यवतमाल के दिगरास क्षेत्र से दो बार विधायक रहे हैं। वह पहले शिवसेना में थे और उसके बाद 2002 से 2004 के बीच कांग्रेस नीत गठबंधन सरकार में मंत्री रहे। वह कुछ समय के लिए भाजपा में भी थे।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 अक्टूबर 2022



# जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे चिनफिंग

भाषा। बीजिंग



**चीन ने संकेत दिया** है कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग अगले महीने इंडोनेशिया में जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने 16 अक्टूबर को यहां सप्ताह भर चलने वाले अपने कांग्रेस सत्र का आगाज किया था, जिसमें राष्ट्रपति चिनफिंग को रिकॉर्ड तीसरी बार पांच साल के कार्यकाल के लिए समर्थन मिलने की उम्मीद है। चीनी विदेश मंत्रालय ने चिनफिंग के 10 साल के शासन के तहत हासिल की गई राजनयिक सफलता के बारे में बताते हुए कहा कि उनके शासनकाल के दौरान चीन ने अपनी संप्रभुता और सुरक्षा को मजबूती से बरकरार रखा है। चिनफिंग को तीसरे कार्यकाल की मंजूरी मिलने के साथ ही शीर्ष नेताओं के 10 साल के कार्यकाल के बाद इस्तीफा देने का तीन दशकों से अधिक समय तक चला आ रहा नियम टूट जाएगा। सीपीसी और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यहां एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि चीनी कूटनीति ने चिनफिंग के कार्यकाल के दौरान अभूतपूर्व और ऐतिहासिक सफलताएं हासिल की हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या चिनफिंग अगले महीने इंडोनेशिया के बाली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, विदेश मंत्रालय की सीपीसी समिति के सदस्य और उप मंत्री मा झाओसू ने कहा, हम इंडोनेशिया की जी20 अध्यक्षता के सक्रिय समर्थन देते हैं। उन्होंने कहा, चीन को उम्मीद है कि शिखर सम्मेलन कोविड-19 के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने, विश्व आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने और वैश्विक खाद्य ऊर्जा सुरक्षा को रक्षा करने में रचनात्मक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, जहां तक शिखर सम्मेलन में चीनी नेता की भागीदारी है, हम उचित समय पर प्रासंगिक जानकारी देंगे। कांग्रेस की बैठक का अंतिम दिन 22 अक्टूबर है। खबरों के अनुसार नेताओं का नया समूह 23 अक्टूबर को मीडिया के सामने पेश होगा।

## संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने खाड़ी देशों से मानवीय सहायता बढ़ाने को कहा

भाषा। बर्लिन

**संयुक्त राष्ट्र** के विश्व खाद्य कार्यक्रम के प्रमुख ने दुनिया भर में जारी मानवीय संकट की स्थिति में खाड़ी देशों पर फिर से मानवीय सहायता बढ़ाने के लिए दबाव बनाया। विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक डेविड बीस्ली ने दूसरे बड़े दानदाता देश जर्मनी के विकास मंत्री स्वेन्जा शुल्ज से मुलाकात के दौरान उक्त बात कही। शुल्ज ने भी जोर दिया कि रूस-यूक्रेन युद्ध और बढ़ती कीमतों के कारण पैदा हुए वैश्विक खाद्य संकट के मद्देनजर और देशों को धन दान करने की जरूरत है। बीस्ली ने बर्लिन में संवाददाताओं से कहा, अमेरिका, जर्मनी और कुछ अन्य राष्ट्र आगे बढ़कर सहायता कर रहे हैं, लेकिन कुछ और भी देश हैं जिन्हें आगे आना चाहिए... उदाहरण के लिए खाड़ी देश। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से सिर्फ ईंधन की कीमत नहीं बढ़ रही है।

## न्यूजीलैंड में गायों की डकार पर कर लगाने की योजना के खिलाफ सड़कों पर किसान

भाषा। वेलिंगटन

**न्यूजीलैंड में गायों** की डकार और अन्य ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर कर लगाने की सरकार की योजना के खिलाफ बृहस्पतिवार को किसान सड़कों पर उतर आए। हालांकि, इस दौरान निकाली गईं रैलियां उतनी बड़ी नहीं रहीं, जितनी अपेक्षा की जा रही थी। ग्राउंड्सवेल न्यूजीलैंड समूह की मदद से देशभर के कस्बों और शहरों में 50 से अधिक जगह विरोध प्रदर्शनों का आयोजन किया गया। पिछले सप्ताह सरकार ने जलवायु परिवर्तन से निपटने की योजना के तहत नया कृषि कर लगाने का प्रस्ताव रखा था। इसमें गाय की डकार पर कर लगाने की योजना भी शामिल है। गायों के डकार लेने से मीथेन गैस निकलती है, जिससे प्रदूषण फैलता है। न्यूजीलैंड में कृषि से सबसे अधिक लोग जुड़े हैं। देश की आबादी करीब 50 लाख है लेकिन इसकी तुलना में यहां एक करोड़ से अधिक गाय और भैंसें हैं और 2.6 करोड़ भेड़ें हैं। देश में सभी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आधा हिस्सा खेतों से आता है जिसमें मवेशियों के डकारने से निकलने वाली मीथेन विशेष रूप से बड़ा योगदान देती है। वेलिंगटन में विरोध प्रदर्शन के दौरान डेव मैककर्डी नामक किसान ने कहा कि वह प्रदर्शनकारियों की संख्या कम होने से निराश हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर किसानों ने साल भर, विशेष रूप से वसंत ऋतु के दौरान अपने खेतों में कड़ी मेहनत की है। मैककर्डी ने कहा कि सरकार को इस योजना पर विचार करना चाहिए। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने 2050 तक देश को कार्बन उत्सर्जन मुक्त बनाने की योजना बनाई है। इस योजना में 2030 तक खेतिहर जानवरों से होने वाले मीथेन उत्सर्जन को 10 प्रतिशत और 2050 तक 47 प्रतिशत तक कम करना शामिल है।

## अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से पाकिस्तान में आतंकी हमलों में 51 प्रतिशत की वृद्धि : रिपोर्ट

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पिछले साल अगस्त मे अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के काबिज होने के बाद से पाकिस्तान मे आतंकवादी घटनाओं की संख्या मे 51 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह दावा स्थानीय थिंक टैंक की रिपोर्ट मे किया गया है। इस्लामिक चरमपंथी समूह तालिबान ने पिछले साल बिना किसी प्रतिवाद के अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर तब कब्जा कर लिया था जब अमेरिकी सैनिक वापसी की तैयारी कर रहे थे। यह तालिबान की सांकेतिक जीत थी क्योंकि विश्व महाशक्ति दो दशक के खूनखराबे के बाद भी तालिबान को उभरने से नही रोक सकी। पाक इंस्टीट्यूट ऑफ पीस स्टडीज (पीआईपीएस) की अफगानिस्तान की स्थिति और पाकिस्तान की नीतिगत प्रतिक्रिया विषय पर जारी रिपोर्ट मे कहा गया, पाकिस्तान के लिए काबुल मे आतंकवादी शासन का खतरा स्पष्ट हो गया है क्योंकि देश ने गत एक साल मे आतंकवादी हमलों मे अप्रत्याशित तौर पर 51 प्रतिशत की वृद्धि देखी है। पीआईपीएस की रिपोर्ट के मुताबिक 15 अगस्त 2021 से 14 अगस्त 2022 के बीच पाकिस्तान मे 250 आतंकवादी हमले हुए जिनमे 433 लोगो की जान गई और 719 लोग घायल हुए।

## ट्रंप ने दावों के झूठा होने के बावजूद दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए : न्यायाधीश

**वाशिंगटन (एपी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धोखाधड़ी के दावे के आधार पर 2020 के चुनाव परिणामों को चुनौती देने वाले कानूनी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे जबकि उन्हे पता था कि दावे गलत है। यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के न्यायाधीश डेविड कार्टर ने 18-पृष्ठ के अपने एक फैसले (ओपिनियन ऑर्डर) मे कहा कि ट्रंप व अटॉर्नी जॉन ईस्टमैन द्वारा एक-दूसरे को भेजे गए चार ईमेल कैपिटल पर छह जनवरी को हुए हमले की जांच कर रही सदन की समिति को दिए जाएं। उन्होने कहा कि ईमेल को देने से इनकार नही किया जा सकता क्योंकि उनमे संभावित अपराधो के सबूत शामिल है। न्यायाधीश के फैसले से हालांकि मामले की न्याय विभाग द्वारा अलग से की जा रही जांच पर व्यावहारिक रूप से कोई असर नही पड़ेगा। न्याय विभाग चुनाव के परिणामों को पलटने के प्रयासो के आरोपों की जांच कर रहा है। चुनाव के परिणामों को चुनौती देने संबंधी दस्तावेजों पर ट्रंप का हस्ताक्षर करना अभियोजकों के लिए एक बड़ा मुद्दा हो सकता है। न्यायाधीश ने विशेष रूप से ट्रंप के वकीलो के उन दावों का हवाला दिया कि जॉर्जिया मे फुल्टन काउंटी ने गलत तरीके से मृत लोगों, बदमाशो और अपंजीकृत मतदाताओं के 10,000 से अधिक मतों की गणना की।

## मट्टू को अमेरिका यात्रा से रोके जाने की खबरों से अवगत हैं: अमेरिकी विदेश मंत्रालय

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा है कि अमेरिका पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित कश्मीरी पत्रकार सना इरशाद मट्टू को कथित तौर पर देश की यात्रा करने से रोकने की खबरों से अवगत है। मट्टू ने मंगलवार को कहा था कि उन्हे प्रतिष्ठित पुरस्कार लेने के लिए दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर अमेरिका जाने से रोक दिया गया। विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने दैनिक समाचार सम्मेलन मे कहा, हम इन खबरों से अवगत है कि सुश्री मट्टू को अमेरिका की यात्रा करने से रोका जा रहा है और हम इन घटनाओ पर बारीकी से नजर रख रहे है। उन्होने कहा, हम प्रेस की स्वतंत्रता का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है और जैसा कि विदेश मंत्री ने उल्लेख किया है, प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यो के लिए एक साझा प्रतिबद्धता, अमेरिका-भारत संबंधो का आधार है। स्वतंत्र फोटो पत्रकार मट्टू रॉयटर्स की एक टीम का हिस्सा थी, जिसे भारत मे कोविड-19 महामारी के कवरेज के लिए फीचर फोटोग्राफी श्रेणी मे पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## हैकर ने ऑस्ट्रेलियाई बीमा कंपनी के आंकड़े चोरी किए, जारी करने के लिए फिरौती मांगी

**कैनबरा (एपी)।** ऑस्ट्रेलिया मे एक साइबर अपराधी ने एक स्वास्थ्य बीमा कंपनी के आंकड़ो मे सेंध लगा दी और इसके ऐवज मे फिरौती की मांग की। अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि यह इस देश मे एक महीने के अंदर निजता उल्लंघन का दूसरा बड़ा मामला है। ऑस्ट्रेलियाई शेयर बाजार मे बुधवार को मेडिबैक के शेयरो के लेनदेन को रोक दिया गया। पुलिस को जानकारी दी गई कि एक अपराधी ने कंपनी से संपर्क कर उपभोक्ताओ के चोरी किए गए निजी आंकड़ो को जारी करने के ऐवज मे पैसो की मांग की है। मेडिबैक के 37 लाख ग्राहक है। उसने बृहस्पतिवार को कहा कि अपराधी ने चोरी हुए करीब 200 गीगाबाइट डेटा मे से 100 ग्राहको की पॉलिसी की जानकारी नमूने के तौर पर दी है। बीमा संबंधी आंकड़ो मे ग्राहक के नाम, पते, जन्मतिथियां, राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल पहचान संख्या और फोन नंबर शामिल है। साइबर सुरक्षा मंत्री क्लेयर ओनील ने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि चिकित्सा निदान और उपचार प्रक्रियाओ की जानकारी को भी चुरा लिया गया है।

## अमेरिका के उटाह में वायुसेना अड्डे पर एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त

**साल्ट लेक सिटी (एपी)।** अमेरिका के उटाह में वायुसेना अड्डे पर बुधवार को एक एफ-35 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि पायलट विमान से निकलने में कामयाब रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 388वीं फाइटर विंग ने बुधवार को ट्वीट किया कि एफ-35 लाइटिंग-2 विमान हिल वायुसेना अड्डे के रनवे पर उत्तरी छोर पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विंग ने कहा कि दुर्घटना का कारण अभी पता नहीं चल पाया है और इसकी जांच की जाएगी। 388वीं फाइटर विंग ने कहा कि अड्डे पर मौजूद आपात कर्मियों ने दुर्घटना के तत्काल बाद अपना काम शुरू कर दिया।

## नेपाल में गोलीबारी के मामले में तीन भारतीयों सहित चार लोग गिरफ्तार

**काठमांडू।** भारत की सीमा से जुड़े नेपाल के मधेश प्रांत में हुई गोलीबारी की घटना को लेकर पुलिस ने तीन भारतीयों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मीडिया में बृहस्पतिवार को इस आशय की खबरें आई हैं। माई रिपब्लिका अखबार की खबर के अनुसार, मधेश प्रांत के बागमती निगम क्षेत्र में बुधवार को हुई गोलीबारी के सिलसिले में बिहार निवासियों गुलशन सिंह (22), सौरभ शाह (20) और रेहान सिंह (20) को गिरफ्तार किया गया है। गोलीबारी में घायल व्यक्ति का इलाज सारलाही जिले के नमुना अस्पताल में चल रहा है।

## मलावी : सामूहिक कब्र से 26 इथियोपियाई नागरिकों के शव मिले

**ब्लांटायर (मलावी)।** मलावी के अधिकारियों ने राजधानी से करीब 255 किलोमीटर उत्तर लिलोंग्वे में एक सामूहिक कब्र से 26 लोगों के शवों को खोद कर निकाला है। ये शव इथियोपियाई प्रवासियों के हैं। ग्रामीणों को यह सामूहिक कब्र मलावी को तंजानियों से जोड़ने वाली मुख्य सड़क के नजदीक जंगल में मिली। इस रास्ते को मानव तस्करी के प्रमुख रास्ते के तौर पर जाना जाता है जिसका इस्तेमाल लोगों को दक्षिण अफ्रीका पहुंचाने के लिए किया जाता है।

## जर्मनी में आग से यूक्रेनी शरणार्थियों का एक आश्रय स्थल नष्ट

एपी। बर्लिन

**जर्मनी के** बाल्टिक तट पर कथित आगजनी से यूक्रेनी शरणार्थियों के लिए तैयार किया गया एक आश्रय स्थल नष्ट हो गया। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने चेतावनी दी कि युद्ध से जान बचा कर भागने वाले लोगों के प्रति किसी भी तरह की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।14 निवासियों और पनाहगाह में रहने वाले तीन कर्मचारियों को आग की लपटों से बचाया गया। पुलिस ने बताया कि पूर्वोत्तर राज्य मेक्लेनबर्ग-पोमेरानिया में एक इमारत में बुधवार की रात आग लग गई थी। इस इमारत में पहले होटल था। इसमें किसी के झुलसने की खबर नहीं है और शरणार्थियों को अन्य आश्रय स्थलों पर ले जाया गया। गवर्नर मैनुएला श्वेसिग ने कहा, सभी के लिए एक बात स्पष्ट होनी चाहिए: युद्ध से जान बचा कर भाग रहे लोगों को हमारी सुरक्षा और समर्थन की आवश्यकता है।



वाशिंगटन में लिंकन मेमोरियल में संयुक्त सेवा ड्रिल ऑफके दौरान प्रदर्शन करते हुए जवान

## अमेरिका ने रूसी सेना को प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करने वाले नेटवर्क का पर्दाफाश किया

**वाशिंगटन (एपी)।** अमेरिकी निर्माताओं से सैन्य प्रौद्योगिकी खरीदकर उसे यूक्रेन में जारी युद्ध के लिए रूस को उसकी आपूर्ति करने वालों पर अमेरिका में जो बाइडन प्रशासन ने कई आरोप और प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी न्याय मंत्रालय के अनुसार, यूक्रेन में युद्ध के मैदान से कुछ उपकरण मिले हैं। इसके अलावा, लातविया से भी अन्य परमाणु प्रसार तकनीकी उपकरण मिले हैं, जिन्हें रूस भेजा जाना था। न्याय मंत्रालय ने न्यूयॉर्क और कनेक्टिकट में अलग-अलग मामलों में नौ लोगों और वेनेजुएला के दो तेल दलालों पर आरोप लगाए हैं।

इन लोगों पर अमेरिकी कंपनियों से सैन्य प्रौद्योगिकी प्राप्त करने और फिर उसे करोड़ो डॉलर में रूसी व्यापारियों व अन्य स्वीकृत संस्थाओं को बेचने का आरोप है।

## केनरा बैंक का शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में 89 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही मे 89 प्रतिशत बढ़कर 2,525 करोड़ रुपए हो गया। बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को भेजी एक सूचना मे यह बताया। बैंक को पिछले वित्त वर्ष (2021-22) की समान अवधि मे।,333 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। आलोच्य तिमाही मे केनरा बैंक की कुल आय भी बढ़कर 24,932.19 करोड़ रुपए हो गई, जो एकसाल पहले की समान अवधि मे 21,331.49 करोड़ रुपए थी। बैंक की 30 सितंबर, 2022 तक सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) घटकर सकल अग्रिम का 6.37 प्रतिशत रह गई। सितंबर, 2021 के अंत मे यह 8.42 प्रतिशत थी।

## सीबीआईसी सितंबर में बढ़ा सकता है रिटर्न दाखिल करने की तारीख

**नई दिल्ली।** जीएसटीएन पोर्टल के धीमा चलने से करदाताओ को हो रही परेशानी के बीच केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह सितंबर के लिए जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। अलग-अलग राज्यो मे करदाताओ द्वारा जीएसटीआर-3बी प्रतएक महीने की 20, 22 और 24 तारीख के बीच क्रमबद्ध तरीके से दाखिल किया जाता है। कुछ श्रेणी के करदाताओ के लिए बृहस्पतिवार को रिटर्न दाखिल करने का अंतिम दिन था। कई करदाताओ ने कहा कि उन्हे अपने मासिक जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल करते समय परेशानी का सामना करना पड़ा और पोर्टल काफी धीमे चल रहा था। सीबीआईसी ने एक ट्वीट मे कहा कि उसे जीएसटीएन से इस घटना के बारे में जानकारी मिली है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Aisha Jabeen, W/o. Faisal Siddiqui, R/o. B-27, 3rd Floor, Shehnaz Cottage, Ghafoor Nagar, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have changed my name after my marriage as Ayesha Siddiqui for all future purposes.

PD(90182)A

# बाजार में पांचवें दिन तेजी, सेंसेक्स 96 अंक और चढ़ा

भाषा। मुंबई



**घरेलू** शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवे कारोबारी सत्र में तेजी दर्ज की गई और बीएसई सेंसेक्स 95.71 अंक चढ़कर बंद हुआ।

वैश्विक बाजारों में गिरावट के बावजूद सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में कारोबार के अंतिम घंटे में लिवाली से बाजार में तेजी आई। रुपए में मजबूती से भी निवेशकों को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव रहा और अंत में यह 95.71 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,202.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 51.70 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,563.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज में सबसे अधिक 2.22 प्रतिशत की तेजी आई। टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व, नेस्ले, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंफोसिस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, इंडसइंड बैंक के शेयर में सबसे अधिक 4.71 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई तथा एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद दीपावली से पहले धारणा सकारात्मक रही और अब तक अच्छी कमाई हुई है। निफ्टी लगातार तीसरे दिन 17,400 के ऊपर बना हुई है, जो मजबूत आधार दर्शाता है। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि निकट भविष्य में बाजार में मजबूती बनी रहेगी। कंपनियों के तिमाही परिणाम घोषित करने से बाजार में क्षेत्र आधारित घट-बढ़ जारी रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के अनुसंधान उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि बाजार हालिया बढ़त को बनाए रख रहा है और रुख अभी भी सकारात्मक है। वहीं, बीएसई का मिडकैप 0.30 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। कई देशों के केंद्रीय बैंक की बैठकों से पहले वैश्विक शेयर बाजार काफी हद तक नुकसान में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक, हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट बुधवार को गिरावट में बंद हुआ। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 93.48 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### रुपया 25 पैसे की तेजी के साथ 82.79 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार मे बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा की तुलना मे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरकर 21 पैसे की मजबूती के साथ 82.79 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशो मे डॉलर के कमजोर होने के बीच रुपए मे मजबूती आई। बाजार सूत्रो ने कहा कि रुपए के 83.29 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निम्न स्तर तक लुढ़कने के बाद संभवतः रिजर्व बैंक ने हस्तक्षेप किया, जिसके कारण स्थानीय मुद्रा मे सुधार आया। उन्होने कहा कि हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजार मे कच्चे तेल की बढ़ती कीमतो ने रुपए की तेजी पर अंकुश लगाया। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे रुपया 83.05 पर कमजोर खुला और बाद मे 83.29 के निचले स्तर तक चला गया। कारोबार के दौरान यह 82.72 के उच्च स्तर पर भी गया। अंत मे रुपया बुधवार के बंद भाव के मुकाबले 21 पैसे की मजबूती के साथ 82.79 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

## पिछले छह महीनों में इस्पात की कीमतें 40 प्रतिशत गिरीं

### 57,000 रुपए प्रति टन पर: स्टीलमिंट

भाषा। नई दिल्ली

घरेलू बाजार में पिछले छह महीने के दौरान इस्पात की कीमतें करीब 40 प्रतिशत गिरकर 57,000 रुपए प्रति टन पर आ गई। लौह और इस्पात उद्योग से जुड़ी मूल्य समेत अन्य जानकारी देने वाली कंपनी स्टीलमिंट ने कहा कि 15 फीसदी निर्यात शुल्क लगाने की वजह से निर्यात में नरमी से कीमतों में यह गिरावट आई है। इस साल की शुरुआत में हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) की कीमतों में बढ़ोतरी दिखना शुरू हो गई थी। एचआरसी की बढ़ती कीमतें उपयोगकर्ता उद्योगों के लिए चिंता का विषय था क्योंकि इस्पात की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर रियल एस्टेट और आवास, बुनियादी ढांचे तथा निर्माण, वाहन और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे उद्योगों पर पड़ता है। स्टीलमिंट के अनुसार, घरेलू बाजार में इस्पात की कीमतें अप्रैल, 2022 में 78,800 रुपए प्रति टन पर पहुंच गई थी। वहीं 18 प्रतिशत जीएसटी के बाद कीमत लगभग 93,000 रुपए प्रति टन हो गई थी। अनुसंधान कंपनी के आंकड़ों के अनुसार, कीमतें अप्रैल के अंत से गिरनी शुरू हुई और जून के अंत तक घटकर 60,200 रुपए प्रति टन पर आ गई। जुलाई और अगस्त में भी कीमतों में गिरावट जारी रही और सितंबर के मध्य तक यह घटकर 57,000 रुपए प्रति टन पर आ गई। हालांकि सभी कीमतों में 18 फीसदी जीएसटी शामिल नहीं है। स्टीलमिंट ने इस्पात की कीमतों में गिरावट के मुख्य कारण इस्पात उत्पादों पर सरकारी कर, विदेशों से मांग में कमी, उच्च मुद्रास्फीति और ऊर्जा लागत को बताया है। इसने परिदृश्य के बारे में कहा कि घरेलू एचआरसी की कीमतें अगली तिमाही में सीमित दायरे में बनी रहेंगी। चूंकि इस्पात का निर्यात सामान्य से कम रहने और इन्वेंट्री दबाव बने रहने की भी संभावना है।

## एयर इंडिया को विभिन्न पदों के लिए दो महीने में मिले 73,700 से अधिक आवेदन

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि बीते दो महीने में उसे पायलट पद के लिए।,752 आवदेन और केबिन क्रू के लिए 72,000 आवेदन मिले हैं। वहीं कारोबारी भूमिकाओं के लिए हफ्ते भर से कुछ अधिक समय में उसे 25,000 से अधिक आवेदन मिले हैं। अपनी विस्तार योजना की शुरुआत कर चुकी विमानन कंपनी को केरल में नए प्रौद्योगिकी केंद्र के लिए 2,000 से अधिक आवेदन भी मिले हैं, जिनमें डेवलपर, आर्किटेक्ट, साइबर सुरक्षा पेशेवर, प्रोग्राम मैनेजर और यूएक्स विजुअल डिजाइनर के पद शामिल हैं। एक विज्ञप्ति में बताया गया कि इससे पहले, 15 वर्ष से भी अधिक समय से कंपनी ने गैर-परिचालन क्षेत्रों में कोई भर्ती नहीं की थी। अब वह अपने कारोबार के सभी क्षेत्रों में भर्ती कर रही है।

**Public Notice**

This is to inform general publicthat Mrs. Kartari has acquired the Property bearing area measuring 650 sq. yds. out of Khasra no.1534, 1535, 1536 and 1538. Khata No. 853, situated at Gram Dankaur Dehat,outer Municipal/Town area, Pargana Dankaur, Tehsil & Distt. Gautam BudhNagar by way of Gift Deed dated 01.10.2022 Docnos. 22043. Now, M/s L K Constructions, Mr. Lekhraj & Mrs. Kartari are mortgaging the above said property with Fullerton India CreditCompany Limited & in case anyone has any objection,the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower,(B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636(M).

# वैश्विक मूल्य श्रृंखला प्रणाली में आगे बढ़ने के भारत के पास बड़े अवसर हैं: वाणिज्य सचिव

भाषा। नई दिल्ली

**वैश्विक मूल्य** श्रृंखला प्रणाली में आगे बढ़ने और वैश्विक निर्यात में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के भारत के पास बड़े अवसर हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह कहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी दो फीसदी से भी कम है, ऐसे में वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियों और व्यापार वृद्धि कम रहने के अनुमानों के बावजूद भारत के लिए निर्यात को बढ़ाने की काफी संभावनाएं हैं। यहां सीआईआई राष्ट्रीय निर्यात सम्मेलन में उन्होंने कहा, हम अपने निर्यात को दोगुना करने और आने वाले वक्त में निर्यात हिस्सेदारी बढ़ाकर दस फीसदी करने का लक्ष्य लेकर चल सकते हैं। अगर कोई कहता है कि विश्व स्तर पर व्यापार परिदृश्य सकारात्मक नहीं है तो भी ए अवसर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू निर्यातकों को इस परिदृश्य को लेकर निराश नहीं होना चाहिए। बर्थवाल ने कहा, वैश्विक मूल्य श्रृंखला प्रणाली में आगे बढ़ने के साथ-साथ विश्व निर्यात में योगदान और उच्च मूल्य की हिस्सेदारी देने के लिए भारत के पास अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक कंपनियां निवेश के वैकल्पिक स्थल के रूप में भारत की ओर देख रही हैं।

### भारत, ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत सही दिशा में चल रही: वाणिज्य सचिव

**नई दिल्ली।** वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत तथा ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर बातचीत सही दिशा में चल रही है और दोनों पक्षों के बीच यह समझौता जल्द होने की उम्मीद है। बर्थवाल ने कहा कि वार्ताकारों ने कई चीजों को अंतिम रूप दे दिया है जबकि कई पर अभी फैसला लिया जाना है। सीआईआई राष्ट्रीय निर्यात सम्मेलन से इतर उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं, बातचीत भी चल रही है। हम सही रास्ते पर हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुक्त व्यापार समझौते पर बात चल रही है। पहले इस समझौते पर बातचीत दीपावली तक पूरी करने का इरादा था लेकिन अब इस समयसीमा को टाल दिया गया है। समझौते के लिए नई समयसीमा के बारे में सवाल के जवाब में बर्थवाल ने कहा कि यह तो इस पर निर्भर करेगा कि वार्ता कैसे आगे बढ़ती है। उन्होंने कहा, हम बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ रहे हैं और उम्मीद है कि जल्द ही समझौते पर पहुंच जाएंगे। भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत औपचारिक रूप से जनवरी में शुरू हुई थी।

## अनुचित व्यापार प्रथाओं को लेकर गूगल पर 1,337.76 करोड़ रुपए का जुर्माना

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय प्रतिस्पर्धा** आयोग (सीसीआई) ने गूगल पर।,337.76 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। एंड्रॉयड मोबाइल उपकरण क्षेत्र में कई बाजार में अपनी मजबूत स्थिति का दुरुपयोग करने को लेकर यह कार्वाई की गई है। इसके अलावा, सीसीआई ने प्रमुख इंटरनेट कंपनी को अनुचित कारोबारी गतिविधियों को रोकने और बंद करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि गूगल को एक निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने कामकाज के तरीके को संशोधित करने का निर्देश भी दिया गया है। सीसीआई ने अप्रैल 2019 में देश में एंड्रॉयड आधारित स्मार्टफोन के उपभोक्ताओं की शिकायतों के बाद मामले की विस्तृत जांच का आदेश दिया था। एंड्रॅयड दरअसल स्मार्टफोन और टैबलेट के मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) द्वारा स्थापित एक ओपन-सोर्स, मोबाइल ऑपरेटिंग प्रणाली है।

## सत्या नडेला को अमेरिका में प्रदान किया गया पद्म भूषण, जनवरी में आ सकते हैं भारत

भाषा। वाशिंगटन

**माइक्रोसॉफ्ट के** मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्या नडेला ने कहा कि भारत का तीसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण मिलना उनके लिए सम्मान की बात है और वह पूरे भारत के लोगों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं जिससे वे और उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सकें।सेन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. टी वी नागेंद्र प्रसाद ने पिछले हफ्ते नडेला को यह सम्मान औपचारिक रूप से प्रदान किया। 55 वर्षीय नडेला की अगले वर्ष जनवरी में भारत आने की योजना है।



जम्मू में दिवाली पर्व को लेकर अम्फल्ला जेल में मोमबत्तियां बनाते कैदी

**खोया पाया**

हमारा प्लॉट नंबर 114, पॉकेट ए-1 सेक्टर 34, रोहिणी दिल्ली 110039 का मूल अलॉटमेंट-डिमांड लैटर (डीडीए द्वारा 27 नवंबर 2014 को जारी किया गया एल. नंबर 1280, फाइल एफ16/4544/2012/आरएचएन) खो गया है या गुम हो गया है. एलआर नंबर 902161/2022 दिनांक 18 अक्टूबर 2022 को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा में दर्ज किया गया है। जिसे भी उक्त दस्तावेज मिले कृपया हमसे संपर्क करें:
सुमन सिंगल: 9328255549
संजीव सिंगल: 9879002947

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आवासीय फ्लैट नं० 28 प्रथम तल ब्लॉक-एफ, जलवायु विहार सैक्टर-21,नोएडा जिसके मूल आंवटी श्री उमेश चन्द्र पुत्र श्री स्वं० डा० एस. आर. सिन्हा निवासी एफ-28, सेक्टर-21, नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर उ०प्र० है। जिनके द्वारा श्रीमती रितू पुरी पत्नी श्री विधू पुरी निवासी 32, मॉल अवेन्यु, अमृतसर पंजाब के पक्ष में सब रजिस्ट्रार नोएडा में Vide Book No.IV जिल्द नं०. 3597 on pages 144-148 at दस्तावेज संख्या 10444 दिनांक 16-04-2004 को जी.पी.ए. पंजीकृत करायी गई थी। तथा विक्रय संविदा पंजीकृत नही है। इस सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त फ्लैट का स्थानांतरण (Transfer) जी.पी.ए. के आधार पर श्री विधू पुरी निवासी 32, मॉल अवेन्यु, अमृतसर पंजाब के पक्ष में स्थानांतरण (Transfer) होने के लिए प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा रहा है। अतः इस सूचना के द्वारा सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह पूरे सबूतों के साथ अपनी आपत्ति नोएडा विकास प्राधिकरण की आवासीय भवन विभाग में इस सूचना के जारी होने के 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दाखिल करें।
श्री विधू पुरी

# दो शिक्षक किए गए बर्खास्त

## दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर की गई कार्रवाई, वेतन राशि की वसूली के आदेश

**गाजीपुर।** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति पाने वाले दो शिक्षकों को जांच के बाद सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों आरोपी शिक्षकों को वेतन के रूप में दी गई धनराशि की वसूली के आदेश दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजीपुर के समक्ष फर्जी प्रमाणपत्र देकर 16 साल से अध्यापक के रूप में सेवा दे रही रीना मौर्या तथा सात साल पूर्व शिक्षक नियुक्त हुए श्रीप्रकाश यादव की जालसाजी पकड़ में आने पर दोनों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में तीन अधिकारियों की टीम ने जांच आरंभ किया तो यह तथ्य सामने आया कि प्राथमिक विद्यालय बद्दोपुर शिक्षा क्षेत्र बाराचंवर में तैनात शिक्षिका रीना मौर्या ने 10वीं और 12वीं पास का जो प्रमाणपत्र पेश किया, वह गलत और फर्जी है। मौर्या की नियुक्ति वर्ष 2007 में हुई थी। इसी प्रकार वर्ष 2015 में नियुक्ति पाने वाले श्रीप्रकाश यादव का स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया। जिलाधिकारी ने शिकायत मिलने पर जांच के लिए जांच समिति गठित की थी। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार दोनों को बर्खास्त किया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार राव ने बताया कि दोनों शिक्षकों को बर्खास्त कर उनके विरुद्ध पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को दिया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों को वेतन के रूप में दी गई धनराशि को वसूलने की कार्वाई करने का आदेश लेखाधिकारी को दिया गया है।

**वाहन-ट्रेलर भिड़ंत में एक की मौत:** सुलतानपुर। सुलतानपुर में टांडा-बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक वाहन और ट्रेलर ट्रक के बीच भिड़ंत में 23 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सेमरी पुलिस चौकी प्रभारी अनिल सक्सेना ने बताया कि दुर्घटना बौरा जगदीशपुर माधवपुर गांव में बुधवार रात को हुई। हादसे में टाटा मैजिक वैन के चालक इसरार अहमद की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल वाहन के खलासी मोहम्मद शादाब (25) को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुधवार देर रात सुलतानपुर से अंबेडकरनगर जा रहे मैजिक वैन को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी। उन्होंने कहा कि टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक वैन के परखचे उड़ गए और उसके चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

**सैनिक स्कूल की शिक्षिका ने की आत्महत्या:** फिरोजाबाद। शिकोहाबाद क्षेत्र में एक शिक्षिका ने बृहस्पतिवार को अपने घर में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। वह आगरा के सैनिक स्कूल में कार्यरत थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के यदुवंश नगर निवासी 30 वर्षीय दृक्षा यादव ने अपने आवास के एक कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



कानपुर में बृहस्पतिवार को परीक्षा से पहले अपने दस्तावेज जमा करने के लिए अरमापुर एस्टेट गेट के बाहर एकत्र अग्निवीर उम्मीदवार

# तेरह आरोपी गिरफ्तार



**बांदा।** जनपद में एसओजी एवं कोतवाली की संयुक्त टीम ने घर में चल रहे नाल बंधुआ में फ्ल पर छापेमारी कर 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक आरोपी फ्रार हो गया। पकड़े गए सभी आरोपियों को जेल भेजा गया है। पुलिस टीम ने नगदी के अलावा चेन 3 अंगूठियां व 16 मोबाइल आदि बरामद किया है चर्चा है कि पकड़ा गया एक आरोपी दूरसंचार निगम की ओर से मनोनीत भारत संचार का सदस्य है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है इसकी अभी कोई पुष्टि नहीं हुई है जबकि एक जुआरी मौके से फ्रार हो गया है द्यएसपी लक्ष्मी नारायण निवास मिश्र ने बुधवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया शहर की खुला मोहल्ला निवासी राजकुमार गुप्ता के आवास में नालबंध जुआ संचालित हो रहा था द्यएसओजी और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने इस को चारों तरफसे घेर कर सीओ सिटी अंबुजा त्रिवेदी के नेतृत्व में छापेमारी की और इन सब लोगों को धर दबोचा गया द्यपुलिस की यह रिकवरी अच्छी है बहुत सारे लोग बेघर हो जाते हैंघ् इस जुगाड़ खाने में कितने की मौतें हो जाती कितने लोग कर्जदार हो जाते हैं द्यकितने लोगों के मकान बिक जाते हैंघ् कितने लोगों के परिवार बिक जाते हैंद

## एडब्लूएस ने एडब्लूएस लोकल ज़ोन लॉन्च की

**वाराणसी।** एक एमेज़ॉन.कॉम, इंक. कंपनी एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़, इंक. (एडब्लूएस) ने आज दिल्ली, भारत में एक नई एडब्लूएस लोकल ज़ोन के लॉन्च की घोषणा की। एडब्लूएस लोकल ज़ोन एक तरह का इन्फ्रास्ट्रक्चर डिप्लॉयमेंट हैं, जो एडब्लूएस कंप्यूट, स्टोरेज, डेटाबेस एवं अन्य सेवाओं को बड़ी आबादी, उद्योग, एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी (आईटी) केंद्रों के नजदीक रखता है, ताकि ग्राहक ऐसी एप्लीकेशंस क्रियान्वित कर सकें, जिनके लिए अंतिम यूज़र या ऑन-प्रेमाईज़ डेटा सेंटर को सिंगल-डिजिट मिली लेटेंसी की जरूरत होती है। एडब्लूएस लोकल ज़ोंस में ग्राहक लो लेटेंसी की जरूरतों के साथ वर्कलोड संचालित कर सकते हैं, और एडब्लूएस क्षेत्रों में संचालित हो रहे अपने शेष वर्कलोड के साथ सुगमता से कनेक्ट हो सकते हैं।

## दिवाली को सावधानी पूर्वक मनाएं सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल

**वाराणसी।** दिवाली की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं ऐसे में सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल, वाराणसी के डॉक्टरों ने लोगों से दिवाली पर पटाखों को लेकर सावधानी बरतने को कहा है। इसके अलावा उन्होने खासकर करके बच्चों के साथ पटाखे फोड़ते समय ज्यादा सतर्क रहने की सलाह दी है। रोशनी के इस त्योहार में हर साल गैर-जिम्मेदाराना तरीके से पटाखे फोड़ने के कारण बहुत से लोग जल जाते हैं। सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल, वाराणसी की आईसीयू कंसलटेंट डॉ प्रिया रंजन ने कहा कि हर साल धुएं से एलर्जी, फेफड़ों मे परेशानी, सांस लेने से सम्बंधित समस्या और अन्य स्वास्थ्य से संबंधित केस हमारे हॉस्पिटल में आते हैं।

## फ्न 88 के लेटेस्ट एडवरटाइजिंग कैंपेन में दिखाए गए डैरेन सैमी के तीन दिलचस्प अवतार

**वाराणसी।** तेजी से बढ़ता स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म फ्न88 इंडियन मार्केट में अपनी बढ़ती उपस्थिति के चलते निवेशित बना हुआ है। नए उपयोगकर्ताओं को आकर्षित करने और सभी चीजों के खेल के लिए गो-टू डेस्टिनेशन होने के साथ फ्न88 ने पार्टनरशिप, स्पॉन्सरशिप, एडवर्टाइजिंग और ब्रांड कैंपेन पर तेज गति से चलना जारी रखा है।भारत के पसंदीदा स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म ने डैरेन सैमी के साथ अपनी मौजूदा पार्टनरशिप को एक कदम आगे बढ़ाते हुए और मजबूत बनाते हुए मुख्य संदेश श्जंग को डिजिटल खेल के मैदान पर लड़ा जाना चाहिए न कि जमीन परष् (बैटल्स आर मिन्ट मेअन्त टू बी फॉट ऑन डिजिटल प्लेग्राउंड्स एंड नॉट ऑन ग्राउंड) के साथ अपना लेटेस्ट ब्रांड कैंपेन शुरू किया है। फ्न88 ने जुलाई 2021 में डैरेन सैमी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया था।तीन ब्रांड फिल्मों में फैले फ्न 88 के कैंपेन में डैरेन को तीन अलग-अलग अवतारों में दिखाया गया है।

## जिंगल पर मस्ती का धमाल

**वाराणसी।** सलमान खान हिमानी बेस्ट चॉइस सोयाबीन ऑयल के नए टीवी विज्ञापन के लिए मशहूर सिंगर मीका सिंह के कदम थिरका देने वाले जिंगल पर झूमते नजर आएंगे। हिमानी बेस्ट चॉइस वेरिएंट का उत्पादन एवं मार्केटिंग इमामी एग्रोटेक लिमिटेड द्वारा किया जाता है जोकि विविध कारोबार में दखल रखने वाले समूह इमामी ग्रुप की ब्रांडेड खाद्य इकाई है। इस नए विज्ञापन के अनुभव के बारे मेंए देबाशीष भट्टाचार्यए प्रेसिडेंट.मार्केटिंग, इमामी एग्रोटेक लिमिटेड का कहना है हिमानी बेस्ट चॉइस हमारे सबसे मशहूर खाद्य तेल ब्रांडों में से एक है।

# सांप्रदायिक दंगों के मामले में दो पूर्व नगर पालिका अध्यक्षों समेत 41 दोषी करार

**बलरामपुर।** बलरामपुर की एक अदालत ने जिले के उतरौला कस्बे में 17 साल पहले हुए सांप्रदायिक दंगों के मामले में बृहस्पतिवार को नगर पालिका परिषद के दो पूर्व अध्यक्षों सहित 41 लोगों को दोषी करार दिया। अदालत 31 अक्टूबर को सजा सुनाएगी। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को बताया कि उतरौला कस्बे में 26 मार्च, 2005 को हुए सांप्रदायिक दंगे एवं आगजनी के मामले में बलरामपुर की अपर जिला एवं सत्र अदालत ने 41 लोगों को दोषी पाया है। वही 18 अभियुक्तों को बरी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अदालत 31 अक्टूबर को सजा सुनाएगी। दोषी करार दिए गए 41 में से 26 अभियुक्त अदालत में मौजूद थे। उन्हें न्यायालय के आदेश पर हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। जेल भेजे गए अभियुक्तों में उतरौला नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता और अनूप गुप्ता भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 26 मार्च, 2005 को उतरौला क्षेत्र में होली का जुलूस निकलने के दौरान सांप्रदायिक हिंसा और आगजनी हुई थी। मामले में पुलिस ने 65 अभियुक्तों को नामजद करते हुए अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

**सपा विधायक नाहिद हसन पर आरोप तय:** मुजफ्फरनगर। कैराना क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक नाहिद हसन पर बृहस्पतिवार को विशेष एमपी एमएलए अदालत में धमकी देने और धोखाधड़ी के एक मामले में आरोप तय किए गए। अदालत में हसन तथा मामले के अन्य अभियुक्तों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और जानबूझकर अपमान करने के आरोप तय किए। मामले की अगली सुनवाई तीन नवंबर को होगी। नाहिद हसन इस वक्त चित्रकूट जिला जेल में बंद हैं। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच कैराना की विशेष एमपी एमएलए अदालत में पेश किया गया। सहायक अभियोजन अधिकारी अनु तोमर ने बताया कि हसन तथा आठ अन्य अभियुक्तों पर मोहम्मद अली नामक एक व्यक्ति से धोखाधड़ी करने और धमकी देने का आरोप है। इस मामले में 2018 में मुकदमा दर्ज किया गया था।

**सवांद कार्यक्रम का आयोजन:** मीरजापुर। 21 अक्टूबर 2022 को सांय 05:40 बजे पोर्टल रिद्धि वृद्धि जंगी रोड मीरजापुर में विदेश व्यापार महानिदेशक ;डीजीएफ्टीद्ध वाणिज्य एवं उद्योग विभागए भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार भारतीय निर्यात संगठनों ;थ्प्म्व्द्ध और अन्य कालीन और पीतल धातु संघों के सहयोग से संयुक्त रूप से माननीय केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्रीए भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। आयोजित कार्यक्रम में मा0 केन्द्रीय मंत्री जी के द्वारा पीतल के बर्तन निर्माताओंउद्यमियों और कालीन निर्यातकों के साथ संवाद स्थापित किया जायेगा।

## सुलतानपुर में किशोरी से सामूहिक बलात्कार

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले के धम्मौर थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से दो व्यक्तियों ने कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पीड़िता के परिजनों की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, घटना धम्मौर थाना क्षेत्र में 17 अक्टूबर को हुई। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने पीड़िता को घटना का जिक्र किसी से नहीं करने के लिए धमकाया था। धम्मौर थाना प्रभारी श्याम सुंदर ने बताया कि किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुधवार को दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और मामले में जांच जारी है।



गोरखपुर में दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे छात्रों को हटाने का प्रयास करती पुलिस

# गोवर्धन पूजा में छत्तीसगढ़ का 'अहिरऊ रऊतारी नृत्य' होगा अबकी मुख्य आकर्षण का केंद्र

**इसके अलावा श्रीकृष्ण से सम्बंधित विभिन्न झांकियां रहेगी, शोभायात्रा का शुभारंभ आजमगढ़ के सांसद और फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव' निरहुआ' भी होंगे समारोह में शरीक**

**वाराणसी।** गोवर्धन पूजा समिति परंपरागत 25 अक्टूबर 2022 को मध्याह्न 12 बजे हथुवा मार्केट चेतगंज से एक विशाल भगवान श्रीकृष्ण-बलराम की शोभायात्रा निकालेगा जिसका शुभारंभ आजमगढ़ के सांसद व फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ करेगें। अखिल भारतीय गोवर्धन पूजनोत्सव शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण बलराम के अलावा पांच पांडव व श्रीकृष्ण से जुड़ी हुई अनेक झांकियां विभिन्न प्रदेशों से आमंत्रित है मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ यादव समाज द्वारा इस अवसर पर 'अहिरऊ रऊतारी नृत्य' है जो कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा देश की राजधानी नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदर्शन कराया जाता है। इस नृत्य में 60 लोगों की टीम है। इसके अलावा काशी की पुरातन युद्ध 'कला लाठी मनरी' का प्रदर्शन होगा।शोभायात्रा हथुआ मार्केट से प्रारंभ होकर लहुराबीर, कबीरचौरा, मैदागिन, विशेश्वरगंज, मच्छोदरी, प्रहलाद घाट, राजघाट होते हुए 'गोवर्धन धाम' पहुंचकर सभा मे परिवर्तित हो जाएगी। कार्यक्रम सभा में मुख्य अतिथि 'हंसराज अहिर पूर्व गृहराज्यमंत्री होंगे, अतिविशिष्ट अतिथि डा सुधा यादव पूर्व सांसद, गिरीशचंद्र यादव राज्यमंत्री स्वतंत्र, डी0 पी0 यादव पूर्व सासद पूर्व कैबिनेट मंत्री 30 प्र0 सरकार एवं विशिष्ट अतिथि प्रणव कुमार यादव विधायक बिहार विधानसभा, देवेंद्र कुमार यादव पूर्व विधायक व प्रभारी उत्तराखंड कांग्रेस होंगे।सभा में यादव समाज के विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को यदुवंश का सर्वोच्च सम्मान गोवर्धन मुख्य अतिथि जी व विशिष्ट अतिथि जनों के हाथों से सम्मानित किया जाएगा।यह जानकारी गुरूवार को पराड़कर स्मृति भवन में गोवर्धन पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव उर्फपप्पू, महामंत्री पारस नाथ यादव एवं कोषाध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने संयुक्तरूप से दी है।पत्रकार वार्ता में मनोज यादव(दवा व्यापारी)सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## वाहन की टक्कर में दंपति की मौत

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार वाहन ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। घटना में मोटरसाइकिल पर सवार दंपति की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना जिले के खतौली थाना क्षेत्र में भगेला ओवरब्रिज के पास हुई। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि घटना बुधवार को उस वक्त हुई जब दया प्रकाश (70) और उनकी पत्नी कुसुमलता (65) मेरठ से रुड़की जा रहे थे। उन्होंने कहा कि टक्कर मारने वाले वाहन का चालक दुर्घटना के बाद भाग निकला।

# टीला ढहने से मिट्टी में दब कर तीन छात्रों की हुई मौत

**एटा।** एटा जिले के नयागांव क्षेत्र में स्कूल से वापस आ रहे तीन छात्रों की टीला ढहने से मिट्टी में दबकर मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नयागांव थाना क्षेत्र के फकीर पूरा गांव में बुधवार को तीन लड़के स्कूल से लौट रहे थे। तीनों एक टीले के बगल से गुजर रहे थे तभी वह अचानक ढह गया और वे मिट्टी में दब गए। उन्होंने बताया कि तीनों छात्रों के देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर उनके परिजन ने तलाश शुरू की। इस दौरान तीनों बच्चे मृत अवस्था में मिट्टी में दबे पाए गए। सूत्रों ने बताया कि मृतकों में सचिन (12), गोविंद (13) और कौशल (13) शामिल हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

# मथुरा में दीपावली-अन्नकूट महोत्सव की तैयारियां

**मथुरा।** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर दीपावली-अन्नकूट महोत्सव की तैयारियां इन दिनों जोर-शोर से जारी हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर दीप महोत्सव बहुत ही धूमधाम से और भव्यता से मनाया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बृहस्पतिवार को बताया कि दीप महोत्सव की शुरुआत 23 अक्टूबर से हो जाएगी। उस दिन शाम को भगवान श्री केशवदेव के सम्मुख भव्य पुष्प-रंगोली के मध्य दीपदान का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर को श्री अन्नपूर्णेश्वर महादेव मंदिर में भव्य दीपदान सम्पन्न होगा। इस अवसर पर संपूर्ण मंदिर परिसर रंगबिरंगी रोशनी की सजावट से जगमगाएगा। इस दिन श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शर्मा ने बताया कि 25 अक्टूबर को पड़ने वाले सूर्यग्रहण के संबंध में श्रीकृष्ण जन्मस्थान के प्रधान पूजाचार्य विन्ध्एश्वरी प्रसाद अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि भोर चार बजकर 29 मिनट से ग्रहण के सूतक लग जाएंगे, इसलिए सूर्यग्रहण की समाप्ति तक सभी मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। हालांकि, श्रद्धालु जप-ध्यान के लिए मंदिर परिसर में प्रवेश कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि सूर्यग्रहण समाप्त होने के बाद शाम को मंदिरों के शुद्धिकरण और पोशाक बदलने के बाद ठाकुरजी को रात आठ बजे शयनभोग अर्पित करके मंदिर की भोगशाला में छप्पनभोग एवं अन्नकूट प्रसाद तैयार किया जाएगा। अगली सुबह दिव्य अन्नकूट प्रसाद का वितरण शुरू होगा। यह सिलसिला मंदिरों के कपाट बन्द होने तक जारी रहेगा।

# बांदा में अवैध प्लाटिंग के खेल पर नकेल, प्रशासन ने चलवा दिए बुलडोजर

**आलोक निगम।** बांदा

**नगर** में अवैध प्लाटिंग का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। डीएम के निर्देश पर सोमवार को बीडीए के अधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में अवैध रूप से बसी विराट नगर और गुलाब नगर कॉलोनी में बुलडोजर चलवाया प्लाटिंग करा रहे माफिया ने वीडिए से कोई नक्शा भी नहीं पास कराया ध्वस्तीकरण कार्रवाई से माफिया में सनसनी फैल गई। शहर में बबेरू रोड तिंदवारी रोड सहित अन्य मार्गों पर अवैध प्लाटिंग का काम चल रहा है आवासी जमीन में खेती योग्य जमीन दिखाकर सरकार को माफिया करोड़ों की चपत लगा रहे हैं। लगातार मिल रही शिकायतों पर जिला अधिकारी अनुराग पटेल ने गंभीरता दिखाई उनके निर्देश पर सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा और प्रभारी एक साइन आरपी यादव के नेतृत्व में चार बुलडोजर लेकर टीम पहुंची बबेरू रोड में शक्ति सिंह की 2 अवैध रूप से बसी कॉलोनी गुलाब नगर व विराटनगर में बुलडोजर गरजे जहां कई निर्माण धाराएं गए सड़कें खोद दी गई बिसंडा रोड गोरे में राम मनोहर वर्मा की अवैध कालोनी व तिंदवारी रोड बाईपास में दिन दुआ चुनना वक्त का पुरवा की अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चला इस बीच प्लाटिंग कराने वाले कारोबारियों में सनसनी फैल गई जनप्रतिनिधियों से जुगाड़ कर किसी तरह से कार्रवाई रुकवाने का प्रयास किया लेकिन एक भी नहीं चली एक साइन आरपी यादव ने



बताया कि विकास प्राधिकरण से बिना नक्शा लेआउट पास कराए ही कालोनियां बस रही हैं शक्ति सिंह द्वारा अवैध प्लाटिंग लगातार की जा रही हैं इन सभी लोगों को नोटिस दी जा चुकी है विकास प्राधिकरण की ओर से चार लोगों के खिलाफ उत्तर प्रदेश नगर नियोजन व विकास अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई इस दौरान अवर अभियंता रवींद्र प्रकाश गुप्ता एस बी त्रिपाठी सत्येंद्र सिंह सहित भारी पुलिस फोर्स बल मौजूद रहाद्य

जिला अधिकारी के निर्देश पर विकास प्राधिकरण के शहर में चारों तरफआबाद हुई अवैध कालोनियों के विरुद्ध ध्वस्ती करण की कार्रवाई शुरू कर दी है मंगलवार को तुलसी नगर आवासीय योजना के आसपास पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शकील खान सहित तीन अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया गया कताई मिल के आसपास भी विकास प्राधिकरण की कार्रवाई हुई इसमें अवैध प्लाटिंग से जुड़े माफिया में अफ्रा.तफ्री मच गई है नगर में इन दिनों तेजी से अवैध रूप से आवासी प्लाटिंग हो रही है बाईपास रोड बबेरू रोड नारायण रोड अतर्रा रोड चिल्ला रोड तिंदवारी रोड महोबा रोड में हर तरफ माफिया सक्रिय रजिस्ट्री कार्यालय में सांठगांठ कर माफीया आवासीय जमीन को खेती वाली दिखाकर लाखों रुपए के स्टांप चोरी करा सरकार को चूना लगा रहा है साथ ही बिना नक्शा व बिना लेआउट वितरित कराए कालोनिया बना रहे हैं शासन स्तर पर इसकी शिकायतें पहुंच रही हैं सोमवार को जहां बबेरू रोड में की प्लाटिंग डाई गई वहीं मंगलवार को भी विकास प्राधिकरण का बुलडोजर अवैध प्लाटिंग व कालोनियों पर गरजा सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा सचिव और विकास प्राधिकरण के प्रभारीआवर अभियन्तता आर पी यादव उपस्थित थे।

# श्रीलंका व नीदरलैंड सुपर 12 में

## टी-20 विश्वकप : श्रीलंकाई चीतों ने नीदरलैंड को 16 रन से हराया

भाषा। जीलॉन्ग



**कुसल मेंडिस** के 79 रन की मदद से एशियाई चैम्पियन श्रीलंका ने नीदरलैंड को 16 रन से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में प्रवेश कर लिया।

हार के बावजूद नीदरलैंड टीम भी सुपर 12 में पहुंच गई क्योंकि यूएई ने ग्रुप ए के आखिरी मैच में नामीबिया को हरा दिया। यह टी20 विश्व कप में यूएई की पहली जीत थी। पहले मैच में नामीबिया से हारी श्रीलंका टीम के लिए मेंडिस ने 44 गेंद में 79 रन की पारी खेली जिसकी मदद से उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 162 रन बनाए।


जवाब में ग्रुप ए में नामीबिया और यूएई को हराकर नीदरलैंड की टीम नौ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। वानिंदु हसरंगा ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि महीष तीक्षणा को दो विकेट मिले। नीदरलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डाउड ने 53 गेंद में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 71 रन बनाए। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से कोई सहयोग नहीं मिल सका। श्रीलंकाई टीम ग्रुप वन में इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया , न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के साथ खेलेगी जबकि नीदरलैंड ग्रुप दो में भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के साथ होगा।

### यूएई ने जीत दर्ज करके नामीबिया को बाहर का रास्ता दिखाया

**जीलॉन्ग (आस्ट्रेलिया)।** मोहम्मद वसीम के ऑलराउंड प्रदर्शन से यूएई ने गुरुवार को यहां ग्रुप ए के आखिरी मैच में नामीबिया को सात रन से हराकर टी-20 विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। यूएई की जीत से नीदरलैंड को फायदा हुआ और वह श्रीलंका के साथ ग्रुप-ए से सुपर 12 में जगह बनाने में सफल रहा। नामीबिया मैच से पहले सुपर 12 मे जगह बनाने का प्रबल दावेदार था लेकिन अब उसे बाहर का रास्ता देखना पड़ा। यूएई पहले ही सुपर 12 की दौड़ से बाहर हो चुका था। यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वसीम के 41 गेंदों पर बनाए गए 50 रन और कप्तान सीपी रिजवान की नाबाद 43 रन की पारी से तीन विकेट पर 148 रन बनाए। नामीबिया इसके जवाब में आठ विकेट पर 141 रन ही बना पाया। नामीबिया 10 ओवर के अंदर अपनी आधी टीम गंवा दी थी लेकिन डेविड वीज ने आखिर तक उसकी उम्मीद बनाए रखी। उन्होंने 36 गेंदों पर 55 रन बनाए जिसमें तीन चौके और इतने ही छक्के शामिल हैं। वसीम ने हालांकि आखिरी ओवर में वीज को आउट करके यूएई को यादगार जीत दिलाई। वीज ने रूबेन टर्मपेलमैन (25) के साथ आठवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी की।

# पाक जाने पर फैसला बीसीसीआई नहीं, सरकार करेगी : रोजर बिन्नी

भाषा। बेंगलुरू



**भारतीय क्रिकेट** बोर्ड (बीसीसीआई) के नए अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने गुरूवार को कहा कि टीम 2023 एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी या नहीं, इस पर बोर्ड फैसला नहीं कर सकता क्योंकि इस तरह के निर्णय करने के लिए वह सरकार पर निर्भर है। कनार्टक राज्य क्रिकेट संघ द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में बिन्नी ने कहा कि बीसीसीआई ने अगले साल पाकिस्तान की यात्रा करने के लिए अभी तक सरकार से संपर्क नहीं किया है लेकिन अंततः इस मामले पर फैसला केंद्र सरकार को ही करना है। बिन्नी ने कहा, यह बीसीसीआई का फैसला नहीं है। हमें देश से रवाना होने के लिए सरकार की मंजूरी चाहिए होती है। हम देश से रवाना हो रहे हों या फिर टीमें देश में आ रही हों, हमें मंजूरी की जरूरत होती है। एक बार सरकार से हरी झंडी मिल जाती है तो हम इसके अनुसार चलते हैं। हम खुद ही फैसला नहीं कर सकते। हमें सरकार पर निर्भर रहना होना होता है। हमने अभी तक सरकार से संपर्क नहीं किया है। एशिया कप अगले साल सितंबर में पाकिस्तान में खेला जाना है जो भारत में वनडे विश्व कप से पहले होगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने हाल में कहा था कि भारतीय टीम अगले साल एशिया कप के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी बल्कि तटस्थ स्थल पर टूर्नामेंट खेलना पसंद करेगी।

बिन्नी की यह टिप्पणी शाह के बयान के बाद आई है। गुरूवार को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय टीम को पाकिस्तान की यात्रा करने के लिए गृह मंत्रालय से मंजूरी की जरूरत होगी। इससे निराश पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को एशियाई क्रिकेट परिषद से आपात बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। पीसीबी ने कहा कि इस तरह के बयान एशियाई और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समुदायों को विभाजित कर सकते हैं और 2023 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की भारत यात्रा को भी प्रभावित कर सकते हैं। भारत ने 2008 एशिया कप के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। इसी साल नवंबर में मुंबई आतंकी हमले के बाद से 2009 के शुरूआत में होने वाली द्विपक्षीय श्रृंखला भी रद्द कर दी गई थी। पाकिस्तान ने 2012 में छह मैचों की सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए भारत की यात्रा की थी। लेकिन पिछले 10 वर्षों में दोनों देशों के बीच कोई द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं हुआ है। दोनों टीमें एक दूसरे से आईसीसी और एशियाई क्रिकेट परिषद के टूर्नामेंट में ही खेलती हैं।

### बुमराह के चोटिल होने को नजरअंदाज नहीं कर सकते

**बेंगलुरू।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने गुरुवार को फिर से दोहराया खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने की समस्या से निपटना बेहद जरूरी है और कहा कि विश्वकप से 10 दिन पहले आप जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने को नजरअंदाज नहीं कर सकते। भारतीय टीम के आस्ट्रेलिया रवाना होने से तीन दिन पहले बुमराह टी20 विश्व कप से बाहर हो गए थे। मोहम्मद शमी उसी समय कोविड-19 से संक्रमित थे और इसलिए बीसीसीआई को उन्हें बुमराह की जगह टीम में शामिल करने के लिए आखिरी क्षणो तक इंतजार करना पड़ा था। बिन्नी ने बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभालने के बाद भी इस विषय को उठाया था। बिन्नी ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के सम्मान समारोह ने कहा, हमें इस पर गौर करने की जरूरत है कि खिलाड़ी इतनी बुरी तरह चोटिल क्यो हो रहे है। केवल अभी नही बल्कि पिछले चार-पांच वर्षो से। ऐसा नही है कि हमारे पास अच्छे के ट्रेनर या कोच नही है। क्या खिलाड़ियों पर बहुत अधिक बोझ है या वह बहुत अधिक प्रारूपों में खेल रहे है। इसके लिए कुछ करना जरूरी है। यह मेरी प्राथमिकता है। बिन्नी ने कहा, आप विश्वकप से 10 दिन पहले बुमराह के चोटिल होने को नजरअंदाज नही कर सकते और फिर कौन उनकी जगह लेगा। इससे निपटना महत्वपूर्ण है।

### आस्ट्रेलिया की टीम में इंगलिस की जगह ग्रीन

**सिडनी।** आक्रामक हरफनमौला कैमरन ग्रीन को आस्ट्रेलिया की टी20 टीम में चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस की जगह शामिल किया गया है। इंगलिस (27 साल) को न्यू साउथ वेल्स क्लब में गोल्फ खेलते हुए एक दुर्घटना मे हाथ मे चोट लग गई थी। आईसीसी ने एक बयान मे कहा , आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप 2022 की इवेंट तकनीकी समिति ने आस्ट्रेलियाई टीम मे जोश इंगलिस की जगह कैमरन ग्रीन को शामिल करने को मंजूरी दे दी।

### जोहोर कप जीतने के लिए टीम में काफी प्रतिभा: उत्तम

**बेंगलुरू।** भारतीय पुरूष जूनियर हॉकी टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा कि पिछली बार करीब से खिताब गंवाने के बाद टीम सुल्तान जोहोर कप मे फिर खिताब हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। यह टूर्नामेंट कोविड-19 महामारी के कारण तीन साल बाद आयोजित किया जा रहा है।

### अमनदीप हीरो इंडियन ओपन में भारतीयों में शीर्ष पर

**गुरूग्राम।** भारतीय गोल्फर अमनदीप द्राल ने गुरूवार को यहां 400,000 हीरो महिला इंडियन ओपन के शुरूआती दिन बिना बोगी का पांच अंडर पार 67 का शानदार कार्ड खेला। इसकी बदौलत वह संयुक्त तीसरे स्थान और भारतीयो मे शीर्ष पर चल रही है। त्वेसा मलिक तीन अंडर 69 के कार्ड से भारतीयो मे दूसरे जबकि संयुक्त सातवे स्थान पर है। 114 मे से केवल 21 खिलाड़ी ही सब-पार का स्कोर बना सकी। 2016 की विजेता अदिति अशोक दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर संयुक्त 11वे जबकि गौरिका बिश्नोई एक अंडर 71 के कार्ड से संयुक्त 16वे स्थान पर है।


### हीली आस्ट्रेलिया की उप कप्तान, कर सकती हैं भारत दौरे पर टीम की अगुआई

**सिडनी।** एलिसा हीली को गुरूवार को आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम का उप कप्तान नियुक्त किया गया और इस स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज के दिसंबर में भारत दौरे पर टीम की अगुआई की संभावना है। राशेल हेन्स ने पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था जिससे हीली को यह जिम्मेदारी सौपी गई। विश्व कप विजेता कप्तान मेग लैनिंग अब भी अपने अनिश्चित ब्रेक पर है तो हीली को टीम के आगामी दौरे पर कप्तान की जिम्मेदारी सौपी जा सकती है। इन दौरे मे भारत मे पांच टी20 मैच भी शामिल है, इनके अलावा टीम को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खेलनी है और अगले साल दक्षिण अफ्रीका मे टी20 विश्व कप भी है।

### पंजाब किंग्स से सहायक कोच के तौर पर जुड़े ब्रैड हैडिन

**नई दिल्ली।** पूर्व आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन 2023 इंडियन प्रीमियर लीग से पहले पंजाब किंग्स से सहायक कोच के तौर पर जुड़ गए है। पंजाब की फ्रेंचाइजी ने महान भारतीय अनिल कुंबले की जगह विश्व कप विजेता कोच ट्रेवर बेलिस को नया मुख्य कोच नियुक्त करने के बाद 44 वर्षीय हैडिन को टीम से जोड़ा। हैडिन और बेलिस दोनों सनराइजर्स हैदराबाद में भी साथ ही थे। हैडिन आस्ट्रेलिया के लिए 66 टेस्ट, 126 वनडे और 34 टी20 मैच खेल चुके है।

# 'हार्दिक अगर पांचवें गेंदबाज तो पंत-कार्तिक खेल सकते हैं'



भाषा। मुंबई

**महान** सुनील गावस्कर का मानना है कि आगामी टी20 विश्व कप में अगर हार्दिक पंड्या को भारत पांचवां गेंदबाजी विकल्प बनाता है तो दिनेश कार्तिक और ऋषभ पंत दोनों को अंतिम एकादश में खिला सकता है। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम रविवार को अपने अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। टीम इंडिया के पास विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में पंत और कार्तिक विकल्प हैं। भारतीय टीम प्रबंधन पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम संयोजन पर विचार कर रहा होगा और ऐसे में 73 साल के पूर्व महान बल्लेबाज गावस्कर का मानना है कि दोनों को अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। गावस्कर के स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव से कहा, अगर वे छह गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला करते हैं और हार्दिक पंड्या छठा गेंदबाज होता है तो फिर पंत को शायद टीम में जगह नहीं मिले। लेकिन अगर वे हादिक पंड्या को पांचवें गेंदबाज के रूप में उतारने का फैसला करते हैं तो ऋषभ पंत के पास छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका होगा और कार्तिक सातवें नंबर पर आ सकता है जिसके बाद चार गेंदबाज उतरेंगे।

ऐसा हो सकता है, लेकिन इसके लिए हमें इंतजार करना होगा। वे निश्चित तौर पर टीम में बाएं हाथ के बल्लेबाज को शामिल करना चाहेंगे जो इतनी अच्छी फॉर्म में है। कभी-कभी आप अपने आप से पूछ सकते हैं कि ऋषभ पंत को कितने ओवर खेलने को मिलेंगे? क्या उन्हें तीन या चार ओवर खेलने को मिलेंगे? तीन या चार ओवर, क्या कार्तिक या ऋषभ बल्लेबाज हैं? ए सभी हालात हैं जिन पर उन्हें गौर करना है और फैसला करना है। गावस्कर ने पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के संदर्भ में कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में देखकर लगा कि उन्होंने पूर्ण फिटनेस हासिल कर ली है।

## कोहली आपको सिखा सकते हैं कि दबाव की स्थितियों से कैसे निपटना है: पंत




**मेलबर्न।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का कहना है कि विराट कोहली का अपार अनुभव दबाव की स्थिति से निपटने में मदद करता है। पंत ने साथ ही उम्मीद जताई कि वे पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के टीम के पहले मैच में पूर्व कप्तान कोहली के साथ अपनी बल्लेबाजी साझेदारी फिर बना पाएंगे। टी20 विश्व कप की वेबसाइट ने पंत के हवाले से कहा, वह (कोहली) वास्तव में आपको सिखा सकते हैं कि परिस्थितियों से कैसे निपटना है जिससे भविष्य में आपको अपने क्रिकेट सफर में मदद मिल सकती है। इसलिए उनके साथ बल्लेबाजी करना हमेशा की तरह अच्छा है। बहुत अनुभव रखने वाले व्यक्ति का आपके साथ बल्लेबाजी करना अच्छा है क्योंकि वह आपको खेल को आगे बढ़ाने और प्रत्येक गेंद में एक रन के साथ दबाव को बनाए रखने के तरीके के बारे में बता सकता है। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम के नाबाद अर्धशतकों से पाकिस्तान ने पिछले साल टी20 विश्व कप में भारत को 10 विकेट से हरा दिया था। भारत ने सात विकेट पर 151 रन बनाए थे लेकिन पाकिस्तान ने बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया था। पच्चीस साल के पंत ने 39 रन की पारी खेलने के अलावा तत्कालीन कप्तान कोहली के साथ 53 रन जोड़े थे। पंत ने कहा, मुझे याद है कि मैंने हसन अली के एक ही ओवर में दो छक्के मारे थे। हम सिर्फ रन गति बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि हमने शुरुआती विकेट खो दिए थे और हमने साझेदारी की थी- मैंने और विराट ने।

### चोट से उबरने के दौरान अच्छी और बुरी चीजों को सकारात्मकता से लेने से हार्दिक को मदद मिली

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा है कि जीवन मे सभी चीजो के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाने और चोटो से उबरने के दौरान परिवार के सदस्यो से समर्थन से उन्हे टी20 विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल करने मे मदद मिली। ऑस्ट्रेलिया मे टी20 विश्व कप मे अगर भारत को अच्छा प्रदर्शन करना है तो इसमे संभवतः हार्दिक की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। भारत अपने अभियान की शुरूआत रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होने से पहले 29 साल के हार्दिक ने अपने परिवार द्वारा निभाई गई महत्पूर्ण भूमिका पर बात की। हार्दिक ने पिछले 18 महीने मे अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है। इससे पहले वह चोटिल होने के कारण लंबे समय तक गेंदबाजी नही कर पाए थे। वह अब भारत के लिए नियमित रूप से गेंदबाजी कर रहे है जिससे टीम का संतुलन बेहतर हुआ है।

### रफ्तार के सौदागरों पर रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया की धीमी पिचो पर टी20 विश्व कप के मुख्य दौर मे तेज गेंदबाजो की तूती बोलेगी और वे अपने टीम के लिए एक्स फैक्टर साबित हो सकते है। हम ऐसे पांच तेज गेंदबाजो पर नजर डालते है जो अपने दम पर मैच जिता सकते है। भारत को जसप्रीत बुमराह के बाहर होने के कारण इसकी कमी खलेगी। अभ्यास मैचो मे मोहम्मद शमी के शानदार प्रदर्शन के बावजूद गेंदबाजी ईकाई मे वह आत्मविश्वास नजर नही आ रहा।



**शाहीन शाह अफरीदी (पाकिस्तान) :** विश्व क्रिकेट मे रफ्तार के बाजीगर शाहीन शाह अफरीदी घुटने की चोट से उबरकर टीम मे लौटे है। उन्होने जिस अंदाज मे अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को पगबाधा आउट किया, उससे दूसरी टीमो के लिए खतरे की घंटी बज गई है। भारत के खिलाफ पिछले टी20 मुकाबले मे शाहीन ने पहले ही स्पैल मे मैच का फैसला कर दिया था। उनके पास रफ्तार के साथ स्विंग भी है। भारत के पास शीर्षक्रम मे तीन विश्व स्तरीय दाहिने हाथ के बल्लेबाज है लेकिन पलड़ा शाहीन का भारी दिख रहा है।

**जोश हेजलवुड (आस्ट्रेलिया) :** पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क जैसे सितारो के बीच जोश हेजलवुड आस्ट्रेलियाई टीम के छिपे रूस्तम है। उनकी गेंदबाजी मे गजब का अनुशासन है। रफ्तार के मामले मे भले ही वह उन्नीस हो लेकिन बल्लेबाजो को परेशान करने का हुनर उन्हें बखूबी आता है। अब तक इस प्रारूप मे 37 मैचो मे वह 7 . 62 की इकॉनामी रेट से 53 विकेट ले चुके है।

**लॉकी फर्ग्युसन (न्यूजीलैंड):** लॉकी टी20 प्रारूप के सबसे शानदार गेंदबाजो मे से है। उनके पास आक्रामकता, रफ्तार और विविधता सब कुछ है। उनके पास अतिरिक्त रफ्तार भी है जिसका सामना करना बल्लेबाजो के लिए काफी मुश्किल होता है। शॉर्ट गेंदो मे उनके पास इतनी विविधता है कि धुरंधर भी चकमा खा जाए। अब तक 21 टी20 मैचो मे उन्होंने सिर्फ 6 . 84 की इकॉनामी रेट से रन दिए है। वह भारत की सपाट पिचो पर आईपीएल चैम्पियन गुजरात टाइटंस के लिए शानदार गेंदबाजी करने मे कामयाब रहे है।

**मार्क वुड (इंग्लैंड) :** मार्क वुड ने पिछले महीने कराची मे नेशनल स्टेडियम की सपाट पिच पर 156 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद डाली थी। उनकी रफ्तार बड़े बड़े सूरमा बल्लेबाजो को भयाक्रांत करने के लिए काफी है।उन्होंने हर 14 गेंद पर विकेट लिया है जो उनकी सबसे बड़ी खासियत है।

**राशिद खान (अफगानिस्तान) :** क्रिकेट को अलविदा कहने से पहले राशिद खान शायद टी20 गेंदबाजी के तमाम रिकॉर्ड तोड़ डालेगे। अफगानिस्तान के लिए सबसे उपयोगी खिलाड़ी राशिद इस प्रारूप मे दुनिया भर मे 20 से अधिक टीमो के लिए फिरकी का जलवा दिखा चुके है।उन्होने 71 मैचो मे 6 . 5 की इकॉनामी रेट से 118 विकेट लिए है।

## श्रीकांत डेनमार्क ओपन से बाहर

भाषा। ओडेन्से

**पूर्व चैम्पियन** किदाम्बी श्रीकांत गुरूवार को यहां प्री क्वार्टरफाइनल में सिंगापुर के लोह कीन यिऊ से सीधे गेम में हारकर डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। श्रीकांत को सातवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी से 35 मिनट तक चले मैच में 13-21 15-21 से हार मिली। विश्व चैम्पियनशिप 2021 में रजत पदक जीतने वाले श्रीकांत ने 2017 में यहां खिताब जीता था। गुरूवार को मैच से पहले उनका यिऊके खिलाफ जीत का रिकार्ड ।- । से बराबरी पर था। पुरूष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इस भारतीय युगल जोड़ी ने राउंड 16 के 36 मिनट तक चले मुकाबले में इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी और मौलाना बगास को 21-14 21-16 से पराजित किया जिससे अब क्वार्टरफाइनल में उनका सामना मलेशिया की आरोन चिया और सोह वूई यिक की चौथी वरीय जोड़ी से होगा। महिला युगल में तृषा और गायत्री की जोड़ी तथा ईशान और तनीषा की मिश्रित युगल जोड़ी अपने अपने प्री क्वार्टरफाइनल हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। तृषा और गायत्री को थाईलैंड की जोंगकोलफान की छठी वरीय जोड़ी ने 23-21 21-13 से मात दी। ईशान और तनीषा को जापान केवाटानाबे और हिगाशिनो की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से पराजय झेलनी पड़ी।

## दिसंबर में तीन वनडे और दो टेस्ट खेलने बांग्लादेश जाएगा भारत

भाषा। ढाका

**भारत** 2015 के बाद पहली बार चार दिसंबर से तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और दो टेस्ट मैच के लिए बांग्लादेश का दौरा किया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने यह जानकारी दी। ढाका का मीरपुर स्टेडियम चार, सात और 10 दिसंबर को तीन एकदिवसीय मुकाबलों की मेजबानी करेगा। इसके बाद पहला टेसट 14 से 18 दिसंबर तक चटगांव में खेला जाएगा। बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन ने बयान में बताया कि दूसरा और अंतिम टेस्ट ढाका में 22 से 26 दिसंबर तक खेला जाएगा। हसन ने कहा, भारत और बांग्लादेश के बीच हाल के समय में कुछ यागदार मुकाबले खेले गए हैं और दोनों देशों के प्रशंसकों को एक ओर यादगार श्रृंखला का बेसब्री से इंतजार है। उन्होंने कहा, मैं कार्यक्रम की पुष्टि के लिए बीसीबी के साथ मिलकर काम करने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड को धन्यवाद देना चाहता हूं। हम बांग्लादेश में भारतीय टीम का स्वागत करने को लेकर उत्सुक हूं। दो मैच की टेस्ट श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक दांव पर लगे हैं। पिछली बार का उप विजेता भारत अभी तालिका में चौथे स्थान पर चल रहा है।

# मध्यप्रदेश में अगले साल होंगे पांचवें खेलो इंडिया युवा खेल : अनुराग ठाकुर

भाषा। नई दिल्ली




**पांचवें** खेलो इंडिया युवा खेल मध्यप्रदेश के आठ शहरों में 31 जनवरी से 11 फरवरी 2023 के बीच आयोजित किए जाएंगे जिसकी घोषणा खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को यहां की। इस मौके पर ठाकुर ने खेलों की मशाल मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सौंपी। चौहान ने सभी खिलाड़ियों और कोचों को मध्यप्रदेश आने का निमंत्रण देते हुए कहा , अतिथि देवो भव की तर्ज पर खेलों इंडिया का आयोजन मध्यप्रदेश में इस तरह किया जाएगा कि दुनिया याद करेगी। मध्यप्रदेश में खेलों की दिशा में नई क्रांति लेकर आएंगे ए खेल। उन्होंने बताया कि भोपाल में इन खेलों का उद्घाटन होगा और विभिन्न स्पर्धाएं इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, खरगोन, महेश्वर समेत आठ शहरों में आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि खेलों के साथ प्रतिभागियों को मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों, संस्कृति और लोक कलाओं को भी देखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा , मध्यप्रदेश में खेलों के साथ जंगल की सैर , पर्यटन स्थलों और लोक कलाओं का आनंद भी सभी खिलाड़ी ले सकेंगे। खेलों के लिए हमने विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार किया है और हमें दस हजार से अधिक प्रतिभागियों के आने की उम्मीद है। खेलमंत्री ठाकुर ने इन खेलों को भारत में खेल संस्कृति के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आयोजन की शुरूआत करके खेलों के प्रति लोगों का उदासीन रवैया दूर करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पहले खेलों से अब तक प्रतिभागियों की संख्या और उत्साह में लगातार इजाफा हुआ है। अंडर 17 स्कूली छात्रों और अंडर 21 कॉलेज के छात्रों के लिए होने वाले इन खेलों के पिछले चार सत्र दिल्ली, पुणे, गुवाहाटी और पंचकूला में आयोजित किए गए हैं। इस मौके पर मध्यप्रदेश से आए खिलाड यों ने प्रदेश के राज्य खेल मलखम्ब और ओलंपिक में हाल ही में शामिल किए गए ब्रेक डांस की भी प्रस्तुति दी। ठाकुर ने योग और मलखम्ब जैसे भारत के पारंपरिक खेलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का आहवान करते हुए कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ को इस दिशा में अहम भूमिका निभानी होगी।

## गोवा पर जीत से नॉकआउट में जगह बनाने के करीब दिल्ली

भाषा। जयपुर

**कप्तान** नीतिश राणा और यश धुल ने शानदार लय जारी रखी जिससे दिल्ली गुरूवार को यहां सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्राफी में गोवा पर छह विकेट की जीत से नॉकआउट चरण में पहुंचने से एक कदम दूर है। भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो विकेट झटके जिससे दिल्ली ने गोवा की टीम को 20 ओवर में छह विकेट पर 131 रन पर समेट दिया। टूर्नामेंट में सीनियर स्तर पर टी20 में पदार्पण करने वाले धुल ने 41 गेंद में 46 रन बनाए जबकि राणा 38 गेंद में 49 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे दिल्ली ने आसानी से जीत दर्ज की। यह छह मैचों में दिल्ली की पांचवीं जीत है और अब उसे ग्रुप बी में अपना अंतिम मैच शनिवार को त्रिपुरा के खिलाफ खेलना है। पिछले सत्र में सभी प्रारूपों में टीम नॉकआउट चरण में जगह नहीं बना सकी थी जिससे नए कप्तान राणा और नए मुख्य कोच अभय शर्मा के मार्गदर्शन में यह दिल्ली के लिए अच्छी शुरूआत रही है। अगर टीम ग्रुप में शीर्ष पर रहती है तो वह सीधे क्वार्टरफाइनल में पहुंच जाएगी। लेकिन दूसरे स्थान पर रहने से उसे प्री क्वार्टरफाइनल मैच भी खेलना होगा। अन्य मैचों में पंजाब ने पुडुचेरी को आठ विकेट से हरा दिया।

### केडी सिंह बाबू स्टेडियम सीनियर वर्ग में विजेता



**लखनऊ।** केडी सिंह बाबू स्टेडियम के खिलाड़ियों ने समन्वय लखनऊ जिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के साथ कुल अंक हासिल करते हुए सीनियर वर्ग की विजेता ट्राफी अपने नाम कर ली। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाक्सिंग एरिना में क्षेत्रीय खेल कार्यालय व लखनऊ जिला मुक्केबाजी संघ के समन्वय से आयोजित प्रतियोगिता के मिनी और जूनियर वर्ग में सीएमएस गोमतीनगर एक्सटेंशन की टीम और सब जूनियर वर्ग में सीएमएस स्टेशन रोड की टीम विजेता बनी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डा.आनन्देश्वर पाण्डेय महासचिव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ व विशिष्ट अतिथि अभिजीत सरकार वरिष्ठ उपाध्यक्षउत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज सब जूनियर वर्ग में अहमद वलीउल्लाह सेंट थामस, जूनियर में पीयूष जायसवाल चैंपियन बाक्सिंग अकादमी और सीनियर वर्ग में पूजा कुमारी केडी सिंह बाबू स्टेडियम को भी सम्मानित किया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता लखनऊ जिला मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री ने की। लखनऊ जिला मुक्केबाजी संघ के सचिव सहदेव सिंह ने ज्ञापित किया।

### विकास व नितेश ने जीता कांस्य, भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**पोंटेवेदरा (स्पेन)।** विकास (72 किग्रा) और नितेश (97 किग्रा) ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैपियनशिप मे कांस्य पदक जीते जिससे भारत इस प्रतियोगिता की ग्रीको रोमन शैली मे तीन पदकों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने मे सफल रहा। विकास और नितेश ने बुधवार की रात को भारत के पदको की संख्या तीन पर पहुंचाई। इससे एक दिन पहले साजन भानवाला ने 77 किग्रा मे कांस्य पदक जीता था जो कि इस चैपियनशिप मे ग्रीको रोमन मे भारत का पहला पदक भी था। विकास ने कांस्य पदक के मुकाबले मे जापान के दाइगो कोबायाशी को 6-0 से हराया, जबकि नितेश ने ब्राजील के इगोर फर्नांडो अल्वेस डी क्विरोज को तकनीकी श्रेष्ठता से पराजित किया।

### अनीष और सिमरनप्रीत ने रजत पदक जीता

**काहिरा।** अनीष और सिमरनप्रीत कौर बरार को गुरूवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा मे यूक्रेन के युलिया कोरोस्टाइलोवा और मैक्सिम होरोडाइनेट्स की अनुभवी जोड़ी से 14-16 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस पदक से तालिका मे भारत के कुल पदको की संख्या 26 हो गई जिसमे 10 स्वर्ण, छह रजत और 10 कांस्य पदक शामिल है। भारत अब भी तालिका मे चीन से पीछे दूसरे स्थान पर है। अनीष और सिमरनप्रीत ने क्वालीफिकेशन मे 30-30 के शॉट मे मिलकर 575 का स्कोर बनाया। दूसरे चरण (14 टीमो से आठ टीम तक) मे फिर दोनो 400 मे से 383 अंक से शीर्ष पर रहे। यूक्रेन की जोड़ी 380 अंक से दूसरे स्थान से फाइनल में पहुंची।